सेंसेक्स 74,742.50 ▲ +494.28
डॉलर 83.281 ▼ -0.016

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 33.0 | 18.0 | 21.0 |
| धनबाद | 35.0 | 21.0 | 26.0 |
| जमशेदपुर | 37.0 | 22.0 | 27.0 |
| पलामू | 35.0 | 18.0 | 24.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, चैत्र शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 09 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-68, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय शेयर मार्केट चार दिन की चांदनी के भाव से ... 08
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
कांग्रेस सत्ता में आते ही 30 लाख रिक्त ...12 देश-विदेश

## वासंतिक नवरात्र
### प्रथम : शैलपुत्री



यह देवी दुर्गा के नौ रूपों में से प्रथम रूप है। मां शैलपुत्री चंद्रमा को दर्शाती हैं और इनकी पूजा से चंद्रमा से संबंधित दोष खत्म हो जाते हैं।

वन्दे वांछित लाभाय
चन्द्रार्द्धकृत शेखराम।
वृषारूढ़ा शूलधरां शैलपुत्री
यशस्विनीम॥

नवरात्र पूजन के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन होता है। पर्वतराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया है। मां शैलपुत्री दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प लिये अपने वाहन वृषभ पर विराजमान होती हैं। नवरात्र के इस प्रथम दिन की उपासना में साधक अपने मन को 'मूलाधार' चक्र में स्थित करते हैं। शैलपुत्री का पूजन करने से 'मूलाधार चक्र' जागृत होता है और यहीं से योग साधना आरंभ होती है, जिससे अनेक प्रकार की शक्तियां प्राप्त होती हैं।

## कल्पना सोरेन ने ममता को महारैली के लिए फोन पर किया आमंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को फोन किया है। उन्हें झारखंड में भाजपा विरोधी जनसभा में आमंत्रित किया गया है। दिल्ली के बाद झारखंड में भाजपा विरोधी रैली में तृणमूल कांग्रेस नेता और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आमंत्रित किया गया है। कल्पना ने 21 अप्रैल को झारखंड में "उलुगुलान (क्रांति) महारैली" नामक रैली के लिए ममता को आमंत्रित किया है। तृणमूल सूत्रों के मुताबिक, ममता खुद रैली में नहीं



जा रही हैं, क्योंकि वह फिलहाल बंगाल में चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। रैली में तृणमूल प्रतिनिधियों को भेजा जाएगा। राजनीतिक खेमे के एक वर्ग के अनुसार, लोकसभा चुनाव में वामपंथी और कांग्रेस बंगाल में तृणमूल के खिलाफ लड़ रहे हैं। ऐसे में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होगी, यह मोदी की गारंटी : पीएम

**एजेंसी। रायपुर/बस्तर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को छत्तीसगढ़ में चुनावी शंखनाद करते हुए कहा कि भ्रष्टाचारियों पर हर हाल में कड़ी कार्रवाई होगी, यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने मोदी की गारंटी पर मुहर लगाई जिसकी बदौलत आज पूरा देश मोदी की गारंटी पर विश्वास कर रहा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर जगदलपुर पहुंचे। यहां से वे हेलिकॉप्टर के जरिए आमाबाल गांव पहुंच कर भाजपा की विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित किया। रैली में पांच विधानसभा क्षेत्र के हजारों



ग्रामीण पीएम मोदी को सुनने के लिए पहुंचे। मोदी ने मंच से बलिराम कश्यप को याद करते हुए कहा कि यहां का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं, जहां मैं और बलिराम जी ने दौरा नहीं किया। जो पुरुषार्थ हमने किया, उसका ही आज परिणाम है। आदिवासी कल्याण के लिए बलिराम जी के साथ हमेशा बहुत कुछ करने के लिए प्रयास करते रहते थे, कोई कमी नहीं रहने देते थे।

मोदी ने विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक गरीब की चिंता दूर नहीं होगी, मोदी चैन से नहीं बैठेगा। कच्ची छत के नीचे का दुख और राशन नहीं होने की चिंता मुझे पता है। देश में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। मोदी ने कहा बस्तर से आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना की शुरूआत हुई। जिससे देशभर के गरीबों को फायदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की पहली प्राथमिकता गरीब लोगों की चिंता है। 11 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र खोले। उन पर 80 प्रतिशत छूट के साथ दवाएं मिलती हैं। इससे गरीबों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### निकाय चुनाव मामले में हाईकोर्ट दो सप्ताह बाद करेगा सुनवाई

# एकल पीठ के आदेश पर रोक लगाने से इनकार

### सरकार ने एलपीए दायर कर जल्द सुनवाई का किया था आग्रह

### पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य ने दायर की है याचिका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में तीन सप्ताह में राज्य में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने के चार जनवरी 2024 के एकल पीठ के आदेश को रद्द करने को लेकर राज्य सरकार ने एलपीए दायर करते हुए जल्द सुनवाई का आग्रह सोमवार को किया। न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एकल पीठ द्वारा पारित आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। साथ ही, मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है।

### एकल पीठ ने 3 हफ्ते में चुनाव तारीख की घोषणा करने का दिया था आदेश



***झारखंड*** हाईकोर्ट की एकल पीठ ने राज्य में नगर निकायों के चुनाव की तारीखों का ऐलान तीन हफ्ते के भीतर करने का आदेश दिया था। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चुनावों को लटकाए रखने पर राज्य सरकार पर कड़ी टिप्पणी की थी। रोशनी खलखो की याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया था। इसमें विकास किशन राव गवली बनाम महाराष्ट्र सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया था कि ट्रिपल टेस्ट कराकर ही निकाय या पंचायत चुनाव कराए जाएंगे। इस पर याचिकाकर्ता रोशनी खलखो के अधिवक्ता विनोद सिंह ने अपनी दलील में कहा था कि राज्य सरकार आधा-अधूरा जवाब देकर कोर्ट को दिग्भ्रमित कर रही है। किसी भी परिस्थिति में चुनाव नहीं कराना संविधान की मूल अवधारणा का हनन है। ओबीसी आरक्षण तय कर चुनाव कराना एक प्रक्रिया है, लेकिन इसे आधार बनाकर चुनाव नहीं कराना गलत है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने तीन हफ्ते के अंदर चुनाव का नोटिफिकेशन जारी करने का आदेश जारी करते हुए याचिका निष्पादित कर दी थी।

मामले में पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की ओर से हाईकोर्ट में कैविएट दायर कर राज्य सरकार की अपील पर जल्द सुनवाई करने का आग्रह किया गया है। वहीं, सरकार की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आईए) दायर कर एकल पीठ के आदेश पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया गया था, जिसे कोर्ट ने नहीं माना।

अपील (एलपीए) में राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि पिछड़ा आयोग को ही डेडिकेटेड कमीशन के रूप में नियुक्त कर दिया गया है। यह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सनसनी : सैलून में बाल कटवा रहे कारोबारी की गोली मारकर हत्या



### एक बाइक पर सवार होकर आए तीन अज्ञात अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा में एक बाइक पर सवार होकर आए तीन अज्ञात अपराधियों ने सैलून में बाल कटवा रहे नरेश साहू उर्फ शिबू साहू को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों अपराधी बाइक पर सवार होकर भाग निकले। तीनो का चेहरा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरेंगहातु तोरार में हुई है। मृतक सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के सोबरनटोली में रहते थे। घटना के वक्त नरेश साहू दीपक ठाकुर के सैलून मे बाल-दाढ़ी बना रहे थे। उसी वक्त अपराधियों ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### एसआईटी गठित, शीघ्र होंगे अपराधी गिरफ्त में : एसपी

पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने हत्याकांड की पुष्टि करते हुए बताया कि, हत्याकांड की गुत्थियों को सुलझाने के लिए प्रशिक्षु आईपीएस वेदांत शंकर की अगुवाई में एसआईटी गठित की गई है। एसपी ने कहा, घटना की प्रारंभिक जांच में अभी सुराग नहीं मिले हैं। घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर तकनीक और आधुनिक जांच शुरू कर दिया गया है। शीघ्र इस हत्याकांड का पुलिस उद्भेदन कर अपराधियों को गिरफ्त में लेगी।

### घटना से व्यापारी स्तब्ध और भयभीत : चैंबर

चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रितेश साहू ने कहा कि युवा और प्रख्यात मृदुभाषी नरेश उर्फ शिबू साहू की दिन दहाड़े नृशंस हत्या से स्थानीय व्यापारी वर्ग भयभीत और स्तब्ध हैं। पेशेवर अपराधियों ने स्थानीय लॉ इन ऑर्डर को खुली चुनौती दिया है। स्थानीय प्रशासन इस मामले का शीघ्र उद्भेदन कर व्यापारियों को सुरक्षा का एहसास कराये।



## राहुल के हेलीकॉप्टर का ईंधन खत्म, रात शहडोल में ही गुजारेंगे

**मध्य प्रदेश।** मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार का शंखनाद करने आए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर शहडोल में उड़ान नहीं भर सका। फ्यूल कम होने की वजह से हेलीकॉप्टर को रोकना पड़ा। जबलपुर से अतिरिक्त फ्यूल मंगाया गया है। मौसम खराब होने की वजह से फ्यूल आने में देरी होगी। इस वजह से राहुल सोमवार की रात शहडोल में ही बिताएंगे। राहुल गांधी ने सोमवार को पहले चरण के मतदान में शामिल मंडला और शहडोल लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। मंडला लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिवनी में जनसभा के बाद राहुल शहडोल के बाणगंगा मेला मैदान पर पहुंचे। यहां जनसभा को संबोधित किया। हालांकि, फ्यूल कम होने की वजह से उनका हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। फिलहाल उन्हें शहडोल के सूर्या इंटरनेशनल होटल में ठहराया गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 66,950

चांदी (1 किलो) 87,000

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है।

यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## आज के मैच

समय : 09 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : मोहाली

## अंबा प्रसाद व उनके भाई से ईडी कार्यालय में हुई पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बड़कागांव के कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद और उनके भाई अंकित राज से सोमवार को ईडी के रांची क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे, जहां दोनों से ईडी के अधिकारी पूछताछ देर रात तक कर रहे हैं। इस दौरान संवाददातओं से बातचीत करते हुए अंबा ने कहा कि ईडी को पूछताछ में सहयोग करेंगी। उन्हें बिल्कुल डर नहीं है, जांच निष्पक्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बीच समन का दौरा चल रहा है ऐसे में लोकसभा चुनावी मैदान में उतरना संभव नहीं था। अंबा प्रसाद ने बताया कि ईडी से उन्होंने 15 दिनों



का समय मांगा था, लेकिन समय नहीं मिलने के कारण आज पेश होना पड़ रहा है।

इससे पहले तीन अप्रैल को ईडी ने अंबा के पिता और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कांग्रेस के घोषणा पत्र पर बाबूलाल मरांडी का हमला

## 60 साल तक देश के साथ कभी न्याय नहीं किया, अब जनता से मांगें माफी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पांच न्याय 25 गारंटी अभियान पर जमकर हमला बोला है। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 60 साल तक शासन किया है, लेकिन देश के लोगों के साथ के साथ कभी न्याय नहीं किया है। उसने झारखंडवासियों के साथ पूरे देश के साथ अन्याय किया है। कांग्रेस को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता में कहा




कि कांग्रेस के समय गांव तक सुविधाएं नहीं पहुंची थीं। गांव में सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं थी और चिकित्सा व्यवस्था का हाल बुरा था। कांग्रेस ने कभी गांव की चिंता नहीं की। कांग्रेस नेता गांव की बात रोज करते थे, पर उन्होंने गांव के लिए कोई काम नहीं किया। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस को पहले क्षमा मांगना चाहिए, फिर न्याय पत्र निकालना चाहिए।

मरांडी ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## 204 किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

### बरामद अफीम की अनुमानित मूल्य 10 करोड़

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय के दिशा निर्देश पर मादक पदार्थ और हथियार के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी दौरान एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 204 किलो अवैध अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। एसपी श्री पांडेय ने



उपरोक्त जानकारी समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर देते हुए बताया कि अफीम तस्करी की गुप्त सूचना मिलने के बाद डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में गठित पुलिस की टीम ने जिले के इटखोरी थाना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




## आजकल




## इंडिया
# विश्व की कैंसर राजधानी बनता भारत


सुनील बादल

***भारत*** की प्राचीन आयुर्वेद और सिद्ध पांडुलिपियों में कैंसर जैसी बीमारियों और उपचारों का उल्लेख किया गया है। भारत के मध्यकालीन साहित्य में कैंसर का उल्लेख बहुत कम किया गया है। भारत में कैंसर के मामलों की पुष्टि 17वीं सदी में हुई। 1860 और 1910 के बीच, पूरे भारत में भारतीय चिकित्सा सेवा के डॉक्टरों द्वारा कई ऑडिट और कैंसर पर शोध प्रकाशित किए गए। नाथ और ग्रेवाल के ऐतिहासिक अध्ययन में यह पुष्टि करने के लिए भारत भर के विभिन्न मेडिकल कॉलेज अस्पतालों से 1917 और 1932 के बीच शव परीक्षण, पैथोलॉजी और नैदानिक डेटा का उपयोग किया गया था कि कैंसर मध्यम आयु वर्ग और बुजुर्ग भारतीयों में मृत्यु का एक आम कारण था। कैंसर कभी बहुत ही डराने वाली बीमारी थी और लोग आज भी इससे भयभीत हो जाते हैं जबकि स्थितियां बहुत बदल गईं हैं और इससे ठीक होने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। भारत में कैंसर के प्रति जागरूकता की आज भी बहुत कमी है जबकि वैश्विक स्तर पर हर साल लाखों लोगों में कैंसर के नए मामलों का निदान और मौतें दोनों हो रही हैं। कई अध्ययनों के अनुसार 2050 तक आंकड़ों के और तेजी से बढ़ने की आशंका जताई गई है। वर्ष 2022 में दुनियाभर में अनुमानित दो करोड़ कैंसर के नए मामलों का निदान किया गया और 97 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गई। शोधकताओं का अनुमान है कि साल 2050 तक कैंसर के रोगियों संख्या 3.5 करोड़ प्रतिवर्ष तक पहुंच सकती है। पिछले एक दशक में भारत में भी इस गंभीर और जानलेवा रोग के मामले साल दर साल तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। जांच की नई तकनीक और चिकित्सा में नवाचार के चलते भले ही अब कैंसर लाइलाज रोग नहीं रह गया है, पर आज भी कैंसर का इलाज आम लोगों की पहुंच से बाहर है।भारत में कैंसर के मामले वैश्विक दर से अधिक तेजी से बढ़ रहे हैं जिसे शोधकर्ता बताते हैं कि देश में जिस गति से कैंसर के मामले बढ़ते जा रहे हैं अब ये दुनिया की नई 'कैंसर राजधानी' बन गया है जो निश्चित रूप से चिंताजनक है। द लैंसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, भारत में साल 2020 में लगभग 12 लाख नए कैंसर के मामले और 9.3 लाख मौतें दर्ज की गई, उस वर्ष एशिया में कैंसर की बीमारी के बोझ वाला ये दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया था। अध्ययनकर्ताओं का कहना है कि इस दशक के अंत तक देश में कैंसर के मामलों में 12 प्रतिशत तक की वृद्धि की आशंका है, जिससे कैंसर का बोझ और अधिक बढ़ सकता है। शोधकर्ताओं ने बताया भारत, चीन और जापान के साथ, कैंसर के नए मामलों और मौतों की संख्या के मामले में एशिया के तीन अग्रणी देशों में से एक है।भारत में महिलाओं में स्तन और सर्वाइकल कैंसर के मामले सबसे आम हैं, जबकि पुरुषों में फेफड़े, मुंह और प्रोस्टेट कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता रहा है। हालांकि विज्ञप्ति के अनुसार, अन्य देशों की तुलना में भारत में कैंसर निदान के लिए औसत आयु कम होने के बावजूद, कैंसर के जांच दर काफी कम है। ज्यादातर रोगियों में कैंसर का पता ही आखिरी के चरणों में चल पाता है जब रोग का उपचार काफी कठिन हो जाता है। शोधकर्ताओं ने बताया, कैंसर के अलावा भारत में कई और भी प्रकार की असंचरणीय बीमारियों का खतरा देखा जा रहा है। रिपोर्ट में प्री-डायबिटीज, प्री-हाइपरटेंशन और कम उम्र में होने वाले मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसी समस्याओं में संभावित वृद्धि को लेकर भी लोगों को अलर्ट किया गया है। नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर जोर देते हुए शोधकर्ताओं ने कहा, अगर रक्तचाप (बीपी) और बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) के स्तर को कम करने के लिए प्रयास शुरू कर दिए जाएं तो इससे कई अन्य प्रकार की क्रोनिक स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को भी कम किया जा सकता है। इससे कैंसर के मामलों में भी कमी लाने में मदद मिल सकती है। कैंसर के बढ़ते खतरे को लेकर शोधकर्ता कहते हैं, हमने ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज, इंजरीजज एंड रिस्क फैक्टर्स 2019 स्टडी (जीबीडी 2019) के अनुमानों का उपयोग करके 1990 से 2019 के बीच 49 एशियाई देशों में 29 कैंसर के पैटर्न की जांच की गई। इसमें पाया गया कि एशिया में, प्रमुख रूप से श्वासनली, ब्रोन्कस और फेफड़े (टीबीएल) के कैंसर सबसे ज्यादा देखे जा रहे हैं। महिलाओं में, सर्वाइकल कैंसर कई एशियाई देशों में दूसरे या शीर्ष पांच कैंसरों में से एक है। वहीं पुरुषों में प्रोस्टेट और लंग्स कैंसर के मामले और इसके कारण होने वाली मौतों का जोखिम सबसे अधिक बना हुआ है। भारत में गुटका,तंबाकू,कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग और मिलावटी या नकली खाद्य पदार्थ का प्रचलन बहुत है जो कैंसर के खतरे को बढ़ाते हैं इसके बारे में जागरूकता और कड़े कानून की आवश्यकता है।



## मोजाम्बिक में नौका दुर्घटना, 90 से अधिक लोगों की मौत



**हरारे।** जिम्बाब्वे में मोजाम्बिक के उत्तरी तट पर रविवार को 'अस्थाई नौका' दुर्घटना में 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इनमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय ऑनलाइन आउटलेट टीवी डियारियो नामपुला के अनुसार, नाव में 130 लोग सवार थे। आउटलेट के प्रसारण में कहा गया है कि नाव देश के उत्तर में नामपुला प्रांत में लुंगा और मोजाम्बिक द्वीप के बीच चल रही थी जो अचानक पलट गई। बचाव प्रयास सोमवार को भी जारी है। नाव यात्रियों में कुछ लोग एक मेले में भाग लेने जा रहे थे। अन्य लोग कथित रूप से हैजा फैलने की सूचना से घबरा कर इस नाव में सवार होकर अन्यत्र जा रहे थे।

# खलारी में शरारती तत्वों ने सरना झंडा फाड़ा, थाने में प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी के बुकबुका महावीर नगर स्थित सरना स्थल के निकट स्कूल चारदीवारी पर लगाया गया सरना झंडा किसी शरारती ने फाड़ दिया। इसे लेकर खलारी थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मालूम हो कि खलारी के उमवि महावीरनगर ऊपरटोला के निकट ही कमाती धौड़ा महावीरनगर सरना स्थल है। हाल ही में स्कूल का चारदीवारी निर्माण हुआ है। सरना स्थल चारदीवारी के अंदर ही है। सरहुल त्योहार को लेकर आयोजन समिति द्वारा स्कूल चारदीवारी पर सरना झंडा लगाया गया था। सोमवार सुबह लोगों ने देखा कि एक दर्जन से अधिक सरना झंडा फटा हुआ है। सरना समितियों और आदिवासी समाज को खबर लगते ही लोग वहां जुट गए। सभी पंचायतों के मुखिया भी आ गए। सूचना पाकर खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह भी वहां पहुंचे। इस घटना से आदिवासी समाज काफी नाराज था। अच्छी बात यह रही कि आक्रोश के बावजूद सरना समितियों व आदिवासी नेताओं ने संयम व समझदारी का परिचय दिया और किसी को उग्र नहीं होने दिया। घटना को लेकर खलारी थाना परिसर में एक बैठक भी की गई। बैठक में अंचल अधिकारी प्रणव अम्बस्ट भी मौजूद थे। इसके बाद सरना समिति के राजकुमार उरांव के आवेदन पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। पुलिस से मांग किया गया कि सरना झंडा फाड़ने का घृणित कार्य करने वाले असमाजिक तत्वों की खोज कर गिरफ्तार करें। थाना प्रभारी ने कहा कि वे शरारतियों का पता लगा रहे हैं, पहचान होते ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इधर प्रशासन द्वारा तत्काल पहल करते हुए सरना स्थल के निकट सीसीटीवी कैमरा लगा दिया गया ताकि भविष्य में किसी भी तरह की घटना की जानकारी मिल सके।

## एक नजर

### वार्ड सदस्यों ने स्वयंसेवक को हटाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के हाकेदाग पंचायत के वार्ड सदस्यों के द्वारा स्वयं सेवक को बदलने के लिए एक ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम सोफा। वार्ड सदस्यों के द्वारा आरोप लगाया गया है कि हाकेदाग के स्वयं सेवक विष्णु चरण महतो ने आवास योजना,अबुआ आवास एवं सूखा राहत योजना में हर एक लाभुक को जिओ टेक करने के बाद पैसा वसुलने का काम करता है। जिसे देखते हुए हमारे पंचायत से जल्द से जल्द स्वयं सेवक को हटाया जाए। इस मौके पर वार्ड सदस्य रेणु देवी लकी मनी देवी सुनीता देवी सरस्वती देवी जानकी देवी दमयंती देवी आदि उपस्थित थी।

### वोट देने के लिए ईपीआईसी के अलावा 12 अन्य दस्तावेज मान्य

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में रांची लोकसभा क्षेत्र में आगामी 25 मई 2024 को मतदान होना है। ऐसे में मतदाताओं को मतदान से पहले ईपीआईसी (मतदाता फोटोयुक्त पहचान पत्र) प्रस्तुत करना है। किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीआईसी प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, तो वो वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। ईपीआईसी के अलावा 12 अन्य मान्य दस्तावेज प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किए गए।

### चुनाव को ले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ हुई बैठक



**रांची।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 63-रांची सह सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सोमवार को रांची शहरी क्षेत्र के वैसे सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की, जहां लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान केंद्र स्थित हैं। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 63-रांची ने विद्यालयवार मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित विवरणी की विवेचना की। साथ ही, विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से विहित प्रपत्र में प्राप्त प्रतिवेदन पर विद्यालयवार सभी बिंदुओं पर गहन समीक्षा की। बैठक में सभी प्रधानाध्यापकों को स्पष्ट रूप से निदेशित किया गया कि अपने-अपने विद्यालयों में जहां मतदान केंद्र स्थित है, वहां न्यूनतम सुविधा एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, रांची एवं विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

### बेड़ो में पुराने मार्ग से ही रामनवमी का जुलूस निकाला जाएगा

**बेड़ो।** बेड़ो थाना परिसर में सरहुल, ईद उल फितर तथा रामनवमी के महापर्व को लेकर बेड़ो थाना परिसर में डीएसपी अखिल नीतिश कुजूर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान डीएसपी अखिल नीतिश कुजूर ने कहा कि पर्व त्यौहार पूरी तरह शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में भाईचारा के साथ मनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर विराम लगाना सुनिश्चित करना है। गलत सूचना और अफवाहों को ग्रुप में फॉरवर्ड न करें। किसी भी तरह की अफवाह फैलाना कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि जुलूस पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से नजर रखी जाएगी। वहीं थाना प्रभारी नकुल शाह ने बैठक का संचालन करते हुए सरहुल और रामनवमी पर्व पर निकलने वाली जुलूस के मार्गों की जानकारी ली। उन्होंने करांजी मार्ग से खत्री खटंगा से निकलने वाली रामनवमी जुलूस एवं उसके मार्ग में विशेष सतर्कता बरतने का आश्वासन दिया।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री से मिले डॉ परमेश्वर भगत



**रांची।** करम टोली आदिवासी कॉलेज छात्रावास का छात्रों के साथ अगुवाई करते हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिले पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत और प्रकृति महापर्व सरहुल का निमंत्रण भी दिए। मुख्यमंत्री आदिवासी छात्रावास करम टोली में सरहुल पूजा में शमिल होंगे, साथ बच्चों को आशीर्वाद देंगे।

### पिठोरिया थाने में ईद, सरहुल, रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित





**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना परिसर में सोमवार को ईद, सरहुल, रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने किया। निर्णय लिया गया कि सभी पर्वों को मिलजुल कर मनाया जाएगा। पर्व आपस में खुशियां बांटने का अवसर है। आमजन से अपील की गई है कि अफवाह फैलाने की सूचना तत्काल थाना प्रभारी को दिया जाए। जुलूस के दौरान पुलिस को भी सहयोग करने की बात कही गई। साथ ही कहीं कोई अप्रिय घटना हो जाए तो पुलिस को सूचित दें। समाजसेवी अनिल केसरी ने अपने सुझाव में कहा कि हमें सभी धर्मो का सम्मान करना चाहिए। बैठक में मधु साहू, रामानंद प्रसाद, एइनुल हक अंसारी, भोला खान, फिरदौस अंसारी, पिठोरिया मुखिया मुन्नी मुंडा, लाला उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे। बैठक के बाद इफ्तार का आयोजन किया गया।

### महुगांव में प्रकृति पर्व सरहुल में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**लापुंग।** कार्यक्रम में डॉ परमेश्वर भगत ने विभिन्न गांव से आए हुए पहान, पुजार, महतो, कोटवार, पनभरवा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और सभी के साथ पूजा एवं नाच गान में शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने लोगो को सरहुल का शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि हमें अपनी भाषा संस्कृति, रूढी परंपरा, रीति रिवाज एवं मूल धर्म को छोड़ना नहीं है एवं सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और राजनीतिक रूप से जागरूक रहने की जरूरत है। मौजूदा हालात में हम शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि के क्षेत्र में लगातार पीछे हो रहे हैं, आप सभी सम्मानित अभिभावको से अपील है की शिक्षा पर जोर दे, संघटित रहे और नशा पान कम करते हुए एक स्वच्छ, स्वस्थ समाज का निर्माण करे। मौके पर ज्योतिष राम साहू, वीरेंद्र साहू, शंकर साहू, कृष्णा उरांव, राम उरांव, राजु उरांव, करमा उरांव, बिरेन्दर भगत, बिरूवा उरांव एवं आस पास के अनेक लोग उपस्थित हुए।

### 'बूथ जीता, चुनाव जीता' की नीति से हमें कार्य करना है : जितेंद्र सिंह पटेल



**सिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी सिल्ली मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष विनोद साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंडल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। सभी को प्रभारी जितेन्द्र सिंह पटेल एवं संयोजक विनय महतो धीरज ने पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी जितेन्द्र सिंह पटेल शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते जितेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता इस नीति पर हमें कार्य करना है। उन्होंने कहा कि पूरे मंडल में बूथ स्तर तक संगठनात्मक ढांचे को एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त करना है, वहीं कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लाभार्थीयों से संपर्क करें।विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता ही हमारी ताकत है हम बूथ स्तर के कार्यकताओं के बल पर यहां तक पहुंचे हैं।अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ कार्य करना है। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर बूथ कमेटी को सक्रिय करना है।केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है।मौके पर भाजयुमो जिला महामंत्री उमेश महतो, महामंत्री शिवलाल महतो,हरिहर महतो , विश्वनाथ महतो, रघुवीर महतो, राजेन्द्र प्रसाद साईं, कंचन सोनार, अमित कुमार महतो, भोलानाथ मांझी, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थ।

### थाना परिसर में ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**मांडर।** थाना परिसर में सोमवार को ईद सरहुल रामनवमी और चैती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने की। थाना प्रभारी राहुल ने कहा कि सभी पर्वों को मिलजुल कर मनाए। आपस में खुशियां बांटे। अफवाहें ना फैलाएं। पुलिस को भी सहयोग करें। साथ ही कहीं कोई घटना हो जाए तो पुलिस को सूचित करें। कानून को अपने हाथ में ना ले। रामनवमी का जुलूस पारंपरिक रास्ते से ही गुजारा जाय, कोई नया रास्ता नहीं बनाया जाय। डीजे में विवादित गाना ना बजाया जाय। समाजसेवी आबिद अंसारी ने अपने सुझाव में कहा कि हमें सभी धर्मो का सम्मान करना चाहिए। हमारे भारत की सांस्कृतिक विशेषता है कि यहां पर सभी धर्म के लोग एक दूसरे समुदाय के धर्म को भी विशेष तौर पर सम्मान देते हैं। साथ ही मिलकर खुशियां मनाते हैं।

# स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए दिया गया व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग को प्रशिक्षण

**निर्वाचन कार्य के लिए बनाए गए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के अतिरिक्त वीडियोग्राफर भी रहेंगे**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उप विकास आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी स्वीप रांची, दिनेश कुमार यादव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को आर्यभट्ट सभागार, मोरहाबादी में आसन्न लोकसभा चुनाव के अंतर्गत रांची जिला में स्वच्छ एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग के अंतर्गत उड़न दस्ता (एफएस), स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी), वीडियो निगरानी दल (वीएसटी) एवं सहायक व्यय प्रेक्षक (एईओ) में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, कर्मियों एवं वीडियोग्राफर को प्रशिक्षण दिया। रांची लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 27 उड़नदस्ता दल का सृजन किया गया है। इसमें निर्वाचन कार्य के लिए बनाए गए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के अतिरिक्त वीडियोग्राफर भी रहेंगे। यह दल चुनाव को प्रभावित करने वाले कारकों यथा नगद, शराब, मुफ्त दी जाने वाली सामग्रियों को जब्त किया जाएगा। स्थैतिक निगरानी दल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के मुख्य मार्ग, जो अन्य जिला अथवा राज्य से जुड़ते हैं, पर चेक-नाका के माध्यम से वाहन जांच का कार्य करेंगे। वीडियो निगरानी दल का कार्य विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे चुनाव प्रचार-प्रसार कार्य की वीडियो रिकॉर्डिंग करनी है। रांची लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 25 वीडियो निगरानी दल का सृजन किया गया है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी कोषांग (व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग) के अंतर्गत आने वाली कोषांग चुनावी खर्च से सम्बंधित ब्योरों की निगरानी कैसे रखी जाए, इसकी जानकारी दी गई।

## अस्पताल चलाने व मरीज के इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं हो : एके सिंह

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी जिलों के सिविल सर्जन तथा सभी क्षेत्रीय उपनिदेशक ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। जिलों की समीक्षा करते हुए प्रधान सचिव ने कहा कि एसी/डीसी बिल के लंबित मामले का निष्पादन तथा मुख्यमंत्री अस्पताल कायाकल्प योजना में ससमय लक्ष्य बनाकर कार्यों को करना है। अस्पताल चलाने तथा मरीज के इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं करनी है। एसआरएल, मेडॉल तथा हेल्थ मैपिंग के कार्यों को एग्रीमेंट के अनुरूप निरीक्षण करना है। उन्होंने राज्य के सभी सदर अस्पतालों में आईसीयू बेड की सुविधा को विस्तार करने के लिए सभी सिविल सर्जन को निदेशित किया। समीक्षा बैठक में बुनियादी ढांचा में सीएसएस, केंद्रीय क्षेत्र, राज्य योजनाएं, 10 बेड का आईसीयू, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी, सिकल सेल, कैंसर, टीबी, अवमानना के मामले एवं ऑडिट, 15वें फाइनांस इंप्लीमेंटेशन, भारत डिजिटल मिशन तथा अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

## लोकसभा चुनाव और गांडेय विस उपचुनाव के दिन रहेगी छुट्टी

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। इन तिथियों में होना है मतदान - सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू : 13 मई, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग : 20 मई, गिरिडीह, धनबाद, रांची, जमशेदपुर : 25 मई, राजमहल, दुमका, गोड्डा : 1 जून तथा गांडेय विधानसभा उपचुनाव : 25 मई।

## श्री शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला में अभिभावक अभिनंदन समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सोमवार को श्री शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला में अमृत महोत्सव 2023 -24 के अवसर पर वार्षिक पारितोषिक वितरण एवं अभिभावक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ग एक से लेकर वर्ग 8 तक की छात्राओं और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। सत्र 2022-23 में वर्ग प्रथम से लेकर अष्टम तक कि छात्राओं को वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया, एवं हिंदी सुलेख, इंग्लिश राइटिंग एवं पूरे वर्ष की अधिकतम उपस्थित होने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माता-पिता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस विशेष अवसर पर छात्राओं ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया। सचिव वेद प्रकाश बागला द्वारा स्वागत संबोधन किया गया। अतिथि नारायण पटवारी, सहसचिव विजय सराय का। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गायत्री कुमारी एवं सभी शिक्षिकाओं द्वारा छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, जिसे देख अभिभावक गौरवान्वित हुए। कार्यक्रम में मीणा ओझा, रानी शांता कुमारी, पिंकी रानी, शुभम कुमारी, मीरा कुमारी, ममता शर्मा, कामिनी कुमारी और सीमा सिंह' उपस्थित थी। सुनीता ओझा एवं अनीता प्रेमलता बघेल ने मंच का सफल संचालन किया। हमारे विद्यालय के अमृत महोत्सव का संकल्प चरित्रवान, आत्मविश्वासी एवं स्वावलंबी ,देशभक्त -नागरिक बनाना है।

### हिंडालको में 75वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई

सिल्ली/मुरी। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत हिंडालको मुरी हिंडालको संस्थान के 75 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में सिल्ली प्रखंड के जन प्रतिनिधियों के साथ 75 वीं वर्ष का जश्न धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। आए हुए सभी जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया।

## सरहुल, ईद व रामनवमी को लेकर खलारी में हुई शांति समिति की बैठक

# आचार संहिता को ध्यान में रखकर मनाएं त्योहार

**जुलूस में भजन, दोहा जैसे भक्तिमय गीत बजाएं। जुलूस का नेतृत्व अनुभवी लोग करें**



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी प्रखंड सभागार में खलारी थाना का शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता अंचल अधिकारी प्रणव अम्बस्ट ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने सरहुल, ईद व रामनवमी पूजा को लेकर अपनी अपनी बात रखे। अंचल अधिकारी ने कहा कि अखाड़ा, सरहुल समिति, मस्जिद कमेटी के लोग 20-20 कार्यकर्ता को आई कार्ड दें और इसकी जानकारी पुलिस को भी दें। कहा कि आचार संहिता को ध्यान में रखकर त्योहार मनाएं। जुलूस का वातावरण ऐसा हो कि जुलूस में महिला बच्चे भी जा सके। जुलूस में भजन, दोहा जैसे भक्तिमय गीत बजाएं। जुलूस का नेतृत्व अनुभवी लोग करें। कहा कि त्योहार खत्म होने पर अपने अपने झंडों को हटा लें ताकि सद्भावना बनी रहे। सीओ ने कहा कि इंटरनेट मीडिया के दुष्प्रचार से बचे। वहीं खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने कहा कि जुलूस को लेकर बिजली विभाग को सतर्क कर दिया जाएगा। कहा कि त्योहार में कोई ऐसा काम नहीं करें जिससे कि किसी राजनीतिक दल को समर्थन देने जैसा लगे। डीजे साउंड को धीरे बजाएं। अमर्यादित गाना न बजाए। तीनों त्योहार महत्वपूर्ण है। कहा कि इंटरनेट मीडिया के मैसेज पर पैनिक न हों। उन्होंने कहा कि जुलूसों का रूट और नमाज स्थल का वे स्वयं देखेंगे। बैठक को जिप सदस्य सरस्वती देवी, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह सहित मुखिया व समिति के अन्य सदस्यों ने संबोधित किया। बैठक में तेजी किस्पोट्टा, पुतुल देवी, पुष्पा खलखो, दीपमाला कुमारी, ललिता देवी, सुनीता देवी, शीला देवी, नीलू देवी, पारसनाथ उरांव, शिवरत मुंडा, अनिलुकमार पासवान, रामलखन गंझू, प्रभाकर गंझू सहित अन्य उपस्थित थे।

### रांची के चार विधानसभा क्षेत्र के 63 मतदान केंद्रों के भवन के नाम परिवर्तित

**रांची।** जिला अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र के 63 मतदान केंद्रों के भवन के नाम परिवर्तित किए गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने मतदान केंद्रों के भवन के नाम परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान कर दी है। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के 07, रांची विधानसभा क्षेत्र के 03, हटिया विधानसभा क्षेत्र के 23 और मांडर विधानसभा क्षेत्र के 30 मतदान केंद्रों के भवन के नाम परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने स्वीकृति प्रदान की है। संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा मतदान केंद्रों के भवन के नाम परिवर्तित हो जाने के कारण नाम परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव जिला निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराया गया था, जिस पर निर्वाची पदाधिकारी के हस्तपुस्तिका की कंडिका 2.11 के अनुसार स्वीकृति प्रदान की गई है।

## अपनी मांगों को लेकर कल्याण मंत्री से मिले डॉ परमेश्वर भगत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत विगत दिन झारखंड के कल्याण मंत्री दीपक बिरुवा से मिले और कई मांगों पर ध्यान केंद्रित कराया जो निम्नवत है।

- आदिवासियों का सरना मसना का अधिकतम स्थल का घेराबंदी विशेष कर जहां भू माफियाओं के द्वारा अतिक्रमण बनाया जा रहा है, कब्जा करने की संभावना है उसका घेराबंदी को प्राथमिकता देने की कृपा की जाए।
- छात्रों का छात्रवृत्ति में आ रही कुछ विसंगतियों का निराकरण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही।
- ऐसे छात्रावास जो गत वर्ष मरम्मती नहीं हो पाई है वैसे छात्रावास का मरम्मती करवाने की कृपा की जाए।
- छात्रावास में रसोईया, झाड़ूवाला एवं गार्ड का मुहैया के लिए स्वीकृति प्रदान करने की बात कही।
- सीएमईजीपी से संबंधित जो मामला स्थगित है उसे स्वीकृत प्रदान किया जाए, ताकि बेरोजगार नौजवानों को रोजगार मुहैया हो सके।

कल्याण मंत्री दीपक बिरवा ने डॉ परमेश्वर भगत को भरोसा दिलाया कि इन सभी समस्याएं के लिए जल्द ठोस कार्रवाई की जायेगी।

# मोस्ट वांटेड सहित चार अपराधकर्मी गिरफ्तार



**नौ अलग-अलग कांडों के फरार अभियुक्त वसीम खान उर्फ बौना को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली सफलता, बेड़ो, पिठौरिया, तमाड़, चान्हो एवं डेली मार्केट पुलिस को थी वसीम की तलाश**

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो थाना क्षेत्र के केशा गांव का शातिर अपराधकर्मी मोस्ट वांटेड वसीम खान उर्फ वसीम अंसारी उर्फ कादिर बौना अन्ततः बेड़ो पुलिस के हत्थे चढ़ गया। बेड़ो थाना प्रभारी नकुल शाह के नेतृत्व में दो लाल वारंटी, एक वारंटी एवं कुख्यात अपराधकर्मी सहित चार अपराधकर्मियों को पुलिस कर्मियों ने धर दबोचा। बेड़ो के थाना प्रभारी नकुल शाह के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर रोशन कुमार, अनिल टोप्पो, सहायक अवर निरीक्षक लाल मोहर पांडेय तथा सशस्त्र बल ने फरार अभियुक्त लूट कांड और हत्या सहित कई मामलों के अपराधकर्मी को उसके व्हाट्सएप प्रोफाइल फोटो पर पहचान कर छापामारी कर धर दबोचने में सफलता अर्जित किया। वसीम खान पिता शकील खान साकिन केशा की तलाश पिठौरिया, डेली मार्केट रांची, तमाड़ तथा चान्हो सहित बेड़ो थाना क्षेत्र के लूट कांड, मारपीट, गोली चलाने तथा लूट कांड के कुल नौ मामलों में की जा रही थी। बेड़ो थाना क्षेत्र के कांड संख्या 118/22 में धारा 307 के फरार अपराधी को गिरफ्तार करने में बेड़ो पुलिस ने सफलता पाई।

# आज से वासंतिक नवरात्र प्रारंभ, 17 को रामनवमी


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इस वर्ष वासंतिक नवरात्र (चैत्र नवरात्र) 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। वास्तुविद और ज्योतिष गुरु स्वामी विमलेश ने कहा कि 9 अप्रैल को उदयातिथि में प्रतिपदा लगने के कारण इसी दिन से नवरात्र प्रारंभ हो जाएगा तथा घरों एवं मंदिरों में कलश की स्थापना कर मां की पूजा शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष चैती नवरात्र की दुर्गा नवमी 17 अप्रैल को पड़ रहा है। इसी दिन रामनवमी भी मनाई जाएगी।



**इंद्रियों पर संयम और आध्यात्मिक शक्तियों का विकास है नवरात्र व्रत का उद्देश्य**

मान्यता है कि चैती नवरात्र महानवमी तिथि पर देवी सिद्धिदात्री की पूजा करने से हर काम बन जाता है। मां सिद्धिदात्री को प्रसन्न करने के लिए देवता, राक्षस, गंधर्व, ऋषि-मुनि भी कठोर तपस्या किया करते हैं। ऐसा भी कहा जाता है कि शिव जी ने देवी मां सिद्धिदात्री की कृपा से नौ सिद्धियों को प्राप्त किया था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र के आखिरी दिन माता रानी को लाल रंग की चुनरी चढ़ाने से सारे दुख परेशानी दूर हो जाते हैं। इसी दिन हवन करने की भी परंपरा है। उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्र के साथ प्रभु श्रीराम का जन्म और रामराज्य की स्थापना का इतिहास जुड़ा है। नवरात्र मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। चैत्र नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना करने का विधान है। घट स्थापना से लेकर नवमी तिथि तक, यानी 9 दिनों तक लोग व्रत, पूजा पाठ आदि में लीन रहते हैं। नवरात्र व्रत का मुख्य उद्देश्य अपनी इंद्रियों पर संयम रखना और आध्यात्मिक शक्ति का संचय करना है। चैत्र नवरात्र की महानवमी पर व्रत रखने और इस दिन हवन करने से नवरात्र की पूजा सफल हो जाती है। नवमी तिथि के दिन कन्या पूजन और देवी पूजा करने से पूरे 9 दिनों की उपासना करने के समान फल प्राप्त होता है। शारदीय और चैत्र नवरात्र दोनों में ही नवमी तिथि का प्रभु श्रीराम से गहरा संबंध है। ऐसी मान्यता है कि शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर भगवान राम ने रावण का वध किया था और श्रीलंका पर विजय प्राप्ति की थी। ऐसे ही चैत्र नवरात्र की महानवमी पर राजा दशरथ के घर पुरुष अवतार के रूप में श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को रामनवमी के रूप में जाना जाता है।



# अमावस्या पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में विशेष अनुष्ठान का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में सोमवार को स्नान, दान सहित सोमवती अमावस्या पर्व पर विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया गया। श्रीदेवी और भूदेवी सहित पद्मावती के प्रियतम श्रीनिवास भगवान का षोडषोपचार पूजा-आराधना और महाआरती की गई। फिर श्रीवेंकटेश्वर को समर्पित देशिक स्तोत्राणि, श्रुति की ऋचाएं और उपनिषदों के उत्कृष्ट मंत्रों से स्तवन हुआ। सूजी हलवा का बाल भोग नैवेद्य हुआ। प्रातः की पूजा क्रम के बाद भक्तों के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया। पट खुलते ही भक्तों की भीड़ से मंदिर परिसर भर गया।



## नववर्ष आज से, सुनाया जाएगा नव संवत्सर फल

चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को भगवान श्रीमन्नारायण ने ब्रह्माजी के रूप में सृष्टि की रचना की थी। इस वर्ष नव संवत्सर का प्रथम दिन मंगलवार (9 अप्रैल) को है। इस रोज सनातनधर्मी महोत्सव के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर के ब्रह्ममुहूर्त में विविध रूप से आध्यात्मिक अनुष्ठान, अभिषेक, आराधना, स्तुति, महाआरती, नैवेद्य और गोष्ठी आदि के बाद प्रातः 8:30 बजे से पंचांग पठनम होगा। इसके माध्यम से राशिफल, मासफल, वर्षफल और संवत्सर फल सुनाया जाएगा। मान्यता है कि भगवान के समक्ष पंचांग फल श्रवण करने से लोग दैवज्ञ हो जाते हैं और जातक के विपरीत चल रहे ग्रह दशा अनुकूल प्रभाव में कार्य करने लगते हैं।

## एक नजर

### भारतीय संस्कृति की रक्षा ही हम सबका नैतिक कर्तव्य : बीके राजमती

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पिठोरिया की ओर से हिंदू नववर्ष के अवसर पर सोमवार को आश्रम को भगवा ध्वज और दीपों से सजाया गया। इस अवसर पर संस्था की संचालिका ब्रह्माकुमारी (बीके) राजमती ने कहा कि हिंदू नववर्ष पर हम सभी भाइयों और बहनों को अपने भारतीय संस्कृति व परंपराओं से जुड़े रहने तथा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने की अपील करते हैं। उन्होंने कहा, हम सभी को अपने पूर्वजों के बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर आश्रम के भक्तों के बीच मिठाई भी वितरित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से बीके राजमती, बीके वीना, कविता सेन, ऊर्मिला देवी, लीला देवी, सीमा उरांव, सीता उरांव, निर्मला उरांव, इंद्रा देवी, विरासमुनी देवी, कुसुम राठौर, शीला देवी, महेश कुमार समेत कई भक्त उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी।

### रांची रंगमंच का 13वां मासिक ठहाका मिलन कार्यक्रम संपन्न

**रांची।** रांची रंगमंच का 13वां मासिक 'ठहाका मिलन' हटिया में वरिष्ठ रंगकर्मी अनिल ठाकुर सुमन के आवास पर संपन्न हुआ। रंगकर्मियों ने खूब ठहाके लगाए और ठहाकों के बीच ही रांची रंगमंच को तकनीकी दृष्टि से समृद्ध करने के लिए विचार विमर्श भी हुआ। डॉ सुशील अंकन ने कहा कि अब भी आम तौर पर रांची रंगमंच की प्रस्तुतियों में ध्वनि और प्रकाश की समस्या देखने को मिलती है। अतः कार्यशालाएं आदि करने की आवश्यकता है। डॉ कमल बोस ने भी इसे स्वीकार करते हुए रांची के रंगमंचीय प्रस्तुतियों को ध्वनि और प्रकाश की दृष्टि से समृद्ध करने पर बल दिया। डॉ अनिल ठाकुर सुमन ने कहा कि ध्वनि और प्रकाश से जुड़े उपकरणों की व्यवस्था कर रंगमंच से जुड़ी संस्थाओं को प्रशिक्षण लेने पर जरूर सोचना चाहिए, तभी रंगमंच सुदृढ़ होगा। कार्यक्रम में उपस्थित शिशिर पंडित, राकेश रमण, सुकुमार मुखर्जी आदि रंगकर्मियों ने भी अपने अपने विचार रखे। चौदहवां मासिक 'ठहाका मिलन' का आयोजन वरिष्ठ रंगकर्मी सुरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में होगा।

## अधूरी नाली से दो माह से लोग हैं परेशान, ठेकेदार गायब

# गंदा पानी घरों में घुसने से बदबू और मच्छर से लोग परेशान

**अमित कुमार । रांची**

पिछले दो माह से नाली की समस्या रातू रोड के अमरूद बागान में बनी हुई है। वहां के मुख्य मार्ग में नाली के साथ सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। नगर निगम ने जिस ठेकेदार का यह काम दिया है, वे नाली का काम अधूरा छोड़कर गायब है। ऐसे में जब भी बारिश होती है तो रातू रोड का गंदा पानी इसी ओर से बहते हुए उस क्षेत्र में जमा हो जाता है। और सभी घरों में नाली का गंदा पानी घुस जाता है। इससे स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है। लेकिन अपनी परेशानी वे कहें तो किस से कहें ? नगर निगम सहित स्थानीय विधायक को वहां के लोग अपनी परेशानी बता चुके हैं । पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



### क्या कहते हैं पार्षद

वार्ड 28 के पूर्व पार्षद रश्मि चौधरी बताते है कि नाली और सड़क हमारे वार्ड की सबसे बड़ी समस्या रही है। पिछले कई सालों से इसके निर्माण के लिए प्रयास करते रहे है। अंत में पार्षद फंड से नाली और सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। इसका काम मां काली कंपनी द्वारा किया जा रहा है। अब तक काम पूरा नही होने पर मेरे द्वारा कंपनी को कई बार फटकार भी लगाई गई है।

### ढलान को नकारकर होता रहा है निर्माण कार्य

यहां का भौगोलिक स्वरुप ऐसा है कि रातू रोड के एक बड़े क्षेत्र का पानी मधुकम की ओर बहता है। ऐसे में नाली से जलनिकास की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए लेकिन अब तक इस क्षेत्र में नाली और सड़क के निर्माण पर खानापूर्ति हुई है। जबकि स्थानीय लोगो ने कई बार इसका विरोध किया है। उनका कहना है कि ढलान और जलबहाव को ध्यान में रख कर निर्माण कार्य हो। लेकिन निगम के इंजीनियर बार बार यहां हुए मनमाने निर्माण कार्य को हरी झंडी देते रहे हैं

### क्या कहते हैं स्थानीय निवासी



**पूनम देवी**

नेशनल हाइवे से महज चार सौ फीट में नाली की नरकीय व्यवस्था बनी हुई है। घर के अंदर नाली का गंदा पानी जाने से बच्चे संक्रमण से बीमार हो रहे हैं।



**शारदा देवी**

राजधानी में नाली की यह व्यवस्था देख लोग माथा पकड़ लेंगे। नाली के ऊपर पानी का पाइप और नाली पूरी तरह जाम। वहीं मच्छर और बदबू से अलग परेशानी है।

## रिम्स में एक वर्ष में 5609 बच्चों का हुआ जन्म

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में ज्यादातर गरीब, मध्यम वर्ग के परिवार आदि ही इलाज कराने के लिए आते हैं। यहां झारखंड सहित ओड़िशा, बंगाल, बिहार से भी मरीज इलाज के लिए पहुंचते है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सभी जगहों से बड़ी संख्या में महिलाएं डिलीवरी के लिए रिम्स पहुंची है। रिमस की एनुअल रिपोर्ट (जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक) के अनुसार, पिछले एक साल में हॉस्पिटल में 2972 बच्चों तथा 2637 बच्चियों का जन्म रिम्स में हुआ है। जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 के बीच कुल 5609 बच्चों का जन्म रिम्स में कराया गया। वहीं, ओपीडी में एक साल में 8,43,338 मरीज इलाज के लिए आए। जबकि, इनडोर में 85,355 मरीजों ने इलाज कराया। इसके अलावा, रिपोर्ट में बताया गया है कि जनवरी 23 से नवंबर 2023 तक 19142 मेजर ऑपरेशन किए गए हैं। जबकि, 33245 मरीजों की माइनर सर्जरी रिम्स में की गई। डेथ के आंकड़ों पर नजर डालें, तो पूरे साल में 11,617 लोगों की मौत रिम्स में इलाज के दौरान हुई है। इसमें पुरुषों की संख्या 7515 है, वहीं महिलाओं की संख्या 4102 है।

## न्यूज बॉक्स

### मर्यादित तरीके से मनाएं रामनवमी : रवि कुमार

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को पुंदाग के सभी क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने पुंदाग क्षेत्र के सभी महावीर मंडल एवं सभी अखाड़ेधारियों, खिलाड़ी बंधुओं एवं उस्तादों से मिलकर रामनवमी महोत्सव की सफलता के लिए चर्चा की। श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू के नेतृत्व में पुनदाग क्षेत्र में एक बड़ी बैठक भी की गई। इसमें पुंदाग क्षेत्र के सभी अखाड़ेधारी शामिल हुए एवं सभी ने अपने-अपने विचार को रखे। बैठक में रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। साथ ही, 15 अप्रैल को सप्तमी के दिन पुंदाग क्षेत्र में अस्त्र-शस्त्र चलाने की खेल प्रतियोगिता का संध्या में आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

### न्यूनतम मजदूरी पर श्रम सचिव के साथ चैंबर ने की बैठक

रांची। न्यूनतम मजदूरी की दरों में की गई बढ़ोतरी से व्यापार और उद्योग जगत के समक्ष होनेवाली परेशानी पर वार्ता के लिए अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक सोमवार को नेपाल हाउस में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार के साथ हुई। प्रतिनिधिमंडल ने बढ़ाई गई दर को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अनुचित बताया और इसके पुनर्निरीक्षण की मांग की। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि झारखंड में पूर्व से लागू न्यूनतम मजदूरी की दरों में लगभग 27 से 33 फीसदी वृद्धि की गई है। जबकि, हमने 16 अक्टूबर 2023 को ही विभाग को अपनी आपत्ति और सुझाव देते हुए यह सुझाया था कि पूर्व की दर से अधिकतम 5 फीसदी वृद्धि ही की जाए। चिंतनीय है कि हमारे प्रतिवेदन पर बिना विचार किए या वार्ता किए, नई दर को अव्यावहारिक रूप से प्रभावी कर दिया गया है।

### नवनिर्मित देवनिका अस्पताल में हुई रोटरी की मीटिंग

**रांची।** रोटरी क्लब रांची की वर्कसाइट नवनिर्मित देवनिका अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर तुपुदाना रांची में हुई। बैठक में अस्पताल के संचालक रोटेरियन डॉ अनंत सिन्हा एवं डॉ विनीता सिन्हा उपस्थित थे। रोटरी टीम ने डॉ सिन्हा को शहर का सबसे बड़ा प्राइवेट अस्पताल खोलने पर बधाई दी। डॉ सिन्हा ने अस्पताल के बाबत बताया कि शहर के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर का यह अस्पताल 250 बेड का है। 65 बेड का जेनरल वार्ड, कार्डियक सर्जिकल, नेफरों, न्यूरो, 70 आईसीयू के साथ सुपर स्पेस्लिटी हॉस्पिटल की सुविधाएं है। 8 फुल नेटवर्क वाले मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, 34 क्रिटिकल केयर बेड होंगे. कार्डियक साइंस, बर्न यूनिट, प्लास्टिक सर्जरी, निफ्रोलोकेयर न्यूरोसाइंस, गैस्ट्रो साइंस, गुर्दा विज्ञान, हड्डी रोग और ट्रॉमा, प्रत्यारोपण, मदर एंड चाइल्ड केयर और ईएनटी सर्जरी की सुविधा होगी। क्लब के अध्यक्ष डॉ ढानढनिया ने कहा कि एक रोटेरियन का यह प्रयास पूरे झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की उन्नति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

### सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ 16 को

**रांची।** कृष्णा पैलेस बैंक्वेट हॉल, लालपुर, रांची में सोमवार को हिंदू महापरिवार की एक विशेष आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य प्रधान संरक्षक कर स्वामी दिव्यानंद जी महाराज, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश आयान और प्रदेश अध्यक्ष सौमेन दत्ता ने की। रामनवमी मनाने के एजेंडे को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी की पूर्व संध्या पर 16 अप्रैल को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। ज्ञात हो कि इस वर्ष राम नवमी 17 अप्रैल (बुधवार) को मनाई जाएगी।

### संत जेवियर्स कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य जांच पर वार्ता आयोजित

**रांची।** आईयूएसी के तहत, 1/3 कंपनी संत जेवियर्स कॉलेज एनसीसी ने प्राणीशास्त्र विभाग के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य जांच पर एक वार्ता का आयोजन किया। इसका आयोजन विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर किया गया था। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नशामुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से डॉ शांतना कुमारी, राधिका टाक और कल्पना टोप्पो इस कार्यक्रम की अतिथि वक्ता थीं। उन्होंने आज की पीढ़ी में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वास्थ्य जांच शिविर के संचालन के लिए एचसीजी अस्पताल से डॉ नुपुर साहा, डॉ देबनाथ खलखो और प्रबंधन टीम से मनोरंजन कुमार रॉय और विकास कुमार सिंह सहित डॉक्टरों की एक टीम उपस्थित थी। वाइस प्रिंसिपल फादर डॉ अजय मिंज एसजे, संत जेवियर्स कॉलेज इंटरमीडिएट सेक्शन के प्राचार्य फादर अजय अनिल तिर्की एसजे और अन्य संकाय सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### दो तस्कर गिरफ्तार, 4 किलो गांजा बरामद

**रांची।** रांची के अरगोड़ा थाना पुलिस ने गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार किलो 140 ग्राम गांजा, दो मोबाइल और एक स्कूटी बरामद की है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हरमू चौक के पास गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के बाद हटिया डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर छापेमारी कर दो तस्करों को पकड़ा। इनकी पहचान शिवा प्रधान और पुदांग निवासी आरिफ खान के रूप में हुई। दोनों के पास से अलग-अलग पैक किए हुए दो पैकेट में गांजा बरामद किया गया। छापेमारी के दौरान एक तस्कर भाग निकला। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार तस्करों ने पूछताछ में गांजा की खरीद-बिक्री करने की बात स्वीकार की है।

### हथियार के साथ तीन बदमाश धराए

**रांची।** रांची के नगड़ी थाने की पुलिस ने हथियार के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देसी कट्टा और एक कार बरामद की गई है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रांची-गुमला एनएच 43 मुख्य सड़क टोल प्लाजा के पास कुछ बदमाश हथियार के साथ आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद नगड़ी थाना प्रभारी के नेतृत्व एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम उक्त स्थान पर पहुंची और बदमाशों की कार के सामने पुलिस वाहन लगा दिया। पुलिस वाहन देखते ही तीनों कार से उतरकर बाहर निकले और भागने लगे, लेकिन पुलिस बल ने तीनों को खदेड़ कर पकड़ लिया। जांच करने पर इनके पास से एक हथियार बरामद किया गया। तीनों ने पुलिस को पूछताछ में अपना नाम मो कैफ अंसारी, नुरुल अंसारी और रेयाज अंसारी बताया। तीनों वाहन लूटने की योजना बना रहे थे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

यूएस पॉलीक्लिनिक, कचहरी चौक, रांची में संस्थान के चीफ एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ उमाशंकर वर्मा ने विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया। इस मौके पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर 51 जरूरतमंद रोगियों को निःशुल्क औषधि दी गई। डॉ वर्मा ने कहा कि स्विट्जरलैंड के जेनेवा शहर में पहली बार विश्व स्वास्थ्य सभा का आयोजन 1948 में किया गया था तथा यह निर्णय लिया गया था कि 1950 से हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाए तथा लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाए। तब से लेकर आज तक विश्व के 194 देशों में इस अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का थीम है - हेल्थ फॉर ऑल यानी स्वास्थ्य सबके लिए। डॉ यूएस वर्मा ने लोगों को बताया कि सात्विक, सुपाच्य, संतुलित पौष्टिक आहार लेना, योगासन प्राणायाम करना, मॉर्निंग वॉक करना आदि स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। प्रत्येक दिन कम से कम 3 से 5 लीटर तक स्वच्छ जल पीना चाहिए। डाइट चार्ट का सही ढंग से पालन करना चाहिए। कोई मेटाबॉलिक डिजीज है, तो समय-समय पर जांच करवाते रहना चाहिए। चिकित्सक द्वारा परामर्शित औषधि लेना नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष जानकारी के लिए यूएस पॉलीक्लिनिक के मोबाइल नंबर 9835167743 पर निःशुल्क संपर्क किया जा सकता है।




# आईआईएबी और एमएसटीसी के बीच हुआ एमओयू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईसीएआर के तहत रांची में स्थापित कृषि जैव प्रौद्योगिकी के राष्ट्रीय संस्थान एवं मानित विश्वविद्यालय भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएबी) ने सोमवार को मिनी रत्न श्रेणी-1 पीएसयू एमएसटीसी लिमिटेड के साथ एक समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत स्क्रैप, निष्क्रिय सामग्रियों का निपटान किया जाएगा। ज्ञात हो कि एमएसटीसी लिमिटेड भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन है।


समझौते पर आईआईएबी की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सीनियर ग्रेड) बीके सिन्हा और एमएसटीसी लिमिटेड झारखंड शाखा कार्यालय (जेबीओ) की ओर से शाखा प्रबंधक मयूर डिमरी और प्रबंधक एमएसटीसी जेबीओ प्रीतम विश्वास ने हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर आईआईएबी के निदेशक डॉ सुजय रक्षित, डॉ वीपी भड़ाना, संयुक्त अनुसंधान, रवींद्र कुमार, मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी, स्वाति के. और परितोष कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। इस एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ, एमएसटीसी अपने माध्यम से आईआईएबी की स्क्रैप, निष्क्रिय सामग्रियों की ई-नीलामी आयोजित करेगा ताकि ई-नीलामी मंच निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो।

## युवा आजसू ने डीएसपीएमयू के परीक्षा भवन में की तालाबंदी, अभिषेक झा ने कहा

# संवेदनशील हो परीक्षा विभाग, वरना अनिश्चितकालीन तालेबंदी

**10 सूत्री मांगों को ले प्रशासनिक भवन का किया गया घेराव**

**कुलपति ने सभी मांगों को पूरा किए जाने का दिया आश्वासन**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

युवा आजसू के सदस्यों ने सोमवार को रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा के नेतृत्व में सैकड़ो छात्र-छात्राओं के साथ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के परीक्षा भवन में तालेबंदी कर प्रशासनिक भवन का घेराव किया। लगभग तीन घंटे चली इस तालाबंदी एवं घेराव प्रदर्शन में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया एवं जमकर नारेबाजी की। मौके पर युवा आजसू के अभिषेक झा ने कहा कि विश्वविद्यालय के 2022-25 सत्र के बहुत सारे विद्यार्थियों का ईयर बैक लगा है, संवेदनशील होकर विश्वविद्यालय इसके लिए स्पेशल परीक्षा करवाए। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 1000 छात्र-छात्राओं से पैसे लिए गए और उन्हें दीक्षांत समारोह में शामिल होने की अनुमति भी नहीं दी गई। इन सभी छात्र-छात्राओं के पैसे से विद्यालय प्रशासन ने क्या किया, यह बताए। विश्वविद्यालय के नए भवन के अधिकांश भाग टूट कर गिर रहे हैं एवं बिल्डिंग में कई जगह दरार पड़ चुकी है। इससे छात्र-छात्राओं के जान-माल का खतरा बना हुआ है। मैनेजमेंट विभाग के डायरेक्टर डॉ एसके बास्के पर विश्वविद्यालय ने अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की, जबकि इनके खिलाफ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कई बार शिकायत की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। उन्होंने मांग की कि साइकिल स्टैंड में शेड निर्माण किया जाए। साथ ही, विश्वविद्यालय के कैंटीन को अविलंब चालू किया जाए। बगैर आईकार्ड के विश्वविद्यालय परिसर में किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाए। विश्वविद्यालय के सभी विभागों में छात्र-छात्राओं के लिए 75 प्रतिशत उपस्थित को अनिवार्य किया जाए। योगिक साइंस और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन को अलग विभाग दिया जाए एवं उसके कक्षाओं के सुचारू रूप से चलाया जाए। लगभग 03 घंटे के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति छात्र-छात्राओं से वार्ता करने के लिए पहुंचे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा के भवन निर्माण में हुई गड़बड़ी की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया जा रहा है। परीक्षा विभाग की कार्यशैली पर नजर बनाए रखने के लिए भी एक कमेटी का गठन किया जा रहा है और बाकी अन्य मांगों को भी तय समय सीमा के अंदर पूरा कर दिया जाएगा। युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा ने विश्वविद्यालय के कुलपति से साफ-साफ कहा कि अगर जल्द ही हमारे सभी मांगे पूरी नहीं की गईं।

# डीसी और एसएसपी ने केंद्रीय कारा का किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन सिन्हा के संयुक्त नेतृत्व में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (जेल) का औचक निरीक्षण किया गया। रविवार देर रात अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

इस दौरान अलग-अलग 16 टीम बनाकर सभी वार्ड, महिला वार्ड, सेल तथा अस्पताल आदि की जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में कोई भी आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय कारा के जेलर एवं जेल सुपरीटेंडेंट उपस्थित रहे। उनसे उपायुक्त एवं एसएसपी ने केंद्रीय कारा की सुरक्षा, अस्पताल, रसोई घर तथा कैदियों से मुलाकाती की व्यवस्था आदि की जानकारी ली।

इस टीम में अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था, राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, नगर केवी रमन, पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय-2 अरविंद कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, सदर संजीव कुमार बेसरा के अतिरिक्त छह थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक कोतवाली, सदर थाना, लोअर बाजार थाना, बरियातू थाना, सुखदेव नगर थाना तथा यातायात थाना प्रभारी कोतवाली भी शामिल थे।

रांची लोकसभा सीट

# उम्मीदवारी पर कांग्रेस में सस्पेंस या संघर्ष

**उपेंद्र गुप्ता। रांची झारखंड में 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सात सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी, जिसमें तीन सीटों खूंटी, हजारीबाग और लोहरदगा सीट पर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी के नाम की 15 दिन पहले ही घोषिणा कर दी है, लेकिन चार सीटों पर अभी भी प्रत्याशी के नाम का ऐलान नहीं किया है। जिसमें रांची, धनबाद, गोड्डा और चतरा का सीट शामिल है। टिकट को लेकर पार्टी में भारी उलझन में है। पार्टी के अंदर किचकिच जारी है। प्रत्याशी की घोषणा में देरी हो सकती है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि 11 से 12 अप्रैल को प्रत्याशी की घोषणा संभव है।**

## रांची में पहली बार खिला कमल

1991 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार रांची सीट जीती। इस बार भारतीय जनता पार्टी के रामटहल चौधरी को 47.6 फीसदी वोट मिले थे, जिससे वे विजयी रहे. जबकि 1989 में इस सीट से जीते सुबोधकांत सहाय को जनता दल ने टिकट नहीं दिया। उसके बाद लगातार लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का रांची सीट पर कब्जा रहा । रामटहल चौधरी ने लगातार 1996, 1998,1999 में जीत दर्ज की।

## रांची सीट को लेकर कांग्रेस दुविधा में



झारखंड में जिन चार सीटों पर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है, उनमें रांची लोकसभा सीट पर सबसे अधिक पेंच फंसा है। यहां पार्टी उम्मीदवारी को लेकर सबसे अधिक दुविधा में है। सुबोधकांत सहाय और रामटहल चौधरी को लेकर पार्टी फैसला नहीं कर पा रही है। जानकारों के अनुसार पहले सुबोधकांत का नाम लगभग तय था, लेकिन इसी बीच रामटहल चौधरी के कांग्रेस में शामिल हो जाने से सुबोधकांत सहाय के नाम घोषणा नहीं की गई। अब पार्टी दुविधा में है कि दोनों में से किसे उम्मीदवार बनाए। पार्टी अपने ही कार्यकताओं की नाराजगी को देखते हुए डरी-सहमी है। फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। कांग्रेस का एक खेमा टिकट नहीं मिलने के बाद विद्रोही तेवर अपना सकता है।

## 1967 से पहले तीन संसदीय क्षेत्र में बंटी थी रांची

पहले रांची तीन लोकसभा क्षेत्रों में बंटा हुआ था। रांची नॉर्थ ईस्ट, रांची वेस्ट और पलामू-हजारीबाग-रांची लोकसभा सीट। तब कांग्रेस का सबसे ज्यादा दबदबा रहा है। 1967 में रांची एक अलग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बना। 1967 और 1971 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर प्रशांत कुमार घोष ने जीत हासिल की । 1977 में कांग्रेस ने दो बार के विजेता प्रशांत कुमार घोष की जगह शिव प्रसाद साहू को मैदान में उतारा था और कांग्रेस यह सीट हार गयी। 1980 और 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के शिवप्रसाद साहू ने रांची सीट से जीत हासिल की। लेकिन 1989 के लोकसभा चुनाव में शिवप्रसाद साहू हार गए और इस बार इस सीट पर जनता दल के उम्मीदवार सुबोधकांत सहाय ने जीत हासिल की ।

## कांग्रेस की आंधी में भी हटिया से लगाई जीत की हैट्रिक



सुबोधकांत सहाय जेपी आंदोलन की उपज रहे हैं। वे कई बार केंद्र में मंत्री रहे हैं। सुबोधकांत सहाय की गिनती राज्य के कद्दावर राजनीतिज्ञों में होती है। 1989 में रांची से लोकसभा चुनाव जीतने वाले सुबोधकांत सहाय 2004 और 2009 में भी जीत दर्ज की थी। केंद्र में चंद्रशेखर और मनमोहन सिंह की नेतृत्व वाली सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में कई मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली। मोदी लहर में लगातार दो बार वर्ष 2014 और 2019 में वे भाजपा उम्मीदवार से पराजित हो गए। इस बार उनका टिकट लगभग कंफर्म माना जा रहा था, लेकिन रामटहल चौधरी के कांग्रेस में इंट्री से उनका टिकट फिलहाल होल्ड पर है। सुबोधकांत सहाय का सियासी सफर हटिया से ही शुरू हुआ है। जेपी आंदोलन के समय सुबोधकांत पटना में पढ़ाई कर रहे थे। वे छात्र आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल थे। 1977 में जनता पार्टी के गठन के बाद जब बिहार विधानसभा के चुनाव हुए तो सुबोधकांत सहाय को हटिया से जनता पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया। कांग्रेस के अमानत अली को हरा कर पहली बार वे विधायक बने थे। उस समय सुबोधकांत की उम्र सिर्फ 28 साल ही थी। 1980 में इंदिरा लहर के बावजूद सुबोधकांत हटिया से लगातार दूसरी बार विधायक चुने गये थे।

## पांच बार रांची के रहे सांसद



82 वर्षीय राम टहल चौधरी राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद् , परोपकारी हैं। वह 1991 से 2004 और फिर 2014 से 2019 तक झारखंड के रांची से लोकसभा के भाजपा सदस्य थे। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और निर्दलीय चुनाव लड़ा और उन्हें महज 29,597 वोट मिले और उनकी जमानत जब्त हो गई। इसके पहले वह अविभाजित बिहार विधानसभा के सदस्य भी रहे हैं। बीजेपी नेता के तौर पर रांची लोकसभा सीट का पांच बार प्रतिनिधित्व कर चुके रामटहल चौधरी कुर्मी महतो जाति से आते हैं। विधानसभा क्षेत्र में कुर्मी महतो जाति की अच्छी खासी आबादी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि रांची संसदीय क्षेत्र में कुरमी जाति के मतदाताओं की संख्या करीब पांच लाख के आसपास है। उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने से कांग्रेस को फायदा मिल सकता है। 2019 में रामटहल चौधरी का टिकट काट कर ही भाजपा ने संजय सेठ को उम्मीदवार बनाया था, भाजपा के संजय सेठ को 7,06,828 वोट मिला और चुनाव जीत गए। जबकि कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय को 4,23,802 वोट मिले थे और दूसरे स्थान पर रहे।

# यूपी से आकर गाली-गलौज कर रहे हैं भाजपा प्रदेश प्रभारी : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एक बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सरायकेला में एक कार्यक्रम की लक्ष्मीकांत बाजपेयी के ऑडियो पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए झामुमो ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करायी है। साथ ही झामुमो ने पुलिस से भी अपील करते हुए कहा है कि पुलिस संज्ञान लेकर वाजपेयी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करके जेल भेंजे। झामुमो नेता ने वाजपेयी को कड़ी चेतावनी देते कहा कि यह उत्तर प्रदेश नहीं, झारखंड है। अपनी भाषा पर संयम बरतें और सोच समझ कर बोलें। क्योंकि झारखंड झुकेगा नहीं, डरेगा नहीं और वाजपेयी को छोड़ेगा नहीं।

### कल्पना से डर गए हैं भाजपाई


झामुमो नेता भट्टाचार्य ने कहा कि जिस दिन से हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सार्वजनिक जीवन में कदम रखा है। उस दिन बाबूलाल और निशिकांत दूबे बौखला गए हैं। ये लोग कल्पना के डर की कल्पना किस तरह करें, उसकी कल्पना नहीं कर पा रहे हैं। कल्पना सोरेन और झामुमो अपने पूर्व सीएम के कार्यों को लेकर जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं। हेमंत सोरेन की सरकार ने अपने चार वर्ष के कार्यकाल के में कोई भी वर्ग ऐसा अछूता नहीं रहा, जिनके लिए कुछ न किया हो। यही सब काम तो भाजपा के लिए सिरदर्द बन गया और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। अब जब कल्पना सोरेन सामने आयी हैं तो उन्हें कल्पना का डर समा गया है।

झामुमो प्रवक्ता ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता में कहा कि पीएम मोदी भी यूपी से ही सांसद हैं, क्या वहां पर मां, बहन और बेटी से भाजपा के लोग ऐसे ही बात करते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी बताएं कि महिलाओं के खिलाफ ऐसे अभद्र भाषा बोलने वाले को झारखंड प्रभारी क्यों बना कर भेजे हैं। बाबूलाल मरांडी को अपने प्रदेश प्रभारी की इस भाषा पर अपनी राय रखनी चाहिए।

**बंगाल में मुस्लिम लीग के साथ सरकार चला रहे थे श्यामा प्रसाद मुखर्जी :** झामुमो प्रवक्ता भट्टाचार्य ने कहा कि पीएम मोदी कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का पत्र कहते हैं। लेकिन जब 1942 में मौलाना आजाद के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी, तब श्यामा प्रसाद मुखर्जी मुस्लिम लीग के साथ मिल कर बंगाल में सरकार चला रहे थे। आज उनके लोग ही कांग्रेस के घोषणा के पत्र पर सवाल खड़ा कर रहे हैं।

# 4 जून को सब पता चल जाएगा, जनता सबक सिखाने को तैयार बैठी है : आदित्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा जनता 4 जून को इनके पाप की गठरी खोलेगी। सबक सिखाएगी। साहू ने कहा, झामुमो हताश और निराश है। इसलिए कभी ईवीएम पर नाराजगी व्यक्त करता है, तो कभी भाजपा पर। कभी ईडी पर, तो कभी चुनाव आयोग पर। उन्होंने कहा कि उलगुलान रैली कर लें या कुछ भी कर लें, अब कुछ भी होने वाला नहीं। अब भ्रष्टाचार का पाप झामुमो के सिर पर नाच रहा है। युवाओं की आह इन्हें बेचैन कर रहा है। गरीबों के लूटे अनाज इनकी नींद हराम कर रहा है। उन्होंने कहा कि छह हजार से ज्यादा बहन बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ होने पर चुप रहने वाली पार्टी आज महिला सम्मान की बात कर रही है। आदिवासी दारोगा रूपा तिर्की, संध्या टोपनो की हत्या ने झामुमो को कभी विचलित नहीं किया। टुकड़े-टुकड़े में काटकर पहाड़िया रुबिका की हत्या पर झामुमो को गुस्सा नही आया। जलाकर घर में मार दी गई बेटी पर झामुमो को गुस्सा नहीं आया। उन्होंने कहा कि घर से निकलकर बहू ने अपने पति की मौत की जांच की मांग की। यह बड़ा सवाल झामुमो के लिए नहीं बना। उन्होंने कहा कि पहली बार झारखंड की नतिनी, पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू को कांग्रेस द्वारा अपमान जनक शब्द कहे जाने पर झामुमो को कोई फर्क नही पड़ा, क्योंकि सत्ता की भूख उन्हें सबसे ज्यादा प्यारी है। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद को अपना उम्मीदवार घोषित करने से किसने रोका है। कब तक भाजपा के उम्मीदवार का बहाना बनाते रहेंगे। भाजपा ने डंके के चोट पर उम्मीदवार घोषित कर दिया है। झामुमो और ठगबंधन अपनी चिंता करे। उन्होंने कहा कि झामुमो अपना जनाधार खो चुका है। पार्टी में मुख्यमंत्री डमी बन चुके हैं। कहने को चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री बने हैं, लेकिन कुर्सी बचाने के लिए खूब पापड़ बेलने पड़ रहे हैं। कल तक पार्टी के युवराज इशारे पर चल रहे मुख्यमंत्री चंपाई जी को अब और किनका-किनका सुनना पड़ेगा, ये तो वे खुद समझ गए होंगे। उन्होंने कहा कि इतना अगर जनता की आवाज सुन लेते, तो आज झामुमो को ये हालत नही देखनी पड़ती।

# मतदान से एक भी मतदाता वंचित नहीं रहें : के. रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त को निर्देश कहा कि मतदान से एक भी मतदाता वंचित नहीं रहे, योग्य मतदाता जो अभी भी जिनके नाम निर्वाचक सूची में शामिल नहीं हैं उनका फॉर्म-6 में आवेदन प्राप्त कर नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी करें। साथ ही अब तक जितने भी फॉर्म 6 से नाम जोड़ने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है उनका शीघ्र निष्पादन करें, इसे कदापि लंबित नहीं रखें । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सोमवार को निर्वाचन सदन, रांची से झारखंड के सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के साथ लोक सभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे।

# कानूनी नोटिस पर बिफरे विधायक सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने एक बार फिर धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर हमला बोला है। इस बार ढुल्लू महतो द्वारा सरयू राय को भेजे गए एक कानूनी नोटिस को लेकर किया है। विधायक सरयू राय ने कहा है कि यह कानूनी नोटिस घटिया दर्जे का है, जवाब देने लायक नहीं है, रद्दी की टोकरी में फेंकने लायक है। मैंने इसे फाड़कर रद्दी की टोकरी में फेंक दिया है। जब नोटिस का जवाब देने पर कानूनी कार्रवाई करने की धमकी देने वाले ढुल्लू महतो की यदि हिम्मत है तो सीधे न्यायालय का दरवाजा खटखटायें और मुझपर मानहानि का मुकदमा कर दें। मुझे कानूनी नोटिस भेजना इनकी चुनावी चाल है। अपने ऊपर के आपराधिक मुकदमों से जनता का ध्यान भटकाने की साजिश है। मैं यह साजिश सफल नहीं होने दूंगा। इसका पदार्फाश करूंगा। कानूनी नोटिस में श्री महतो ने मुझे सामंती मनोवृत्ति का बताया है और पिछड़ी समुदाय एवं गरीब लोगों का विरोधी मानसिकता का बताया है। यदि श्री महतो को शौक है कि मैंने जो आरोप उनपर लागाए हैं, उससे धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों को अवगत होना चाहिए तो मैं इसका पंपलेट और पोस्टर बनवाकर धनबाद लोकसभा क्षेत्र के चौक चैराहे पर लगवा दूंगा। मैं उन घटनाओं का भी उल्लेख पोस्टर में कर दूंगा, जिनमें श्री महतो ने न केवल पिछड़े वर्ग बल्कि अपने सजातीय समुदाय के ऊपर धृणित अत्याचार किया है और उनकी हकमारी करते रहे हैं। भाजपा के प्रदेश प्रभारी सहित अन्य नेताओं को भी इसकी जानकारी होनी चाहिए कि श्री ढुल्लू महतो पर 46 मुकदमे होने की जानकारी स्वयं धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक ने झारखण्ड उच्च न्यायालय को पत्र लिखकर दिया है।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र से भाजपा में खलबली पीएम बौखलाहट में : राजेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




8 अप्रैल। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र से भाजपा में खलबली मची है। प्रधानमंत्री पूरी बौखलाहट में है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस चुनाव में 180 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पा रही है, यह सर्वे उनकी खुद के एजेंसियों द्वारा किया गया है, जिससे मोदी विचलित है। 10 साल सत्ता में रहने के बाद जब आज देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है तब वह इन 10 सालों का अपना रिपोर्ट कार्ड दिखाकर वोट मांगने से डर रहे हैं। भाजपा घबरा गई है और वह फिर से अपनी घिसी-पिटी हिंदू मुसलमान की स्क्रिप्ट पर उतर आई है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर प्रदेश कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन बोल रहे थे। संवाददाता सम्मेलन में महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलको, प्रवक्ता सोनाल शांति, कमल ठाकुर,रियाज अंसारी, ऋषिकेश सिंह उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र कागज नहीं बल्कि न्याय पत्र है और यह हर उस समस्या का समाधान है जो भाजपा ने अपने 10 वर्षों के शासनकाल में जनता पर लादी है। उन्होंने कहा कि आज देश में जब चुनाव मुहाने पर है और इसके साथ देश में पर्व का माहौल भी है तब हमें यह भी तय करना है कि पर्व की आड़ में वोटो का ध्रुवीकरण ना हो, हमें अफवाहों से बचना होगा क्योंकि भाजपा मतों के ध्रुवीकरण के लिए सांप्रदायिक माहौल बनाने में माहिर है। उन्होंने कहा कि चुनाव देश के संविधान को बचाने की लड़ाई है, क्योंकि भाजपा को शुरू से ही देश के संविधान पर विश्वास नहीं था, वह देश पर अपनी सांप्रदायिक विचारधारा थोपना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इतने बौखलाये, डरे और भयभीत है कि हार सामने देखकर अनर्गल बातें कर रहे हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसान, युवा,महिला सहित सभी वर्गों की छाप है इसलिए मोदी हर बार की तरह देश की जनता को मूल मुद्दे से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, इसी बौखलाहट में बिना सोचे समझे कांग्रेस घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने का जुमला जड़ दिया। जबकि भाजपा के पुरखे यानी श्यामा प्रसाद मुखर्जी मुस्लिम लीग के साथ मिलकर 1942 में बंगाल,सिंध एन डब्लू एफपी में सरकार चला रहे थे और अंग्रेजों को सलाह दे रहे थे कि आंदोलन का दमन कैसे किया जाए। कांग्रेस की घोषणा पत्र में जम्मू कश्मीर, पुडुचेरी, लद्दाख, आंध्र प्रदेश,दिल्ली,मणिपुर आदि राज्यों के लिए के लिए भी विशेष घोषणा किया है। कांग्रेस ने देश की जनता को जब भी जो गारंटी दी है उसे हमेशा पूरा किया है आज देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी से पूछ रही है -जो जुमले पहले दिए थे उनका दो जवाब मेरे विकास का दो हिसाब।

# ईडी से खुलासे की जगह विधायक ने किया एलबम को लांच



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद और उनके भाई से सोमवार को ईडी दफ्तर में पूछताछ हो रही है। लेकिन पूछताछ से पहले विधायक अम्बा पूरी तरह बेफिक्र दिखी । ईडी दफ्तर जाने से पहले रांची प्रेस क्लब में विधायक अंबा ने सरहुल पर्व पर आधारित एक एलबम लॉन्च किया। जिसका नाम जिया हरसाय है। इस अल्बम में अम्बा प्रसाद ने खुद गाना गाया और नृत्य किया है।

मीडिया के सामने इस एलबम को लांच करने के लिए एक अजीब तरीका अपनाया गया। कई पत्रकारों को फोन कर कहा गया कि अंबा प्रसाद ईडी पर खुलासा करने वाली है, इस सूचना पर काफी संख्या में मीडिया कर्मी प्रेस क्लब पहुंच गए, जिन्हें फोन नहीं किया गया, वे भी दूसरे मीडिया कर्मी की सूचना पर पहुंच गए, लगभग पौन घंटे तक इंतजार करने के बाद विधायक महोदया पहुंची तो पता चला कि वे कोई खुलासा नहीं करने वाली है, बल्कि एलबम लांच करने वाली है। मीडिया में स्पेस लेने के लिए यह फंडा अपनाया गया, लेकिन विधायक समर्थकों के इस मजाक से कई मीडियाकर्मी खासे नाराज दिखे।

## न्यूज बॉक्स

### फर्जी कॉल से गिरिडीह के मतदाताओं को किया जा रहा दिग्भ्रमित, आजसू ने की कार्रवाई की मांग

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय सचिव बनमाली मंडल ने अरगोड़ा थाने में आवेदन देकर मोबाइल नंबर 8069167870 से कॉल करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। आवेदन में कहा गया है कि उक्त मोबाइल नंबर से गिरिडीह लोकसभा के मतदाताओं को कॉल करके गलत जानकारी देकर दिग्भ्रमित किया जा रहा है। यह व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से कॉल करने का दावा करते हुए लोगों को गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी को वोट नहीं देने की बात कह रहा है। विकृत मानसिकता के लोग चंद्र प्रकाश चौधरी की छवि खराब करने के लिए अनैतिक और गैर कानूनी उपाय अपना रहे हैं। बनमाली मंडल ने कहा कि इस तरह के कॉल से न सिर्फ चन्द्र प्रकाश चौधरी और हमारे गठबंधन की छवि ही धूमिल नहीं हो रही रही है, बल्कि मतदाताओं को भी प्रभावित किया जा रहा है।

### पीएम मोदी ने आदिवासी समाज का मान, सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाया : मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी एसटी सम्पर्क अभियान के प्रदेश टोली की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित हुए। बैठक में आदिवासी समाज के बीच बस्ती संपर्क, मंडल बैठक, लाभार्थी सम्पर्क को लेकर योजना बनाई गई। इसको लेकर लोकसभा वार प्रमुख नेताओं को दायित्व दिया गया । जो इस प्रकार है- शिवशंकर उरांव को लोहरदगा, रामकुमार पाहन को रांची, अवधेश सिंह चेरो को चतरा, मिस्त्री सोरेन को गोड्डा, दुर्गा मरांडी को राजमहल, विजय मेलगाड़ी को प. सिंहभूम, पारितोष सोरेन को दुमका, बिदेश्वर उरांव को खूंटी, सिकंदर हेम्ब्रम को गिरिडीह, प्रो. दिनेश मुर्मू को कोडरमा, उपेंद्र सरदार को जमशेदपुर और मनतोश सोरेन को धनबाद का दायित्व सौंपा गया है।

### कोयला कारोबारी इजहार अंसारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में हुए पेश

**रांची।** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के कोर्ट के समक्ष वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सोमवार को पेश हुए। मामले में दो अन्य चार्जशीटेट इश्तियाक अंसारी और इजहार अंसारी की एक और कंपनी से संबंध के बावजूद कोई कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ ईडी की ओर से दायर चार्जशीट पर ईडी की विशेष अदालत ने संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों की उपस्थिति के लिए आठ अप्रैल की तिथि निर्धारित की थी। इससे पूर्व, ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्यों के साथ 15 मार्च को अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्य के साथ आरोप पत्र दाखिल किया था।

### साइबर क्राइम की घटना की रोकथाम को लेकर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम की घटना की रोकथाम को लेकर मनोज कुमार राय की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में न्यायाधीश जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार और आरबीआई की ओर से मामले में जो जरूरी कदम उठाया जाना था, वह उठाया जा चुका है। कोर्ट के आदेश का अनुपालन हो गया, ऐसे में अब इस याचिका पर सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने जनहित याचिका निष्पादित कर दी। प्रतिवादी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पैरवी की। दरअसल, पूर्व की सुनवाई में आरबीआई की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया था कि वह राज्य सरकार को साइबर फ्रॉड रोकने को लेकर दिशा-निर्देश जारी नहीं कर सकती है।

### प्रेमिका की हत्या के दोषी को उम्रकैद

**रांची।** रांची में प्रेमिका की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक देने वाले संजीव कुमार को अपर न्यायायुक्त एस बिरुआ की अदालत ने सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। वारदात 2019 की है। संजीव कुमार का एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग था। वह उस पर शादी के लिए दबाव बना रही थी, लेकिन संजीव किसी और से शादी करने की तैयारी कर रहा था। इस वजह से उसने महिला की हत्या कर दी और इसे दुर्घटना का रूप देने के लिए लाश को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था। बाद में पुलिस ने मामले का खुलासा किया। अदालत ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर उसे दोषी करार दिया था। सोमवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद अदालत ने आजीवन कारावास का फैसला सुनाया।

### अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की 4.55 एकड़ भूमि की खरीद-बिक्री घोटाले मामले में आरोपी कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल के डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 22 अप्रैल निर्धारित की है। इससे पूर्व पिछली सुनवाई में ईडी की ओर से बहस पूरी कर ली गई थी। जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने अमित कुमार अग्रवाल को आठ जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से जेल में हैं। मामले में आरोपित को पुलिस पेपर सौंपा गया। पुलिस पेपर मिलने के बाद अग्रवाल ने अपने आप को निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की है।

### अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, फैसला 20 को

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की 4.55 एकड़ भूमि की खरीद-बिक्री घोटाला मामले में आरोपी अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन के कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट इस मामले में 20 अप्रैल को अपना फैसला सुनाएगी। अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गई है। ईडी ने अफसर अली को 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में जेल में है। मामले में अब उस पर आरोप गठन की प्रक्रिया होनी है, जिसे देखते हुए उसकी ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गई। उल्लेखनीय है कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

### चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में डीजी सीआईडी को हाई कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश

**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई पर डीजी सीआईडी को सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। इससे पहले, मामले के अनुसंधानकर्ता की ओर से कोर्ट से आग्रह किया गया कि गुमशुदा दोनों बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिकस यानी फिंगरप्रिंट्स, आंखों के रेटिना उपलब्ध कराए जाएं, ताकि बच्चों को खोजने में सहायता मिले। हालांकि, कोर्ट ने इस संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया है। कोर्ट ने कहा कि आधार कार्ड से संबंधित ऐसी पर्सनल चीजों की जानकारी आसानी से नहीं दी जाती है। न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

## एक नजर

### रक्तदान सबसे बड़ा दानः डॉ मृत्युंजय

**रामगढ़।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रविवार को झारखंड मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन रामगढ़ जिला इकाई की ओर से पुराना सदर अस्पताल ब्लॉक चौक रामगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डॉ ठाकुर मृत्युंजय नारायण सिंह, डॉ उदय श्रीवास्तव एवं सदर अस्पताल ब्लड बैंक पैथोलॉजिस्ट डॉ रेणू उपस्थित हुए। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। अपने संबोधन में डॉ ठाकुर मृत्युंजय नारायण सिंह ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इस दान की बदौलत लाखों लोगों की जान प्रतिवर्ष बचती है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि तीन माह में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। शिविर में एसोसिएशन के कई लोगों ने रक्तदान किया।

### रक्तदान सबसे बड़ा दानः डॉ मृत्युंजय

**रामगढ़।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रविवार को झारखंड मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन रामगढ़ जिला इकाई की ओर से पुराना सदर अस्पताल ब्लॉक चौक रामगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डॉ ठाकुर मृत्युंजय नारायण सिंह, डॉ उदय श्रीवास्तव एवं सदर अस्पताल ब्लड बैंक पैथोलॉजिस्ट डॉ रेणू उपस्थित हुए। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। अपने संबोधन में डॉ ठाकुर मृत्युंजय नारायण सिंह ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इस दान की बदौलत लाखों लोगों की जान प्रतिवर्ष बचती है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि तीन माह में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। शिविर में एसोसिएशन के कई लोगों ने रक्तदान किया। करीब 52 यूनिट रक्त जमा हुआ। सभी रक्तदाता को प्रमाण पत्र सौंपा गया।

### कम अनाज देने की शिकायत करने पर डीलर ने ग्राहक को पीटा

**रामगढ़ / गोला।** गोला थाना क्षेत्र के सुतरी गांव स्थित कोटा डीलर से राशन कम देने की शिकायत करने पर पीडीएस डीलर ने एक महिला को पीट कर घायल कर दिया। इस संबंध में पीड़त महिला ने थाना में आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि रविवार को वह राशन कार्ड लेकर डीलर अंदुराम रविदास के दुकान में राशन लेने गईं थी। यहां पर राशन कम दिया गया तो इसकी शिकायत डीलर से की गई तो डीलर गुस्से में आ गया। शोर शराबा सुन कर डीलर के भाई नागेश्वर रविदास, डीलर अंदुराम रविदास का पुत्र राजकुमार, देवकुमार, बिकी कुमार, अमित कुमार वहां पहुंच गए और गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगे। उन सबों ने मिलकर पीड़ित सुनीता देवी पति रत्नलाल रविदास, पुत्र रुपेश कुमार व रोहित कुमार की पिटाई कर दी। आरोप है कि कोटा डीलर दबंग प्रवृत्ति का है और ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार करते रहता है।

---

**भाजपा उम्मीदवार मनीष का तूफानी दौरा जारी, मौजूद रहे पूर्व विधायक**

# देशहित और जनकल्याण के लिए बीजेपी के पक्ष में मतदान करने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

लोकसभा चुनाव के दिन नजदीक होते ही उम्मीदवारों को बैचैनियां स्पष्ट देखने को मिल रहे है. चैन की वंशी बजाने वाले उम्मीदवार गर्मी की तर बत्तर से परेशान दिख रहे हैं. सोमवार को हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बरही विस क्षेत्र के भाजपा पश्चिमी मंडल क्षेत्र का दौरा किया. मतदाताओं से संपर्क कर देशहित में भाजपा में पुनः विश्वास करते हुए कमल पर बटन दबाने की अपील की. इस दौरान भाजपा उम्मीदवार के साथ मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मौजूद रहे. जनसंपर्क अभियान खोड़ाहार पंचायत के रालो गांव से प्रारंभ हुआ. जो देवचंदा मोड, गौरियाकरमा, निचीतपुर, खैरोन, कटियौन, केदारुत, करसो, डुमरडीह, बरहीडीह, हरिला, जरहिया, पंचमाधव, कोलंगा, पंचमाधव, बसरिया, माधोपुर, कारीमाटी, पड़रिया, लश्करी, पुरहरा, धमना, बेंदगी होते हुए देर संध्या पोडैया में समाप्त हुआ. इस क्रम में श्री जायसवाल का लोगों ने फुल व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया. पूर्व विधायक श्री यादव ने देशहित और जनकल्याण के लिए बीजेपी के पक्ष में मतदान करने की अपील की. दोनों नेताओं ने उपस्थित लोगो से बीजेपी के पक्ष में मतदान कर देश को सुरक्षित, विकसित बनाने का को बात कही. अपना बहुमूल्य मत भी देने का आश्वासन दिया. जनसंपर्क अभियान भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गणेश यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि शैलेंद्र सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू अकाश जायसवाल आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

---

## माता वैष्णो देवी मंदिर में बासंती नवरात्र आज से शुरू



**रामगढ़।** पंजाबी हिन्दू बिरादरी के तत्वावधान में शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में बासंती नवरात्रा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को कलश स्थापना के बाद नवरात्र पूजन से होगा। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्र पूजन मंगलवार 9 अप्रैल से प्रतिदिन प्रातः नौ बजे से प्रारंभ होगा। पूजन में मुख्य यजमान संजीव चड्ढा व उनकी पत्नी अंजू चड्ढा होंगे। श्री वासुदेव ने बताया कि आगामी 15 अप्रैल को मंदिर परिसर में महिला मंडली द्वारा माता की चौकी, 16 अप्रैल को हवन, कंजक पूजन एवं 17 अप्रैल को सुबह 8 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

---

**रामकृष्ण शारदा आश्रम में लगाया गया निः शुल्क दंत जांच शिविर**

## शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना ही मेरा लक्ष्य : डॉ प्रवीण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर श्रीनिवास हॉस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को शहर के हुरहुरू स्थित रामकृष्ण शारदा आश्रम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में निःशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 63 जरूरतमंद एवं मरीजों को निशुल्क दंत जांच तथा उपचार हुआ। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा लगाया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। जरूरतमंदों को निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ दवाईयां तथा मुफ्त टुथपेस्ट एवं टुथब्रश का वितरण कर नियमित इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर में स्क्रीनिंग का उपचार भी निःशुल्क सेवा दिया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ सौम्या राज ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस को मनाने का उद्देश्य स्वास्थ्य और देखभाल सुविधाओं के प्रति जागरूक करना हैं।

---

**◆शिलाडीह में रामनवमी पूजा की तैयारी पूरी**

# कलश स्थापना से सप्तमी तक श्रीराम कथा का वाचन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड के ग्राम शिलाडीह में पूर्व की भांति इस वर्ष भी ग्राम वासियों एवं विश्व हिंदू परिषद शिलाडीह के संयुक्त तत्वावधान में रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस बाबत समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार सिंह एवं सचिव रामतीर्थ पांडेय ने बताया कि कलश स्थापना अर्थात मंगलवार 9 अप्रैल से सप्तमी तक भव्य श्री राम कथा का वाचन व धार्मिक संगीत का आयोजन संध्या 6:30 से रात्रि 10:30 तक किया जाएगा। कथा वाचन काली मंदिर परिसर में पूर्व की भांति होगी। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। बताया की कथा वाचन व धार्मिक संगीत के लिए अयोध्या धाम से प्रसिद्ध कथावाचक विद्यांशु जी महाराज एवं उनकी टीम पधार रही है। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासी एवं विश्व हिंदू परिषद के लोग अहम भूमिका निभा रहे हैं। विदित हो की पूजा को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए पूजा समिति एवं शोभा समिति का गठन पूर्व में ही कर लिया गया है। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार सिंह, उपाध्यक्ष न्उप सचिव रामेश्वर राम, कोषाध्यक्ष रामनरेश पांडेय, पूजा प्रमुख सुनील पांडेय, शोभा समिति अध्यक्ष शिवलाल यादव, उपाध्यक्ष कृष्णजय पांडेय को बनाया गया है।

**○अयोध्या के प्रसिद्ध कथा वाचक विद्यांशु जी महाराज व टीम के द्वारा रात्रि में कथा व संगीत का आयोजन**

---

**कई लोगों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का थामा दामन, स्वागत**

# देशहित व जनहित के लिए भाजपा का दें साथ : मनीष



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

सोमवार को भाजपा उम्मीदवार के चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान देवचंदा मोड़ पर कांग्रेस के दर्जनों नेताओं ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा. जिनका भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फूलो की माला व कमल निशान का पट्टा पहनाकर स्वागत किया. नेताद्वय ने बताया कि पूरे देश में पीएम मोदी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है. देशहित व जनहित के लिए विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी भाजपा में शामिल हो रहे है. पूर्व विधायक ने कहा कि पूरा देश मोदीमय हो चुका है. भाजपा ने कई अनहोनी कार्य कर देश को सबल और जनभावनाओं का कद्र किया है. देश सुरक्षित और सबल हुआ है. तीन तलाक व धारा 370, श्रीराम मंदिर निर्माण, उज्ज्वला गैस योजना, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान योजना आदि सैकड़ो योजनाएं चलाकर बीजेपी नीत केंद्र सरकार ने भारतवासियों का दिल जीत लिया है. उन्होंने उपस्थित लोगो से एक बार फिर मोदी नेतृत्व वाली सरकार बनाने के लिए आगामी 20 मई को कमल निशान का बटन दबाकर जुझारू नेता श्री जायसवाल को दिल्ली भेजने का काम करें. जिससे हजारीबाग के समस्याओं को दिल्ली के सदन में जोरदार तरीकों से उठाया जा सके. भाजपा में शामिल होने वालो में बरही के पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि देवनंदन यादव, पंसस बिकास कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वर यादव आदि शामिल हैं।

**◆केन्द्र सरकार ने भारतवासियों का दिल जीता**

**◆ पूरे देश में पीएम मोदी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है**

---

## आज भव्य मंगला जुलूस व शोभायात्रा में शामिल होने के लिए सभी को दिया गया निमंत्रण पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ की सोमवार को यादव होटल के निकट बैठक आयोजित हुई। इसकी जानकारी महासमिति के मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी ने दिया। बैठक में अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने सभी रामगढ़ वासियों को मंगलवार को आयोजित हो रहे मंगला जुलूस में शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि इससे सनातनी एकता का सन्देश जाएगा। कहा की राममलला के विराजमान होने के बाद पहली बार रामनवमी मनाया जा रहा है जो इस बार भव्यता से मनाया जाएगा। दीपक मिश्रा ने कहा की इस बार अयोध्या में विराजमान श्रीराम लला जी कि मूर्ति का प्रारूप जुलूस एवं झांकियों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा। सिद्धू कान्हू मैदान से निकलने वाली झांकियों में गाजे बाजे साथ विभिन्न प्रकार की झांकियां शामिल रहेंगी। जो चट्टी बाजार, थाना चौक होते हुए सुभाष चौक से छावनी फुटबॉल ग्राउंड में सभी रामभक्तों के बीच खिचड़ी महाभोग के वितरण के बाद संपन्न होगी। संरक्षक रंजन फौजी ने कहा कि इस बार मंगला जुलूस भव्यता और अनुशासित ढंग से निकलेगी।

---

**आज से प्रारंभ चैत्र नवरात्र, घोड़ा पर होगा मां का आगमन**

## 11.36 मिनट से 12. 24 मिनट तक कलश स्थापना के है अभिजीत मुहूर्त : रतन पांडेय




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

मंगलवार से चैत्र नवरात्र की शुरूआत हो रही है. इस अवसर पर मां के नौ स्वरूप पहली शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कूष्मांडा, पांचवी स्कंध माता, छठी कात्यायिनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी और नौवीं सिद्धिदात्री के रूप में आराधना की जायेगी. धनबाद रोड महावीर मंदिर के पुजारी रतन पांडेय ने बताया कि इस दौरान मां के भक्त घट स्थापित कर नौ दिन तक सुबह शाम पूजन करते है. इस वर्ष मां का आगमन घोड़े पर हो रहा है. जो शुभ संकेत है. घट स्थापित करने के लिए उन्होंने अभिजीत मुहूर्त का समय 11.36 मिनट से 12.24 मिनट श्रेष्ठ बताया है. वही इंटरनेट पर उपलब्ध समय के अनुसार घट स्थापना का समय प्रातः 6.05 मिनट से 10.16 मिनट तक बताया जा रहा है. जो कुल को 4 घंटे 11 मिनट का बताया जा रहा है. 17 अप्रैल को हवन पूजन व कुआरी कन्या पूजन के साथ घट विसर्जित किए जायेगें. उसी दिन महरामनवमी का त्योहार भी मनाया जाएगा. नवरात्रि के पूरे नौ दिन मां देवी को समर्पित होते हैं. शास्त्रों के अनुसार एक वर्ष में चार नवरात्रि आते है जिसमे चैत्र और आश्विन की नवरात्रि ज्यादा प्रचलित है. माघ और आषाढ़ में पढ़ने वाले नवरात्रि गुप्त नवरात्रे भी कहे जाते हैं.

---

# एटीएम छेड़छाड़ कर रुपए चुराने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

पुलिस ने कुजू में एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर रूपए चुराने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी सोमवार को एसपी डॉ विमल कुमार ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल को इंडियन ओरवसीज बैंक मरार (शाखा) रांची रोड के मैनेजर ने कुजू ओपी में सूचना दी कि बैंक के एटीएम में दो संदिग्ध लोगों ने छेड़छाड़ की है। इस संबंध में मांडू थाना कांड संख्या 91/2024 गत सोमवार को धारा 467/468/471 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसपी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर टीम को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया, जिसपर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इंडियान ओरवरसीज बैंक मरार शाखा के एटीएम के आसपास छापामारी अभियान चलाया। जिसमें एक संदिग्ध युवक पकड़ा गया। जिसने अपनी पहचान चंदन कुमार 24 वर्ष पिता सुनील सिंह निवासी मायापुर, थाना फतेहपुर, जिला गया बिहार बताया। एसपी ने बताया कि युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एटीएम खोलने में प्रयोग की गयी चाभी, पेचकस, नगद 3070 रूपए सहित अन्य सामान बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि युवक का आपराधिक इतिहास है। उसपर फतेहपुर, जिला गया (बिहार) थाना कांड संख्या 185/21, 07.06.2021, धारा 364 ए/ 365/304 भादवि, कोतवाली, जिला बस्ती (यूपी) थाना कांड संख्या 103/23, धारा 379 भादवि एवं कोतवाली जिला बस्ती (यूपी) थाना कांड संख्या 163/23, धारा 380/411 भादवि एवं 66 (डी) आईटी एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, मांडू थाना प्रभारी रंजीत यादव, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे, पुअनि साबीर हुसैन, सअनि बिरेंद्र कुजूर सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**◆विशेष टीम का गठन कर टीम को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया**

---

### एक दिवसीय कराटे रेफरी सेमिनार हुआ आयोजन

**रामगढ़।** थाना चौक स्थित होटल शिवम इन के सभागार में स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड की ओर से एक दिवसीय कराटे रेफरी सेमिनार का आयोजन किया गया। उक्त सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि सह प्रशिक्षक के रूप में स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के रेफरी कमीशन के चेयरमैन हेजाज असदक व बतौर विशिष्ट अतिथि कमीशन के वाइस प्रेसिडेंट नरेंद्र सिन्हा, रामगढ़ डिस्ट्रिक्ट कराटे डू एसोसिएशन के सचिव शशि पांडेय, संजय सोनकर तथा सुमित कुमार मौजूद थे। सेमिनार सह प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन समारोह के अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए राज्य एसोसिएशन के रेफरी कमीशन के चेयरमैन हेजाज असदक ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर कराटे खेल के नियमों में आने वाले बदलाव को समझने के लिए है। इस तरह के सेमिनार के बार-बार आयोजन करने से रेफरी और जजेस की गुणवत्ता में सुधार आएगा। जिससे खेल तथा प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के साथ न्यायसंगत फैसला करने में मदद मिलेगी।

---

## न्यूज बॉक्स

### मुखिया ने कांग्रेस छोड़कर थामा भाजपा का दामन



**हजारीबाग।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी प्रखंड स्थित गर्री पंचायत के मुखिया हित नारायण साव ने पीएम नरेंद्र मोदी और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के कार्यो से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी छोड़कर सोमवार को हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के आवासीय परिसर में अहले सुबह पहुंचकर भाजपा का दामन थाम लिया। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले गर्री मुखिया हित नारायण साव ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय हित और जनहित के आदर्शों पर कार्य करती है जिससे प्रेरित होकर मैं भाजपा का दामन थाम रहा हूं और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जिताने में पूरी क्षमता झोंक दूंगा। मौके पर केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, उपेंद्र सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शेर सिंह, युवा अधिवक्ता इंद्र कुमार पंडित, रंजन चौधरी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### रामनवमी महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव ने मनीष जायसवाल से की मुलाकात



**हजारीबाग।** ऐतिहासिक रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बनने के बाद सोमवार की सुबह जीतू यादव ने अपने समर्थकों के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल से उनके आवासीय परिसर में मुलाकात की और आगामी रामनवमी को सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर उनके विशेष चर्चा- परिचर्चा किया। मनीष जायसवाल ने रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बनने पर जीतू यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया साथ ही उनके नेतृत्व में आगामी रामनवमी के सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने की कामना भी की। मौके पर विशेषरूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, अभाविप के रितेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मतदाताओं की पहचान के लिए वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची जारी



**हजारीबाग।** ऐसे मतदाता जो मतदान के दिन अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, ये दस्तावेज तभी मान्य होंगे जब मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज हों।वे पासपोर्ट, ड्राईविंग लाइसेंस, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंको डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, आयकर पहचान पत्र, आधार कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अन्तर्गत आर.जी.आई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड श्रम मंत्रालय की योजना द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज। एमपी/एमएलए द्वारा जारी आधिकारिक पहचान पत्र एवं यूनिक विकलांगता पहचान पत्र में से कोई एक प्रमाणपत्र दे सकते हैं। जिन नागरिकों का मतदाता सूची में नाम किन्ही कारणों से छूट गया है वें अब भी फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते है। बीएलओ के माध्यम से फॉर्म 6 भरें वोटर हेल्पलाइन से ऑनलाइन ऐप के माध्यम से, 1950 वोटर हेल्पलाइन से अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं।

### हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत हैं मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का संपूर्ण जीवन : मुन्ना सिंह



**हजारीबाग।** रविवार देर शाम समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने हजारीबाग रामनवमी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जीतू यादव से अपने आवास मुलाकात की। मौके पर श्री सिंह ने रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष जीतू यादव को चुने जाने पर ढेरों बधाइयां दी एवं कहा कि हजारीबाग की राम नवमी का इतिहास सौ साल पुराना है तथा हजारीबाग के लोगों में इस पर्व का उत्साह काफी अत्यधिक होता है। श्री सिंह ने जीतू यादव से इस महापर्व के सफल आयोजन के लिये उचित परामर्श दिया।मौके पर सुरेश यादव, सुजित सिंह, रविन्द्र कुशवाहा, बबलू सिंह, चानो मुखिया पप्पू यादव समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### 9वीं कक्षा की छात्रा के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप युवक पर लगाया

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम करमटांड की 9वीं कक्षा की एक छात्रा ने यौन शौषण करने का आरोप लगाया है। इस बाबत नाबालिक ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराई है। जिसमें कहा है कि ग्राम तेलोडीह थाना बरही निवासी युवक रूपेश कुमार पिता महेंद्र राम के साथ आज से डेढ़ वर्ष पूर्व फेसबुक के माध्यम से प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब चार माह पूर्व 19 दिसंबर को शादी का झांसा देकर बरही आने को कहा तथा बरकट्ठा विद्यालय आकार मुझे अपने साथ ले गया। चार माह के दौरान कई बार बरही के अलग अलग स्थान पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। जब में चार माह की गर्भवती हो गई तो इसकी जानकारी रूपेश को दी तो शादी करने से इन्कार कर दिया। इस संबध में बरकट्ठा पुलिस ने कांड संख्या 56/24 के तहत मामला दर्ज कर पीड़िता का न्यायलय में 164 का बयान दर्ज करा दिया गया है। थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जुट गई हैं।

## एक नजर

### आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

**झुमरी तिलैया।** ऑपरेशन समय पालन के तहत राकेश बाग हॉल्ट के समीप गांव में आरपीएफ द्वारा जन जागरण अभियान चलाया गया। साथ हीं लोगों से जनसंवाद बताया गया कि कोडरमा गिरिडीह रेलखंड में चलने वाले ट्रेनों में एसीपी नहीं करें और रेल पटरी पर जानवर वबच्चों को न जाने दें। आरपीएफ ने बताया कि रेलवे संपत्ति सार्वजनिक संपत्ति है,जिसकी रक्षा करना सभी का कर्तव्य बनता है।

### विधायक शोकाकुल परिवार से मिले

**जयनगर ।** कटिया बाजार निवासी व्यवसायी विजय गुप्ता के आकस्मिक निधन पर विधायक अमित कुमार यादव उनके आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। उन्होंने शोक संवेदना प्रकट कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ हीं परिजन को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर जिप सदस्य केदारनाथ यादव, महावीर यादव, मुखिया प्रतिनिधि हिन्दकिशोर राम, शशि चौधरी,डेगलाल चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, विवेक गुप्ता, सुभाष मोदी,जितेंद पासवान, सहदेव राणा, संदीप राणा, राजेश शर्मा, संदीप यादव, विशाल कुमार, रवि ठाकुर, बजरंगी मोदी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### दो अलग- अलग मामले में तीन लोग गिरफ्तार,जेल

**सतगावां ।** एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर समकालीन अभियान चलाया गया। स्थानी पुलिस ने दो अलग-अलग पूर्व के मामले को लेकर पिता- पुत्र समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि दुलारचंद सिंह और उनके पुत्र वीरेंद्र सिंह दोनों, ग्राम कोठियार निवासी को 27 साल पूर्व 30/1997 कोर्ट परिवाद को लेकर गिरफ्तार किया है। जबकि ग्राम इटाई निवासी धर्मेंद्र राजवंशी, पिता- राजेंद्र राजवंशी को बेलटूटी मामले को लेकर उनके घर से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस ने कोडरमा जेल भेज दिया।

### पुलिस ने सौ पशु लोड तीन ट्रक को किया जब्त, गिरफ्तार 14 लोगों को जेल

**कोडरमा।** एसपी अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा थाना की पुलिस ने सौ पशु लोड तीन ट्रक को जब्त किया है। थाना प्रभारी सुजीत कुमार की अगुआई में छापेमारी टीम ने इन ट्रकों को जब्त करते हुए 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। मेघातरी चेकपोस्ट के पास जब्त तीन ट्रक में 20 गाय, 16 बछडा, 50 भैसा,10 भैस और चारर भैस का बछड़ा लोड था। मामले में कोडरमा थाना में प्राथमिक दर्ज की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त में अनिल कुमार,पिता- स्व. रामश्रय यादव,थाना चडी, जिला नालंदा बिहार, गुड्डु कुमार, पिता- रामभवन राय, हरश्याम चाक, थाना दानापुर, जिला पटना बिहार, वीरू कुमार, पिता- कृष्ण राम, खासपुर, थाना मनेर, जिला पटना, विकास कुमार,पिता- कृष्ण राम, खासपुर, जिला नवादा बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**जहरीले करैंत सांप के काटने से युवक की मौत**

# अनाथ हो गए चार बच्चे, वर्षों पहले मां का भी हो चुका है देहांत



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** थाना क्षेत्र अंतर्गत पतिअम्बा तेतेर टोली गांव में रविवार को गांव के जोसेफ केरकेट्टा, पिता पालु केरकेट्टा, उम्र 47 वर्ष को विषैले करैंत सांप के काटने से मौत हो गई।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रविवार रात करीब 9 बजे जोसेफ अपने घर से कुछ दूरी पर महुआ पेड़ के पास जानवरों को खेदेडने गया था। इस दौरान सांप ने उसे डस लिया। जिसके बाद जोसेफ ने भी सांप को पकड़ कर काट लिया। मृतक ने इसकी जानकारी घर आकर लोगों को बताया और फिर वो खुद साइकिल चलाकर रात को ही झाड़ फूंक के लिए पतिअम्बा बस्ती टोली में किसी ओझा के पास चला गया। झाड़ फूक के बाद मृतक जोसेफ अपने घर आकर सोया और सोमवार सुबह होते ही उसके शरीर में जहर का असर होने लगा इसके बाद जोसेफ जोर जोर से चिल्लाने लगा। आस पास के लोगों ने बाइक से बैठा कर जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया लेकिन डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया सदर अस्पताल जाने के कारण में जोसेफ केरकेट्टा की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम पसरा गया। मृतक जोसेफ केरकेट्टा के चार बच्चे हैं गरीबी से लड़ने के लिए एक बड़ा बेटा और दो बेटी बाहर काम करने गई है, पिता के साथ घर में सबसे छोटी बेटी रहती थी। मृतक जोसेफ की पत्नी का भी वर्षों पहले देहांत हो चुका है। अब बच्चों के सर से पिता का साया भी नहीं रहा।

**◆जोसेफ को जब शरीर में जहर का असर होने लगा इसके बाद जोसेफ जोर जोर से चिल्लाने लगा। सदर अस्पताल जाने के क्रम में जोसेफ केरकेट्टा की मौत हो गई**

# चैती नवरात्र को लेकर कोलेबिरा दुर्गा मंदिर में होगी पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** प्रखंड अंतर्गत श्री श्री 1008 श्री मां जगदंबा मंदिर बरवाडीह मोड़ देवीगुड़ी चौक कोलेबिरा में चैती दुर्गा नवरात्र पूजा को लेकर बैठक की गई। जिसमें बैठक में समिति के द्वारा निर्णय लिया गया कि इस वर्ष कलश स्थापित कर चैती दुर्गा पूजा किया जाएगा समिति ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी ग्राम वासियों को इस समाचार के माध्यम से निमंत्रण दिया है साथ ही समिति के द्वारा रामनवमी के दिन बरवाडी मोड़ स्थित मां जगदंबा मंदिर से बजरंगी झंडा लेकर रामनवमी पहाड़ स्थित अखाड़ा लेकर जाया जाएगा साथ ही चैती दुर्गा पूजा का विसर्जन धूमधाम के साथ 19 अप्रैल को किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से आचार्य शिवपति महाराज, जितेंद्र प्रसाद, जीतन प्रसाद, गोविंद पंडा, सुमंत कुमार,चिंटू संदीप कुमार, बृज बिहारी प्रसाद, हेमंत प्रसाद, जयराम प्रसाद, सूरज पंडा आदि उपस्थित थे।

**उपायुक्त ने मतदान केंद्र में सुविधा को लेकर की बैठक**

# बिजली, पेयजल व शौचालय की सुविधा ससमय सुनिश्चित करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की उपायुक्त महोदय ने ए.एम.एफ. से संबंधित शत प्रतिशत मतदान केंद्रों एवं कलस्टर पर सुविधा बहाल सुनिश्चित करने संबंधी कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सत प्रतिशत मतदान केंद्र एवं कलक्टर पर विद्युत पेयजल शौचालय आदि की सुविधा ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने पीभीटीजी मतदान केंद्रों एवं युनिक मतदान केंद्रों का चयन कर लोकल मुख्य थीम पर रंग रोगन करने एवं मतदान के दिन साज-सज्जा करते हुए मॉडल मतदान केंद्र बनाने की बात कहीं। उपायुक्त ने मतदान के दिन दिव्यांग एवं अति बुजुर्ग मतदाताओं जो कि मतदान केंद्र तक जाने में सक्षम नहीं है वैसे मतदाताओं के लिए के लिए अपने क्षेत्र की छोटी गाड़ियों का टैग कर मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की बात कहीं।इसके अलावा उपायुक्त ने प्रखंडवार फॉर्म-6 से संबंधित कार्यों की समीक्षा की।

**निर्धारित पथ पर ही सरहुल और रामनवमी की निकालें शोभायात्रा**

# आदर्श आचार संहिता के अनुरूप त्योहारों को मानने को लेकर डीसी ने दिए कई निर्देश

**◆ रामनवमी का जुलूस 17 अप्रैल को निकाली जायेगी। इसके लिए विभिन्न अखाड़ा के लोग महावीर चौक पर जुटेंगे**



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** आगामी त्योहार ईद, सरहुल, चैती छठ और दुर्गा पूजा एवं रामनवमी के मद्देनजर सिमडेगा समाहरणालय में सोमवार को उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ।जिसमे त्योहार आदर्श आचार संहिता के अनुरूप और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में बताया गया कि सरहुल के अवसर पर 11 अप्रैल को सलडेगा सरना स्थल से जुलूस निकाली जाएगी जो प्रिंस चौक, महावीर चौक होते हुए नीचे बाजार पेट्रोल पंप तक जाएगी। इसके बाद जुलूस मुख्य पथों से गुजरते हुए पानी टंकी के निकट सरना स्थल पहुंचेगी, यहां पर कार्यक्रम का विधिवत रूप से समापन किया जाएगा। रामनवमी का जुलूस 17 अप्रैल को निकाली जायेगी। इसके लिए विभिन्न अखाड़ा के लोग महावीर चौक पर जुटेंगे, इसके बाद जुलूस निर्धारित मार्ग से निकला जायेगा। इसके पूर्व 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक महावीर चौक पर हर दिन शाम में बैरिकेटिंग कर कार्यक्रम होंगे।इस दौरान वाहनों का परिचालन झूलन सिंह चौक से कॉलेज रोड होते हुए भट्ठीटोली होकर होगी। चैती छठ का अर्ध केलाघाघ और छठ घाट में 14 और 15 अप्रैल को होगी। चैती दुर्गा पूजा सलडेगा और ठाकुर टोली में होगी। बैठक में उपायुक्त ने रामनवमी जुलूस एवं सरहुल जुलूस के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर बिजली काटने का निर्देश दिया।

# दो ट्रकों में हुई जोरदार टक्कर, चालक को मशक्कत से निकाला गया बाहर



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** थाना क्षेत्र के पंडरीपानी ईट प्लांट के पास के पास सोमवार के शाम में दो ट्रकों में सीधी भिड़ंत हो गई, टक्कर इतनी जोरदार थी की ,मौके पर ट्रक चालक ट्रक के अंदर फंस गया घायलों में जमशेदपुर निवासी राजन कुमार शिवचरण राय एवं असम निवासी जसवंत सिंह को स्थानीय लोग एवं पुलिस की मदद से काफी देर मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकल गया और इलाज के लिए उसे अस्पताल रेफरल अस्पताल भेजा गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अचानक तीव्र गति से आ रही ट्रक ने अपना नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रही दूसरे ट्रक से सीधी टक्कर हो गई टक्कर के बाद वाहनों की लंबी लाइन लग गई और सिमडेगा राउरकेला मुख्य मार्ग पूरी तरह से एग्जाम हो गया। इधर मौके पर ठेठईटांगर थाना के सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार झा एवं एएसआई रूप कमल लकड़ा काफी देर तक प्रयास करने के पश्चात सिमडेगा राउरकेला मुख्य मार्ग में लगी जाम को हटवाया इसके बाद सुचारू रूप से आवागमन बहाल हुई ।बताया गया कि करीब एक घंटा से अधिक समय तक वाहनों का परिचालन पूरी तरह से बंद रहा ,इधर घायलों को रेफरल अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया गया।

# मौसम के बदलते मिजाज से फसलों की नुकसान की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा / जयनगर** इस समय मौसम के बदलते मिजाज से किसान चिंतित हैं। मौसम में कभी भारी गर्मी तो एकाएक तापमान गिरावट के साथ बूंदा-बूंदा बारिश से तैयार गेहूं फसल के साथ गरमा, भिंडी, करेला, झींगा, बरबटी, टमाटर, बैंगन, गोभी, कद्दू की फसलों को नुकसान पहुंचने की ज्यादा संभावना रहती है। किसानों का मानना है कि इस समय बारिश से गेहूं, चना की फसल के साथ गरमा फसलों को नुकसान है। गेंहू, चना फसल तैयार है और बारिश होने से कटाई से लेकर उसे सुरक्षित रखने तक परेशानी है। वहीं गरमा सब्जी फसल को इस समय अंकुर व फूल निकलने लगी है और इस समय बारिश व ओलावृष्टि से फसलों के अंकुर और फूल झड़ने का ज्यादा संभावना रहती है। इस परिस्थिति में सब्जी फसल में उत्पादन कम होती है जिस वजह से बाजार में किसानों के द्वारा सब्जी नहीं पहुंचने से व्यापारी के द्वारा कोल्ड स्टोर में पहले से रखी गयी सब्जी को अधिक मूल्यों पर बेचकर अधिक मुनाफा कमाते हैं और किसान इसके लाभ से बंचित हो जाते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक मनीष कुमार ने बताया कि मौसम के प्रतिदन बदलते मिजाज से फसलों को नुकसान होने की ज्यादा संभावना है। किसानो को इस समय खेतों में लगाये पौधों को बदलकर सभी क्षेत्रों में फलदार पेड़ लगायें और पौधों को नियमित रूप से देखभाल करें।

**◆किसानों का मानना है कि इस समय बारिश से गेहूं, चना की फसल के साथ गरमा फसलों को नुकसान है**

**केरसई मंडल में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न**

# बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र पर कार्य करें कार्यकर्ता : सुशील



**नवीन मेल संवाददाता। केरसई** लोकसभा चुनाव विजय अभियान के निमित्त आज केरसई में भारतीय जनता पार्टी की बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में स्वागत भाषण करते हुए मंडल अध्यक्ष मानकी लाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मवेवारी का निर्वहन करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त कर मतदाताओं को जागरूक करें ।कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिमडेगा विधानसभा सहसंयोजक सह केरसई मंडल प्रभारी सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है सभी कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हो जाएं और प्रधानमंत्री जी ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया है उसे चरितार्थ करे। कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर ज्यादा से ज्यादा भाजपा के पक्ष में मतदान करने का प्रयास करें।केरसई मंडल प्रभारी मानोज साय ने कहा कार्यकर्ता हर घर जाकर केंद्र सरकार के योजनाओं के लाभार्थियों से मिले मौके पर केरसई प्रखंड प्रमुख तरण भोय ,जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, सोभा देवी सहित सभी शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक बूथ अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

### मरकच्चो में भाजपा कार्यकर्ताओं का बूथस्तरीय सम्मेलन

**कोडरमा / मरकच्चो।** प्रखंड के देवीपुर पंचायत अंतर्गत डोंगोडीह स्थित साहू धर्मशाला में लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया। बैठक में सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, वरीय नेता रमेश सिंह, जिला प्रभारी भैया अभिमन्यु प्रसाद के अलावा जिला व प्रखंड के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान बूथ सशक्तिकरण पर चर्चा की गयी। साथ ही बूथ जीतो-चुनाव जीतो का नारा दिया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों के लिए चलाई गयी कल्याणकारी विकास योजनाओं और देश हित में लिए गए निर्णयों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की बात कही गयी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा भाजपा के 370 व एनडीए के 400 के पार सीट जितने का लक्ष्य रखा है।

**हाथियों के उत्पात को लेकर विधायक ने वन प्रमंडल पदाधिकारी से की मुलाकात**

# वन प्रमंडल पदाधिकारी ने जल्द समाधान करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जंगली हाथियों द्वारा किए जा रहे क्षेत्र में उत्पात को लेकर सोमवार को कोलेबिरा बिधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास कुमार उज्जवल से मुलाकात की। इस क्रम में अपने विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त हाथियों की समस्या के समाधान के लिए वन प्रमंडल पदाधिकारी को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक ने पदाधिकारी से कहा कि विधानसभा सदन सत्र में मेरे द्वारा उठाए गए प्रश्न के संदर्भ में सभी नियमों पालन सुनिश्चित किया जाए।जैसे के हाथियों के भोजन की व्यस्था जंगल में ही करने के लिए कई प्रकार के पौधों का रोपण किया गया है, पानी की व्यस्था के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बिगत 3 साल के अंतराल में 50 से अधिक चेकडैम का निर्माण किया गया है। पूरे जिले में 30 से अधिक वन समिति का गठन करते हुए उनके माध्यम से हाथी को भगाने की सामग्री का वितरण करते रहना जैसे कई सारे प्रावधानों को बताया गया है।उन्होंने कहा बातें सिर्फ कागजों पर ही सीमित नहीं रहे बल्कि सरकार द्वारा जो भी सुविधाएं ग्रामीणों को मुहैया करवाई जा रही है उनका लाभ ग्रामीणों तक अवश्य पहुंचना चाहिए। इसके अलावा जिनके घरों को हाथियों द्वारा नुकसान पहुंचाया गया उन्हें जल्द क्षतिपूर्ति का आकलन कर मुआवजा दी जाए। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि समी आलम और रावेल लकड़ा, जलडेगा प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया, अल्पसंख्यक सचिव जमीर अहमद, टी टाँगर बिधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग, ओड़गा पंचायत अध्यक्ष मसिहदास उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### फरसाबेड़ा के पास सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमडेगा रांची मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे 145 फरसा बेड़ा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर 28 वर्षीय निराला प्रताप राम नामक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मामले की जानकारी सोमवार कि अहले सुबह ग्रामीणों को हुई तब जाकर परिवार वालों को इसकी जानकारी दी ।वहीं मौके पर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शिवनी का सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि वह शादी समारोह में गया था और देर शाम तक नहीं लौटा था परिवार वाले उसे खोजने भी गए थे लेकिन कहीं पता नहीं चला। बताया गया कि वह देर रात घर लौटा और शराब के नशे में भटक रहा है था इसी दौरान अज्ञात वाहन से चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई यार पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

### बोलबा प्रखंड के शंख नदी के पास पुलिस ने किया वाहन जांच, एक का कटा चलान



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के शंख नदी के पास बोलबा पुलिस ने किया वाहन जांच, एक का कटा चालान । इस मौके पर बताया गया कि वाहन दुर्घटना एवं अपराध नियंत्रण को देखते हुए पुलिस द्वारा वाहन जांच किया जा रहा है । बताया गया कि वाहन जांच के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का रजिस्ट्रेशन पेपर, इन्सुरेंस पेपर, हेलमेट, सीट बेल्ट देखा जा रहा है । इसके साथ ही वाहन की तलाशी ली जा रही है । इस मौके पर ड्राईविंग लाइसेंस नही होने के कारण एक वाहन का चालान काटा गया। थाना प्रभारी विकास कुमार महतो ने बताया कि वाहन दुर्घटना एवं अपराध नियंत्रण को देखते हुए वाहन जाँच अभियान चलाया जा रहा है। यातायात नियम का पालन नही करने वालो पर करवाई भी किया जा रहा है।

### जंगली हाथी के हमले से 74 वर्षीय वृद्ध महिला की हुई मौत



**बानो।** प्रखंड के बेड़ाइरगी में हाथी के हमले में एक 74 वषीर्या वृध्द महिला की मौत हो गयी। घटना सोमवार अहले सुबह 6:00 बजे की है । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बेड़ाइरगी ससांग टोली निवासी एतवारी कंडुलना 74 वर्ष महुआ चुनने गयी थी ।इसी क्रम में जंगली हाथी आ गया तथा महिला पर हमला कर दिया। जिससे महिला का घायल हो गयी। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों के द्वारा हाथी को खदेड़ा गया और घायल महिला को घर ले आया गया तथा कुछ देर बाद महिला को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता कि घायल महिला की अस्पताल लाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गयी।वहीं घटना की जानकारी होने पर वन विभाग टीम ने मामले की जानकारी ली अस्पताल पहुंच कर परिजनों को तत्काल? सहायता राशि? के रूप में दस हजार रूपया दिया। साथी बताया गया की 390000 सरकारी प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात मौजा राशि परिवार वालों को दी जाएगी, इधर अचानक जंगली हाथी के हमले से मौत के बाद ग्रामीणों के अंदर भय का माहौल है।

### प्रेम में असफल युवक ने खुद को किया घायल अस्पताल में भर्ती



**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के डुमरिया में एक व्यक्ति ने प्रेम में असफल होने पर स्वयं पत्थर से सर को मार कर घायल कर लिया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तजवीर सिंह पत्थर से सर को मार कर घायल कर लिया ,घटना की जानकारी होने पर घायल के पिताजी ने घायल को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया पुलिस ने बताया कि डुमरिया में तजवीर नामक युवक ने स्वयं पत्थर से सर पर मार कर घायल कर लिया.पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शहादत दिवस पर याद किए गए थाना प्रभारी विद्यापति सिंह व जवान तूराम बिरुली




**बानो।** बानो थाना में शहादत दिवस पर शहीद थाना प्रभारी विद्यापति सिंह और जवान तूराम बिरूली को श्रद्धांजलि दिया गया। बानो थाना के पुलिस निरीक्षक डीके प्रजापति और थाना प्रभारी विकास कुमार ने शहीद थाना प्रभारी विद्यापति सिंह व जवान तुराम बिरूली के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी मालूम हो कि 8 अप्रैल 2017 को प्रखण्ड के ग्राम रायका में उग्रवादियों के होने की सूचना पर थाना प्रभारी विद्यापति सिंह दल बल के साथ उग्रवादियों को धर पकड़ हेतु गये थे ।इसी क्रम में उग्रवादियों से मुठभेड़ हुआ उग्रवादियों से लोहा लेते हुए थाना प्रभारी विधापति सिंह व जवान तुराम बिरूली शहीद हो गए थे। सोमवार को उनके शहादत दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित का पुलिस पदाधिकारी व जवानों ने श्रद्धांजलि दिया ।मौके पर एएसआई सत्यनारायण सिंह,निरंजन कुमार,अछ्यवर राम के अलावा पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

### कॉल गर्ल्स स्कॉट सर्विस के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का उदभेदन, एक गिरफ्तार

**कोडरमा / झुमरी तिलैया।** कॉल गर्ल्स स्कॉट सर्विस के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने उदभेदन कर लिया है। इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार भी किया है। साथ ही कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार एसपी अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि साइवर अपराधियों का एक गिरोह तिलैया थाना क्षेत्र के पानी टंकी रोड स्थित शीतला मंदिर के पास सक्रिय होकर कॉल गर्ल्स स्कॉट सर्विस के नाम से भोली भाली जनता से ठगी किया जा रहा था। इस मामले के उदभेदन के लिए तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा छापेमारी करते हुए तिलैया से इस गिरोह के संजीव कुमार गुप्ता( पिता कृष्णानंदन गुप्ता, स्थायी पता सा. कांटी,पो.रमापुर, थाना चौपारण, हजारीबाग )को गिरफ्तार किया गया।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार

**धनबाद।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी सहाना खरखरी निवासी राकेश महतो को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की है। मामले में पीड़िता की मां की शिकायत पर मधुबन थाने में सात अप्रैल 2022 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 31 मार्च 2022 को पीड़िता कपड़ा सिलवाने की बात कह कर घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस घर नहीं आई। खोजबीन में पता चला कि आरोपी राकेश महतो उसे शादी का प्रलोभन देकर भगा ले गया है। उसने पीड़िता को चार महीने तक हरियाणा ले जाकर रखा। उसके साथ विवाह किया और कई बार शारीरिक संबंध बनाया। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 15 सितंबर 2022 को राकेश के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 21 नवंबर 2022 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। अभियोजन ने कोर्ट में सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

### कुमारधुबी में अवैध शराब के 3 कारोबारी गिरफ्तार, जेल गए



**धनबाद।** कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान अवैध शराब की बिक्री करने वाले 3 धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। कुमारधुबी बाजार से कुंदन कुमार गुप्ता व गाड़ीखाना से टिंकू बाउरी को अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं, शिवलीबाड़ी मुंडा धौड़ा में आंगनबाड़ी सेविका पिंगला बाउरी के घर से महुआ शराब जब्त की गई। पुलिस ने सेविका के बड़े पुत्र लखाई बाउरी को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी के पास से करीब 30 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई है। ओपी प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए तीनों युवकों पर एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

### केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा प्रत्याशी ने गावां प्रखंड के कई गांवों का किया दौरा

# लोकसभा में एनडीए गठबंधन 400 के पार, कोई संदेह नहीं : अन्नपूर्णा देवी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को गावां प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। पसनौर, महुआरी, डडकोल, पंडरिया, खरसान, खेशनरो, पछियारीडीह, माल्डा, बादीडीह, जमडार आदि इलाकों का दौरा कर लोगो से वह मिलीं व पार्टी के पांच साल के उपलब्धियों पर चर्चा की। पिहरा में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि दौरे के क्रम में मतदाताओं का एनडीए के प्रति काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। दौरे के क्रम में जहां भी जा रहे है। उन्हें मोदी सरकार के उपलब्धियों को बताने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। बल्कि लोग खुद सरकार की उपलब्धियां गिनाने लगते हैं। आने वाले समय में एनडीए गठबंधन 400 के पार पहुँचेगी। इसमें कोई संदेह नहीं है। दौरे के क्रम में सांसद के अलावा पूर्व आईजी सह भाजपा ने लक्ष्मण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक उपाध्याय, उषा देवी, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव समेत मण्डल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, आनन्दी यादव, मुन्ना सिंह, श्रीराम यादव, अंकज सिंह, मनोज सिंह, कॉग्रेस यादव, ललित पांडेय, पप्पू यादव, योगेंद्र प्रसाद, अरविंद गुप्ता, अमरदीप निराला, विशाल राणा व पवन सिंह समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विद्यापीठ पाठशाला द्वारा छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**गिरिडीह।** विद्यापीठ पाठशाला के द्वारा रविवार को छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 450 से अधिक बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को सिलेबस, पठन पाठन की विधि सहित अच्छी तैयारी के लिए आवश्यक सभी पहलुओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों ने शिक्षकों से विभिन्न तरह के समस्याओं से संबंधित प्रश्न पूछा। जिसका जवाब शिक्षकों द्वारा बहुत ही सहज भाव से दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों भी पठन पाठन से संबंधित जानकारी विस्तार पूर्वक ली।

## न्यूज बॉक्स

### विद्यार्थियों ने निकाली मतदान जागरूकता रैली



**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र स्थित झाटीझरना गांव के उत्क्रमित उच्च विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने सोमवार को शिक्षक डॉ कमर अली के नेतृत्व में मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली में ग्रामीणों को जागरूक किया गया कि 25 मई 2024 को मतदान करने के लिए अपने बूथ पर जरूर जाएं। मतदान आपका अपना अधिकार है। मतदान से स्वच्छ और निष्पक्ष सरकार का गठन हो सके। विद्यार्थियों ने नारा लगाया कि लोकतंत्र की यही पुकार, वोट देना हमारा अधिकार। जनता दिखाएं अपनी शक्ति, नेता दिखाएं देशभक्ति। चुनाव आयोग से हमारी विनती, वीवीपीएटी के पर्चियां की हो गिनती। इन नारों से पूरा पंचायत गूंज उठा और सभी ने मतदान करने का वचन दिया। इस रैली में शिक्षकों में किशोर कुमार बांद्रा , दीपक कुमार महतो और चवन सिंह उपस्थित थे।

### आजसू की बैठक में काफी संख्या में लोगों ने पार्टी का दामन थामा



**नोवामुंडी।** मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत गंगदा गांव में आजसू पार्टी की एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता करते आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य सह आनंदपुर प्रखंड प्रभारी समीर शेख ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा जल्द ही संगठन का विस्तार किया जाना चाहिए। साथ ही कहा आजसू केंद्रीय सदस्य समीर शेख के नेतृत्व में गंगदा गांव के सैकड़ों ग्रामीण महिला एवं पुरुष ने आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतों को देखते हुए आजसू पार्टी का दामन थामा। आजसू पार्टी का दामन थामने वाले में से कसिया पेचा गांव के सामाजिक कार्यकर्ता मांगता सुरीन सामाजिक कार्यकर्ता, लांगो चाम्पिया,जोगो सुरीन, सुरधान चाम्पिया, बुदराम तुमुई, बिरसा चाम्पिया, सदन चाम्पिया, गोमा केराई, सोमा सुरीन, अभिषेक चाकीया,बागराती चाम्पिया, बामय चाकिया, जुर्या सुरीन, जेना सुरीन, जुर्या चाम्पिया, चूमरू चाम्पिया, प्रधान चाकीया, जावेद चाम्पिया, सुरेश चाम्पिया, राम्या चाम्पिया, सारदा केराई, गोसोनाथ केराई, जगदीश चाम्पिया, पुरचिमा सुरीन अर्जुन केराई, डोबरों चाक्या, बुधराम केराई, प्रधान चाम्पिया, मांगता केराई, बनवारी चाम्पिया, कासीनाथ सुरीन, सोमवारी केराई, मसूरी चाम्पिया, जूनाई चाक्या, सोनेया चाम्पिया, चिंता चाम्पिया, कानूराम चाक्या, रोया तुमुई, सागर तुमुई, जमदार चाम्पिया, रुगदू चाम्पिया, सोमा चाक्या, मरण सिंह चाक्या, दामू चाम्पिया , जुर्या चाम्पिया, बुधराम केराई, गोमा चाम्पिया,सिंहराम चाम्पिया ने आजसू पार्टी का दामन थामा। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित आजसू सदस्य प्रभाकर महापात्रा उपस्थित थे।

### रामनवमी को लेकर हुई महावीर सेवा समिति की बैठक, पूजा कमिटी का हुआ गठन



**गिरिडीह।** रामनवमी में अब कुछ ही दिन शेष बचा है। ऐसे में हर साल की तरह इस साल भी धूमधाम के साथ रामनवमी मनाने को लेकर विभिन्न पूजा समितियों की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गयी है। इसी कडी में गुरूवार की रात को कचहरी चौक स्थित महावीर मंदिर में महावीर सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूजा समिति के सदस्यों के अलावे आस-पास के मुहल्ले के कई लोग शामिल हुए। बैठक में हर साल की तरह इस साल भी धूमधाम के साथ रामनवमी मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे बैठक में पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस बार रामनवमी के पूर्व मंगलवार को शहर में महावीर मंदिर से भव्य मंगल यात्रा निकाली जायेगी। बैठक में इसके अलावे मंदिर के रंग-रोंगन, लाईटिंग के अलावे अखाड़ा कमिटियों को सम्मानित करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूजा के सफल आयोजन को लेकर कमिटी का भी गठन किया गया, जिसमें त्रिभुवन दयाल को संरक्षक, सतीश कुन्दन अध्ध्यक्ष, बिनोद कुमार शर्मा उपाध्यक्ष और मनोज कुमार मुन्ना को सचिव बनाया गया। हबलू गुप्ता को कोषाध्यक्ष, नितेश कांधवे को सह कोषाध्यक्ष, रंधीर विश्वकर्मा को लाइसेंसी तथा मुख्य कार्यकारिणी सदस्य दिनेश अग्रवाल चुने गए। इसके अलावे 21 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया। झांकी प्रभारी के रूप में छोटू विश्वकर्मा, नीतीश आनंद और उदय राय का चयन किया गया।

### गिरिडीह में हार्डकोर नक्सली धनी मांझी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

भाकपा माओवादियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की दबिश लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर निमियाघाट थाना पुलिस ने माओवादी धनी मांझी उर्फ धनिया मांझी ( 49 ) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार धनी मांझी निमियाघाट थाना क्षेत्र के चपरखो गांव का रहने वाला है।

वह पिछले कई सालों से फरार चल रहा था। निमियाघाट थाना में इसके खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज है। केस दर्ज होने के बाद धनी मांझी फरार हो गया था। इसी दौरान एसडीपीओ सुमित प्रसाद को गुप्त सूचना मिली तो एसडीपीओ के नेतृत्व में निमियाघाट थाना पुलिस ने रणनीति बनाकर इसे दबोचा। हालांकि धनी मांझी के पास से कोई हथियार तो बरामद नहीं हुआ। लेकिन धनी मांझी एक सक्रिय माओवादी था और पीरटांड के साथ डुमरी के कई हार्डकोर शीर्ष माओवादियों के दस्त से जुड़ा हुआ था।

# बाभनटोली में दूसरे की जमीन पर दिखाया नाली व सड़क, लोग परेशान

### जमीन कारोबारी ध्रुव संथालिया और दिलीप गोनका पर लगाया धोखा देने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

शहर के बाभनटोली में गिरिडीह जाने माने बिल्डर ध्रुव सोंथलिया व जमीन कारोबारी दिलीप गोयनका से जमीन खरीदने वाले कई लोग रास्ता व नाली की समस्या से परेशान है। इस दौरान जमीन खरीदकर उक्त इलाके में घर बनाने वाले लोगों में दोनों जमीन कारोबारियों के खिलाफ आक्रोश है और दूसरे की जमीन में गलत तरीके से रास्ता व नाली दिखाकर जमीन बेचने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। मौके पर विरोध प्रदर्शन कर रहे रतन अग्रवाल, आनंद केडिया, सुभी केडिया, विक्रांत केडिया, सुमित भूदोलिया, कपिल चौधरी, शंकर चौधरी, विद्या भूषण सहित अन्य लोगों ने एसडीएम को आवेदन देकर उक्त मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# स्कूल के शिक्षक छात्राओं के भविष्य को संवारने का करेंगे काम : मुन्ना कुशवाहा

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स में छात्राओं का समारोहपूर्व किया गया स्वागत

**अतिथियों ने की स्कूल में दी जाने वाली सुविधाओं की सराहना**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स गिरिडीह में सोमवार को नवम् वर्ग के छात्राओं का स्वागत समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सीए विकास खेतान एवं स्कॉलर बीएड की प्रिंसिपल शालिनी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों को पुष्प गुच्छ व शॉल देकर किया गया। इस दौरान 12वीं एवं 10वीं कक्षा की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति कर अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया।

मौके पर अतिथियों ने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि वह दिन दूर नहीं जब इस विद्यालय का नाम राज्यस्तरीय व राष्ट्रीय स्तर पर लिया जाएगा। वहीं स्कूल के प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने नव नामांकित छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की परिकल्पना को जमीन पर उतारने में विद्यालय कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कहां की अत्यंत आधुनिक सुविधा और उच्च प्रशिक्षित शिक्षक और शिक्षिकाओं के द्वारा छात्राओं के भविष्य को संवारने का काम किया जायेगा।

# भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

अहिलियपुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के उपचुनाव के उम्मीदवार दिलीप वर्मा ने मंडल के अंतर्गत आने वाले पंचायत बरमसिया 1 ग्राम नईटांड के जितेंद्र यादव, राजेश यादव, रंजीत यादव, मुकेश यादव, दीपक यादव, जोगिंदर राय, केलु यादव, सुरेश यादव, पंचायत दासडीह,ग्राम दासडीह के गणेश वर्मा,आजाद वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, सीताराम वर्मा, झारी महतो, अर्जुन महतो,अर्जुन सिंह, वरुण वर्मा, शिबू वर्मा, गणेश वर्मा, पंचायत दासडीह ग्राम भोकतियालोहारी के मंगल किशोर सिंह, राजेंद्र पंडित, प्रकाश सिंह, पप्पू यादव, धर्मेंद्र सिंह, राजेश यादव, माल पंडित, गुलटन पंडित, पंचायत बड़कीटांड के ग्राम कुशमहा के श्याम सुंदर राय, राकेश राय,कामदेव राय,वासुदेव राय, गजेंद्र प्रसाद सिंह, मुन्ना कुमार राय व अहिलियापुर पंचायत के पांडेयडीह मंदिर में मां छिन्नमस्तिका का दर्शन कर जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। जनसंपर्क अभियान दुलहडीह, रसनजोरी, प्रमडीहजामजोरी बुधुडीह, भादवा, अंधारकोला, भासपुर का दौरा कर कार्यकताओं और ग्रामीणों से मिलकर आशीर्वाद लिया। मौके पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष पुरषोत्तम चौधरी, महामंत्री भागीरथ उपस्थित थे।

### जिला अधिवक्ता संघ ने नव पदस्थापित प्रधान जिला जज का किया अभिनंदन

# न्याय मंडल में बेंच और बार के बीच समन्वय स्थापित कर किया जायेगा काम : प्रधान जिला जज




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में सोमवार को अभिनंदन समारोह का आयोजन कर नव पदस्थापित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय व संचालन महासचिव चुन्नुकांत ने किया। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों के साथ साथ कार्यकारिणी समिति के सभी पदाधिकारियों एवं अन्य अधिवक्ताओं ने नए प्रधान जिला जज का पूरे उत्साह के साथ वपुष्प गुच्छ व शॉल देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला जज ने सभी अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया की न्याय मंडल में बेंच और बार के बीच सही ढंग से समन्वय स्थापित रहेगा और नई व्यवस्था को सही तरीके से चलाने के लिए बार और बेंच परस्पर मिलजुल कर काम करेंगे। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, महासचिव चुन्नुकांत, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंहा, सचिव प्रशासन दशरथ प्रसाद सचिन पुस्तकालय सुभोनिल समानता, कोषाध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, सहायक कोषाध्यक्ष दिनेश राणा, कार्यकारिणी सदस्य चंदन सिन्हा, उत्तम कुमार सिंह, अमित सिन्हा, विनोद यादव, विनोद पासवान सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने प्रधान जिला जज के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नक्सलियों के कोर जोन में जनसंपर्क अभियान चलाने से परहेज करेंगे पार्टी प्रत्याशी



**नवीन मेल संवाददाता। किरीबुरु**

नक्सलियों ने सिंहभूम संसदीय सीट पर चुनाव बहिष्कार संबंधित फरमान जारी कर दिया है। हालांकि ऐसा फरमान हर चुनाव में इनके द्वारा जारी किया जाता है। लेकिन सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के गांवों में जन सम्पर्क अभियान चलाने से दूरी बनाना प्रारम्भ कर दिया है। खुफिया अलर्ट भी है कि प्रचार अथवा जनसम्पर्क अभियान के दौरान नक्सली घात लगाकर पार्टी प्रत्याशियों या उनके प्रचार वाहनों पर हमला कर भारी नुकसान पहुंचाने का कार्य कर सकते हैं। सिंहभूम संसदीय क्षेत्र में नक्सलियों का सबसे ज्यादा प्रभाव व गतिविधियां टोंटो, गोईलकेरा, सोनुआ, जेटेया, गुआ, छोटानागरा, मनोहरपुर आदि थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोल्हान एवं सारंडा के सुदूरवर्ती दर्जनों गांव है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के इन गांवों के स्कूलों में स्थित विभिन्न बूथों पर शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने हेतु पुलिस-प्रशासन ने मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से भेजने की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। ऐसे बूथों के चारों तरफ सीआरपीएफ, कोबरा, झारखण्ड जगुआर, झारखण्ड पुलिस आदि जवानों का कड़ा सुरक्षा घेरा होगा।

### हाथी के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल, एमजीएम रेफर

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथी का प्रकोप फिर शुरू हो गया है। नीमडीह थाना क्षेत्र के कादला गांव के शालटांड़ टोला में सोमवार की सुबह एक हाथी ने 42 वर्षीया महिला गुनीता महतो पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब पांच बजे महिला घर से दूर शौच के लिए गई थी। इस दौरान एक हाथी उसी ओर आ रहा था। हाथी को देखकर महिला वहां से भागने का प्रयास किया, लेकिन इसी बीच हाथी ने दौड़ाकर उसे सुंड से पकड़कर पटक दिया। महिला की हल्ला सुनकर आसपास महुआ चुनने वाले लोग वहां पहुंचे और शोर मचाते हुए हाथी को भगाय। लोगों ने इसकी सूचना तत्काल उसके परिजनों के अनावा अन्य ग्रामीणों को दिया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्कॉलर बीएड कॉलेज में मौखिक स्वच्छता सह दंत जांच शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज स्कॉलर बीएड कॉलेज में मौखिक स्वच्छता सह दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सक डॉ शीतल गौरिसरिया के द्वारा कॉलेज के प्रशिक्षुओं और कर्मियों का दंत जांच किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ शालिनी खोवाला के नेतृत्व में चिकित्सक का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं शॉल दे कर किया गया।

बताया गया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य दांतो की सही देखभाल और इसके प्रति जागरूकता लाना है। शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ आहार, पोषण और व्यायाम की महत्ता के बारे में प्रशिक्षुओं को जानकारी उपलब्ध कराई गई। बताया गया कि स्वस्थ दांत से ही स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है और स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मन का निर्माण होता है। शिविर में प्राचार्य डॉ शालिनी खोवाला ने ओरल हाइजीन के प्रति जागरूक करते हुए उनसे होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराया।

वहीं डॉ शीतल ने प्रशिक्षुओं को सजग करते हुए कहा कि जाने अनजाने में हम कई तरह के पदार्थ का सेवन कर लेते हैं। जिनमें बहुत सी चीजें हमारे दांतो के लिए नुकसानदेह होता है। इसलिए हम सबको नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए।

उन्होंने प्रशिक्षुओं को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए दांतो की साफ सफाई एवं सही देखभाल के बारे में बताया। शिविर के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने आवश्यक जानकारी ली। मौके पर डीएलएड प्रभारी हरदीप कौर, एनएसएस प्रभारी सुधांशु शेखर, कार्यक्रम समन्वयक राजेन्द्र प्रसाद समेत कॉलेज के सभी व्याख्याता और शिक्षकोत्तर कर्मी उपस्थित थे।

### होटल में छापेमारी, शराब का स्टॉक जब्त, एक गिरफ्तार

**गिरिडीह।** होटलों और रेस्टूरेंट में अवैध तरीके से शराब परोसने को लेकर गिरिडीह पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में सोमवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर एसडीपीओ नीरज सिंह ने जमुआ थाना इलाके के चरघरा गांव स्थित एक होटल में छापेमारी किया। बताया गया कि एसडीपीओ के नेत्तृव में जमुआ पुलिस ने जिस होटल में छापेमारी की होटल उसी गांव के महेन्द्र वर्मा और उसके भतीजे राजेश वर्मा चला रहे थे। छापेमारी के दौरान दोनों चाचा-भतीजा अपने होटल में अवैध रुप से शराब भी परोस रहे थे। अवैध शराब के जब्त स्टॉक में 30 फाईल केन बीयर, 81 फाईल गॉडफादर बीयर, हंटर का 135 फाईल बीयर की बोतल, छह पीस रॉयल चैलेजर, 5 पीस मैकडेवल, छह पीस स्टरलिंग रिर्जव, 3 पीस रॉयल स्टेग समेत 30 लीटर महुआ शराब शामिल है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग

### हजारीबाग पुलिस की नागरिकों से अपील
### चुनाव को प्रभावित करने वाले

1. हजारीबाग पुलिस आप सभी जिलावासियों से अपिल करती है कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्वेनजर किसी भी प्रकार से चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से आम जन मानस की भावनाओं को भड़काने/ठेस पहॅचाने वाले किसी भी प्रकार के संदेश/अप्रमाणिक जानकारी/भ्रामक मैसेज/तस्वीर/विडियो इत्यादि सोशल मिडिया यथा Facebook/ Twitter /WhatsApp/ Instagram/ Youtube आदि पर अपलोड/शेयर न करे, जिससे शान्ति व्यवस्था/विधि–व्यवसस्था भंग होने की संभावना हो।
2. हजारीबाग पुलिस सोशल मिडिया पर पैनी नजर रखे हुए है, उल्लंघन करने वाले लोगों के विरूद्व विधि–सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
3. हजारीबाग जिला में सौदर्य एवं शान्ति–व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला प्रशासन का सहयोग करे। किसी भी प्रकार का अफवाहों पर ध्यान न दें, तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना अविलम्ब कंट्रोल रूम के मोबाईल/वॉट्सऐप नंबर 8002529349 पर दें अथवा डायल 100/112 पर संपर्क कर सूचना साझा कर सकते हैं।
4. सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।
5. समाज में शांति–व्यवस्था बनाये रखने के लिए हजारीबाग पुलिस आपसे सहयोग की अपेक्षा रखती है।

!! हजारीबाग पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर !!

| | | |
|---|---|---|
| DY SP (C.C.R) | - | 9471701252 |
| DY.SP.HEADQUARTER | - | 9431140990 |
| SDPO SADAR | - | 9431706298 |
| SDPO BISHNUGARH | - | 9430165633 |
| SDPO BARHI | - | 9431706299 |
| SDPO BARKAGAON | - | 9430336100 |
| Media Cell Nodal Officer | - | 8448636314 |

निवेदक,
ह0/–
पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 323662 Police (24-25)_D

# विपक्षी के बजाय सत्ता पक्ष भ्रष्टाचार को मुद्दा बना रहा है

लोकसभा चुनाव में अब देश की बड़ी समस्याएं छोटी पड़ गईं हैं और पीआर एजेंसियों के बनाए टैग लाइन की तरह कई बातें उछल रहीं हैं। भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाया है, तो अब कांग्रेस के राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लेकर आए हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाई है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। भाजपा ने 2014 के चुनाव में भारत के चाय वालों के रूप में आम आदमी के साथ गहरा संबंध स्थापित किया था, इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस के चौकीदार चोर है के जवाब में 'मैं भी चौकीदार' का नारा देकर गरीब तबके को अपने साथ जोड़ा था। इस चुनाव में मोदी की गारंटी भाजपा का नारा है। कांग्रेस ने भी गारंटी देने का वादा किया है, लेकिन जनता किसकी गारंटी को स्वीकार करती है, यह चुनाव परिणाम बताएगा। एक बार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुँच पाता था। इसका आशय यह भी है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशन खोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुँचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को ही शत प्रतिशत (डीबीटी) मिल रहा है। कांग्रेस पार्टी की ओर से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल में बढ़ोत्तरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय होते जा रहे हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति के बजाय जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है। मोदी की शैली यही है कि वह जनता की भावना के अनुसार ही अपना भाषण देते हैं। इसके अलावा राहुल गांधी कभी कभी पटरी से उतरते दिखाई देते हैं। कांग्रेस की ओर से जारी किए गए घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है। साथ ही जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इस मुद्दे पर भारत की पूरी जनता आँख बंद करके समर्थन करने के लिए आगे आ जाए। क्योंकि जो संस्थान या व्यक्ति समाज को एक करने के लिए प्रयास कर रहीं हैं, उनको कांग्रेस का यह वादा न्यायसंगत नहीं लग रहा होगा। यह बात सही है कि आज समाज बदल रहा है। वह जातिगत समाज के बाहर आकर भारतीय समाज यानी एकत्रित समाज होने की दिशा में बढ़ रहा है। देश के अनेक चुनावों में यह देखने को मिला है कि विपक्षी दल महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने का अभियान सा चलाते थे। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में महंगाई के मुद्दे को उछालकर कांग्रेस की नींद हराम कर दी थी, इसी प्रकार बोफोर्स मामले को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने चुनाव लड़ा, जिसमें राजीव गांधी की सरकार को सत्ता से हाथ धोना पड़ा। आज विपक्ष के पास सरकार के विरोध में ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिस पर सरकार को घेरा जा सके। इसके विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। यह पहला चुनाव कहा जा सकता है, जिसमें सत्ता पक्ष विपक्ष को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घर रहा है। विपक्ष के कुछ दल इस मामले में मौन साधे हुए हैं, क्योंकि जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं, वे या उनके साथी उनके साथ हैं। इस बार का चुनाव कई दलों के लिए आरपार की लड़ाई हो गई है। जो राजनीतिक दल सत्ता सुख से लम्बे समय से दूर हैं, वह बेचैन से हो रहे हैं। हालांकि यह भी एक बड़ा सच है कि सत्ता पक्ष को निरंकुश होने से बचाने के लिए मजबूत विपक्ष का होना बहुत आवश्यक है। इसके लिए स्वयं विपक्ष को ही प्रयास करना होगा। विपक्ष की ओर से यह भी आरोप लगाया जाता है कि केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरपयोग कर विपक्ष को कमजोर कर रही है। इसलिए विपक्ष को अब एक ताकत के रूप में अपने आपको प्रस्तुत करना होगा।

शेयर मार्केट

# शेयर मार्केट चार दिन की चांदनी के भाव से उबर रहा है



शशांक भारद्वाज

*पिछले* सप्ताह गुरुवार को भारतीय शेयर मार्केट का प्रदर्शन बड़ा महत्वपूर्ण शक्तिशाली था। गुरुवार को विश्व शेयर मार्केट की धुरी कहे जाने वाले डाउन में 544 अंकों की भारी भरकम गिरावट आई। भारतीय शेयर मार्केट का निफ्टी गिरा नहीं, उल्टे 80 अंक चढ़ कर बंद हुआ। यह डाउ के पिछलग्गू होने से हटने का घोष था। यह नए भारत का एक नया शेयर मार्केट था, एक आत्मनिर्भर भारत का एक आत्मनिर्भर शेयर मार्केट, स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति। ऐसा नहीं कि विश्व के प्रमुख शेयर मार्केट एक दूसरे को प्रभावित नहीं करते हैं परंतु कुछ स्वतंत्रता का भाव होना भी अच्छा होता है। कभी यह कहा जाता था कि अमेरिकी शेयर मार्केट को छींक आने से ही भारतीय शेयर मार्केट अस्वस्थ से हो जाते थे। इस प्रवृति से स्वतंत्र होना एक बड़ी घटना है। यद्यपि यह क्रम कितना बना रहेगा, यह देखना भी रुचिकर रहेगा। भारतीय शेयर मार्केट की एक स्वतंत्र बनती छवि के पीछे भारतीय खुदरा निवेशकों का बड़ी संख्या शेयर मार्केट में प्रवेश तथा उनका बढ़ता आत्मविश्वास भी है। वो शेयरों में प्रत्यक्ष निवेश तथा म्यूचुअल फंड के माध्यम से भी बड़ा निवेश कर रहे हैं। भारत की अच्छी होती तथा तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था का क्रम और भी तेज होने की ही संभावना है। वित्त वर्ष 24 में म्यूचुअल फंड के अंतर्गत धनराशि 54 लाख करोड़ रूपए हो गई है। 2014 में यह 9 लाख करोड़ रुपए थी। छह गुणा वृद्धि। अगले पांच वर्षों में यह 150 लाख करोड़ रूपए होने की संभावना है। यह भारतीय शेयर मार्केट को शक्ति तथा स्थायित्व प्रदान करेगा। शेयर मार्केट का विस्तार, बढ़त, संपत्ति सृजित तो करती ही है, समाज के विभिन्न वर्गों के मध्य संपत्ति का वितरण भी करती है, पूंजी का निर्माण करती है। भारत के शेयर मार्केट में विदेशी निवेश अभी भी वैश्विक निवेश का मात्र 3 प्रतिशत है। विश्व की सबसे तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए यह बहुत कम है। 2024 लोकसभा चुनावों के पश्चात मोदी जी की एक बार फिर सरकार आने पर विदेशी निवेश में भी आशातीत वृद्धि हो सकती है। अतः जो भी शेयर उचित मूल्यांकन, पीई पर मिल रहे ,उनको ढूंढ उनमें निवेश करने से बहुत ही अच्छा प्रतिफल मिल सकता है। भारतीय शेयर मार्केट चार दिन की चांदनी के भाव से उबर रहा है। शेयर विशेष में तेजी आती तो वो टिकती है,बढ़ती है। पिछले सप्ताह निफ्टी ने नए वित्त वर्ष के प्रथम सप्ताह में ही सार्वकालिक उच्च स्तर 22619 बनाया यद्यपि विगत सप्ताह निफ्टी में 51 अंको की ही बढ़त रही। डाउन में तो 662 अंकों की गिरावट रही तो इस परिपेक्ष्य में भारतीय शेयर मार्केट का प्रदर्शन अच्छा ही कहा जायेगा। लोकसभा चुनाव और भी निकट आते जा रहे हैं। मार्केट राजनीतिक अवधारणाओं के आधार पर भी ऊपर नीचे होंगे। गिरावट का उपयोग शेयर इक्कठा करने में करना चाहिए। भारतीय कंपनियां व्यापक रूप में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहीं हैं। दिसंबर 23 वर्ष में बीएसई 500 कंपनियों का लाभ अमेरिकी कंपनियों के 14.1 प्रतिशत की तुलना में 17.4 प्रतिशत बढ़ा। यह बहुत अच्छी वृद्धि मानी जाएगी। डीमैट खाते भी बढ़कर 15.14 करोड़ हो गए हैं। मार्च में जब भारतीय शेयर मार्केट में छोटे, मौझोलें शेयरों के बड़ी गिरावट थी, तब भी 31 लाख नए डीमैट खाते खुले। यह दर्शाता है कि गिरावट में भी भारतीय निवेशकों का मनोबल ऊंचा है। बहुत ही सकारात्मक संकेत। भारत जापान को पछाड़ कर विश्व का तीसरा सबसे बड़ा यात्री कार का मार्केट बन गया है। वित्त वर्ष 23 24 में भारतीय कंपनियों ने 42.3 लाख यात्री वाहन बेचे। जनवरी मार्च 24 में 1 करोड़ से अधिक मूल्यों के घरों की कुल बिक्री 40 प्रतिशत बढ़ी है। यह भारतीयों की बढ़ती समृद्धि का संकेत है। वित्त वर्ष 23 24 में जीएसटी संग्रह भी 11.7 प्रतिशत वृद्धि के साथ 20.14 लाख करोड़ रुपए रहा। जैसे जैसे अर्थव्यवस्था का नियमितीकरण बढ़ेगा, जीएसटी संग्रह में बड़ी वृद्धि देखी जायेगी। इससे भारत की आर्थिक क्षमता शक्तिशाली होगी, आधारभूत संरचनाओं का विस्तार होगा जो भारत तथा भारतीयों को और समृद्ध बनाएगा। भारत के एक लाख करोड़ से अधिक मार्केट पूंजीकरण की कंपनियों की संख्या पिछले एक वर्ष में 48 से बढ़कर 80 ही गई। यह कंपनियों के भी व्यापार विस्तार तथा उनके द्वारा धन सृजन दर्शाता है। भारत की मैन्युफैक्चरिंग में भी स्थिति सुधर रही, सरकार के प्रयासों का प्रभाव दिखने लगा है। फरवरी माह में विनिर्माण पीएमआई 59 से अधिक रही तथा 16 वर्ष की सबसे अधिक गति से बढ़ी। एफआईआई पिछले सप्ताह नकद संभाग में बिकवाल रहे, यद्यपि शुक्रवार को अंतिम ट्रेडिंग दिन उन्होंने ने 1659 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। डीआईआई की खरीद बिक्री बराबर सी रही। ब्रेंट क्रूड का भाव ऊपरी स्तरों से थोड़ा नीचे आ 90.86 डॉलर प्रति बैरल आया है। यूएस बॉन्ड यील्ड थोड़ा बढ़ कर 4.40 है। इसमें उल्लेखनीय तथा सतत कमी अमेरिका में ब्याज दरों में कमी पर ही आएगी एवं तब बड़ा धन बॉन्ड मार्केट से निकल शेयर में निवेशित होगा। रूपया डॉलर की तुलना में थोड़ा दुर्बल हो 83.31 हुआ है यद्यपि डॉलर की तुलना में विश्व की अन्य प्रमुख मुद्राओं की अपेक्षा रुपया का प्रदर्शन अच्छा रहा है। अच्छी संपत्ति में निवेश अच्छा प्रतिफल देता है, कई गुणा प्रतिफल देता है, शेयरों में तो विशेषकर। विश्वास तथा अध्ययन के साथ शेयरों में निवेश करते रहना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



**भारतीय शेयर मार्केट का निफ्टी गिरा नहीं, उल्टे 80 अंक चढ़ कर बंद हुआ। यह डाउ के पिछलग्गू होने से हटने का घोष था। यह नए भारत का एक नया शेयर मार्केट था, एक आत्मनिर्भर भारत का एक आत्मनिर्भर शेयर मार्केट, स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति। ऐसा नहीं कि विश्व के प्रमुख शेयर मार्केट एक दूसरे को प्रभावित नहीं करते हैं परंतु कुछ स्वतंत्रता का भाव होना भी अच्छा होता है। कभी यह कहा जाता था कि अमेरिकी शेयर मार्केट को छींक आने से ही भारतीय शेयर मार्केट अस्वस्थ से हो जाते थे। इस प्रवृति से स्वतंत्र होना एक बड़ी घटना है। यद्यपि यह क्रम कितना बना रहेगा, यह देखना भी रुचिकर रहेगा। भारतीय शेयर मार्केट की एक स्वतंत्र बनती छवि के पीछे भारतीय खुदरा निवेशकों का बड़ी संख्या शेयर मार्केट में प्रवेश तथा उनका बढ़ता आत्मविश्वास भी है।**

## आपकी बात



### चुनाव के दिलचस्प नारे

अभी लोक सभा चुनाव समीप है। चुनावी वादों और नारों से शहर और गांव गूंज रहे हैं। चुनाव चाहे लोकसभा का हो या फिर विधानसभा का, नारे काफी दिलचस्प हुआ करते हैं। खैर, आचार सहिंता के कारण कई पांबदियां लगा दी गई हैं। आज से लगभग सत्तर के दशक के करीब जब कांग्रेस का चुनाव चिन्ह 'जोड़ा बैल' छाप हुआ करता था। वहीं दूसरी और भारतीय जनता पार्टी तब जनसंघ के नाम से जानी जाती थी और उसका चुनाव चिन्ह हुआ करता था 'दीपक'। जनसंघ के कार्यकर्त्ता और विपक्षी पार्टियां नारा लगाती थी- 'कांग्रेस का बुड्ढा बैल, खा गया राशन ,पी गया तेल तो कांग्रेस के कार्यकर्त्ता नारा लगाते थे- ढीबरी में तेल नहीं, झोपड़ी अंधार है, जनसंघ को वोट देना जिंदगी बेकार है। नारे आज भी राजनीतिक दलों द्वार लगाए जाते हैं जैसे- हाथी चलेगा तो उड़ेगा तो उड़ेगा धूल, न रहेगा पंजा और न रहेगा फूल ,। चुनाव के मौसम में कई लोगों की रोजी-रोटी भी चला करती थी। कई ऐसे भी लोग थे , जो दो-दो पार्टियों का प्रचार करते दिखाई देते थे। बड़े नेताओं के लिए यहां का हवाई अड्डा ही मैदान का काम करता था। जहां बड़े नेता हेलिकाप्टर से उतर कर वहीं से लोगों को संबोधित किया करते थे। वहीं, अन्य नेताओं के लिए हमारे शहर का शिवाजी मैदान और साहित्य समाज मैदान हुआ करता था। पूरनचंद जब चुनाव लड़ा करते थे तो उनका चुनाव चिन्ह हुआ करता था बरगद छाप और पार्टी थी सोशलिस्ट पार्टी। उनके मुख्य प्रचारक थे,संगीतकार कय्यूम रूमानी। फिल्मी गानों की धून पर पूरनचंद का प्रचार किया करते थे। वो एक ठेले पर अपने शार्गिदों के साथ तबला-हारम्यूनियम के साथ बैठकर पूरे शहर में प्रचार किया करते थे। उन्होंने उस समय की हीट फिल्म हरे-रामा हरे कृष्णा के मशहूर गाना दम मारो दम की धून पर बनाया था। जिसके बोल थे... बरगद निशान.. सबसे महान.. साथी पूरनचंद का नाम। ज्ञात हो कि पूरनचंद को झारखण्ड का गांधी कहा जाता है।

– अभिनव प्रकाश, मेदिनीनगर।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# कर्नाटक में भाजपा या कांग्रेस किसे चुने जनता? बना हुआ है असमंजस



मनोहर यडवट्टि

***कर्नाटक*** की जनता कई ज्वलंत समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन कोई भी चुनाव लड़ने वाली पार्टी या उनके प्रतिनिधि इस चिंताजनक स्थिति से चिंतित दिखाई नहीं दे रहे हैं। फिलहाल की सरकार अखबारी, इलेक्ट्रानिक और वेब विज्ञापन के माध्यम से यही बताने का प्रयास करने में जुटी दिखाई देती है कि सब कुछ ठीक है। हालांकि, जमीनी स्तर पर स्थिति काफी विरोधाभासी और चिंताजनक है। इससे अधिक स्थिति क्या खराब होगी कि भारत में नहीं दुनिया में आईटी हब हौर सिलिकॉन वैली कहलाने वाला बेंगलुरु इस वक्त बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। भारत की दूसरी और तीसरी सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कम्पनियों का मुख्यालय इलेक्ट्रॉनिक सिटी बेंगलुरु में है। यह भारत के सूचना प्रौद्योगिकी निर्यातों का अग्रणी स्रोत है। इस कारण से जबसे अधिक राजस्व कहीं से सरकार को प्राप्त होता है तो वह महानगर भी यही बेंगलुरु है, लेकिन राज्य में कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार अपने को जनता के लिए यहां पीने का पानी मुहैया करा देने में भी कमजोर साबित हो रही है। विचार करेंगे तो ध्यान में आएगा कि राज्य में यह स्थिति इसलिए बनी, क्योंकि तेजी से शहरीकरण, अनियोजित और अवैध विकास, जलस्त्रोतों पर अतिक्रमण और रेत खनन के रूप में जल संसाधनों की कमी और गिरावट के कारण पानी की खपत की मांग लगातार बढ़ रही है। मानसून और गैर-मानसून सीजन के दौरान राज्य की कुल जल पूर्ति योग्य भूजल क्षमता 17.03 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) होने का अनुमान है। लेकिन, राज्य ने पहले ही भूजल का 64 प्रतिशत से अधिक दोहन कर लिया है और भविष्य में उपयोग के लिए केवल 6.53 बीसीएम ही उपलब्ध है। परन्तु कोई भी सरकार का मंत्री या प्रशासनिक व्यवस्था इस जल संकट के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहा है। यह जल संकट राज्य में समय के साथ कितना गहरा होता जा रहा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि किसानों का विरोध प्रदर्शन होना शुरू हो गया है।

**भारत की दूसरी और तीसरी सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कम्पनियों का मुख्यालय इलेक्ट्रॉनिक सिटी बेंगलुरु में है। यह भारत के सूचना प्रौद्योगिकी निर्यातों का अग्रणी स्रोत है।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

## बोधगया : बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल

प्रत्येक मंदिर महाबोधि मंदिर के स्वरूप की समान धारणाओं के साथ काम करता है, जो ज्यादातर एक केंद्रीय बड़े टॉवर के आसपास चार टावरों के आसपास व्यवस्थित होता है। यह संभावना है कि इनमें से कुछ प्रतिकृतियां तीर्थयात्रियों की यादों से बनाई गई थीं, अगर बोधगया से ले जाए गए छोटे पोर्टेबल कलाकृतियों और 'मॉडल' पर नहीं, जैसे कि मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मंदिर के मॉडल में दिखाया गया है। इन अन्य महाबोधि मंदिरों का निर्माण शायद इसलिए किया गया होगा क्योंकि बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए उत्तर भारतीय बौद्ध स्थलों तक पहुंच आसान नहीं थी, खासकर ऐसे समय में जब इस क्षेत्र में मठवासी बौद्ध धर्म का पतन हो गया था। हालाँकि, इतने सारे महाबोधि मंदिर कैसे और क्यों बनाए गए, यह स्पष्ट नहीं है; संभवतः इनमें से प्रत्येक इमारत प्रत्येक संदर्भ में एक विशिष्ट उद्देश्य के लिए बनाई गई थी, लेकिन उन सभी को, एक अर्थ में, बौद्ध 'पवित्र भूमि' को विदेश में स्थानांतरित करने के लिए समझा जा सकता है। एशिया में मध्ययुगीन और प्रारंभिक आधुनिक काल में बोधगया की यह प्रतिकृति श्रीलंकाई इतिहास (महावंश) में दिए गए विवरण में एक पूर्व मिसाल मिलती है, जिसमें दर्ज है कि कैसे बोधि वृक्ष की एक शाखा को श्रीलंका लाया गया और शहर में लगाया गया। राजा अशोक के समय में अनुराधापुरा, जहाँ इसके वंशज आज तक पले-बढ़े हैं।



**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

Naveen Singh
4 h ·
Shri nagar



Vikas Singh and 51 others 14 comments

## X - से

Akhilesh Singh
@akhileshsi1

मीडिया में बने रहना झारखंड में नेताओं से सीखना चाहिए। आज बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को ईडी के समक्ष उपस्थित होना है। इसके पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस का मैसेज आया कि स्पेशल प्रेस वार्ता है। देश के तमाम मीडिया हाउस के प्रतिनिधि प्रेस क्लब पहुंच गए। यहां आने के बाद पता चला कि मैडम म्यूजिक एल्बम लॉन्च कर रही हैं। सोचिए अगर किसी को बुलाया जाता कि अंबा प्रसाद म्यूजिक एल्बम लॉन्च कर रही हैं तो शायद ही कवरेज मिलता। लेकिन ED के समन पर उपस्थिति के पहले सनसनी बनाने से शानदार कवरेज मिल गया।

Translate post



12:46 PM · 08/04/24 From Earth · 4.2K Views

# कानूनी सख्ती के बावजूद क्यों पनप रही बाल तस्करी



ललित गर्ग

***देश*** की राजधानी दिल्ली में तमाम जांच एजेंसियों की नाक के नीचे नवजात बच्चों की खरीद-फरोश्त की मंडी चल रही थी जहां दूधमुंहे एवं मासूम बच्चों को खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा था। दिल्ली की 'बच्चा मंडी' के शर्मनाक एवं खौफनाक घटनाक्रम का पदार्पाश होना, अमानवीतया एवं संवेदनहीनता की चरम पराकाष्ठा है। जिसने अनेक ज्वलंत सवालों को खड़ा किया है। आखिर मनुष्य क्यों बन रहा है इतना क्रूर, अनैतिक एवं अमानवीय? सचमुच पैसे का नशा जब, जहां, जिसके भी सर चढ़ता है वह इंसान शैतान बन जाता है। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी कर ऐसे ही शैतानों के कुकृत्यों का भंडाफोड किया और एक महिला समेत सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, इसके साथ ही तीन नवजात शिशुओं को उनके चंगुल से बचाया। आरोपियों में एक अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर को इस धंधे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। न केवल दिल्ली वालों के लिए बल्कि देशवासियों के लिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली ही नहीं है, बल्कि खौफ पैदा करने वाली भी है। दिल दहाले देने वाली इस घटना में सीबीआई की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के माध्यम से बच्चे गोद लेने के इच्छुक निसंतान दंपतियों से जुड़ते थे। आरोपी कथित तौर पर वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सेरोगेट माताओं से भी नवजात बच्चे खरीदते थे। इन नवजात बच्चों को चार से छह लाख रुपए में बेच दिया जाता था। जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आए आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निसंतान दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां-कहां हैं इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। यह गिरोह आईवीएफ के माध्यम से युवतियों को गर्भधारण कराता था फिर इन शिशुओं को बेचता था। गरीब माता-पिता से भी बच्चे खरीदे जाते थे। बच्चों की खरीद-फरोख्त और बच्चों की तस्करी एक ऐसी समस्या है जिस पर तभी ध्यान जाता है जब कोई सनसनीखेज खबर सामने आती है। अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है कि चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे हैं। नीति एवं निष्ठा के केन्द्र बदलने लगे हैं। मानवीयता एवं नैतिकता की नींव कमजोर होने लगी है। आदमी इतना खुदगर्ज बन जाता है कि उसकी सारी संवेदनाएं सूख जाती है। बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पदार्फाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

टेक वर्ल्ड

## अब घर बैठे पासपोर्ट ऑनलाइन रिन्यू करें

(7. **समय पर पहुंचें:** अपॉइंटमेंट के समय पर पासपोर्ट कार्यालय पहुंचें। अपने सभी दस्तावेज और फॉर्म के साथ पहुंचें।

8. प्रक्रिया पूरी करें: पासपोर्ट कार्यालय में आपकी पहचान की पुष्टि के बाद, आपका पासपोर्ट रिन्यू किया जाएगा।

**कौन-कौन से दस्तावेज चाहिए?**

**पासपोर्ट के रिन्यू के लिए निम्नलिखित दस्तावेज की आवश्यकता होती है :**

1. **पुराना पासपोर्ट:** पुराना पासपोर्ट, जिसे आप रिन्यू करना चाहते हैं, की प्रति।
2. आवेदन पत्र: ऑनलाइन भरा हुआ आवेदन पत्र।
3. फोटोग्राफ: एक पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ।
4. **पता प्रमाण पत्र:** जिसमें आपका स्थायी पता प्रमाणित हो।
5. **ताजा विवाह प्रमाण पत्र:** अगर आपकी शादी हुई है और नाम बदला है, तो ताजा विवाह प्रमाण पत्र।




**सावधानियां**

1. **समय पर पासपोर्ट की जांच करें:** पासपोर्ट में कोई त्रुटि न हो, इसके लिए समय-समय पर जांच करते रहें।
2. फीस का सही **भुगतान करें:** सही फीस जमा करने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट का उपयोग करें।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### यूपी के पूर्व डीजीपी विजय कुमार भाजपा में हुए शामिल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विजय कुमार अपनी पत्नी अनुपमा कुमारी के साथ सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। लखनऊ में सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व डीजीपी विजय कुमार व उनकी पत्नी को विभिन्न दलों के नेताओं के साथ भाजपा की सदस्यता दलाई गई। इस मौके पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के भी कई नेता भाजपा में शामिल हो गए। झांसी के रहने वाले विजय कुमार ने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। आईपीएस बने और बतौर पुलिस अधीक्षक पहली पोस्टिंग नवंबर 1989 से नवंबर 1990 तक शाहजहांपुर में रहे। इसके बाद गोरखपुर में एसपी रहे। ट्रेनिंग का कार्यकाल खत्म हुआ तो बतौर कप्तान विजय कुमार की पहली तैनाती पीलीभीत में हुई।

### असम में एक मां ने अपने तीन बच्चों को मार डाला

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले में एक महिला ने अपने तीन बच्चों को मार डाला और अपनी बहन को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, जिले के रामकृष्णनगर इलाके के डोलुगांग गांव की मूल निवासी शाहिना अफरोज अपने पति शफीक उद्दीन, तीन बच्चों और अपनी सात वर्षीय बहन शर्मिन बेगम के साथ रहती थी। रविवार को शफीक उद्दीन अपनी पत्नी, तीन बच्चों और साली को घर पर छोड़कर पास के बाजार गया था। सुबह करीब 9 बजे गांव के कुछ किशोर, जो गाय चराने खेत में जा रहे थे, उन्होंने देखा कि शाहिना अफरोज बच्चों पर छुरी से हमला कर रही है। किशोरों ने भागकर गांव के दूसरे लोगों को जानकारी दी। स्थानीय लोग घर पहुंचे और देखा कि बच्चे खून से लथपथ पड़े थे और शर्मिन बेगम गंभीर रूप से घायल थीं।

# किसानों को 2 हजार रुपए मुआवजा देने पर प्रल्हाद जोशी ने कर्नाटक सरकार को घेरा

**एजेंसी। बेंगलुरू**

केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया द्वारा राज्य के किसानों को 2 हजार रुपए मुआवजे के रूप में दिए जाने पर सवाल उठाया। हुबली में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, कर्नाटक सरकार ने भारी कर्ज लिया हुआ है, जिसकी वजह से यह राज्य दरिद्र हो चुका है। सिद्दारमैया जी, क्या आपको शर्म नहीं आ रही है कि आप किसानों को महज 2 हजार रुपए मुआवजे के रूप में दे रहे हैं? प्रल्हाद जोशी ने सीएम सिद्दारमैया से पूछा, इससे पहले, पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के समय में 27 हजार, 20 हजार और 14 हजार रुपए किसानों को मुआवजे के तौर पर मुहैया कराए जाते थे, लेकिन आज आप आखिर क्यों नहीं किसानों को राहत के रूप में उचित रकम मुहैया करा रहे हैं? जोशी ने आगे सवाल किया, आपने (मुख्यमंत्री सिद्दारमैया) केंद्र सरकार द्वारा फंड का विसंगति रूप से आवंटन किए जाने के विरोध में कोर्ट का रुख किया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का फायदा देश के हर किसान को मिल रहा है। तब आप आखिर क्यों किसानों को महज 2 हजार रुपए आवंटित कर रहे हैं।



### जेजेपी के हरियाणा प्रमुख ने दिया इस्तीफा, कांग्रेस में शामिल होने की संभावना

**चंडीगढ़।** हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) को बड़ा झटका देते हुए इसके प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह ने सोमवार को पार्टी छोड़ दी। निशान सिंह के कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। कयास लगाए जा रहे हैं कि जेजेपी के कई विधायक भी उनके साथ जाएंगे। 2018 में जेजेपी के गठन के बाद निशान सिंह को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। हरियाणा में भाजपा के साथ साढ़े चार साल का गठबंधन तोड़ने के बाद, अजय चौटाला के नेतृत्व वाली जेजेपी ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।

# पूर्व बीआरएस विधायक का बेटा लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले में गिरफ्तार

**एजेंसी। हैदराबाद**

हैदराबाद पुलिस ने सोमवार को लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले में मोहम्मद राहील आमिर उर्फ साहेल को गिरफ्तार किया है, जो बोधन के पूर्व विधायक मोहम्मद शकील आमिर का बेटा है। पिछले दिसंबर माह से साहेल गिरफ्तारी से बच रहा था, लेकिन इस बीच जैसे ही वह दुबई से लौटा, पुलिस ने फौरन हैदराबाद एयरपोर्ट से उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उसे मजिस्ट्रेट के सामने प्रस्तुत किया, जिसके बाद उसे



आगामी 22 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। साहेल को बाद में चंचलगुडा जेल में स्थानांतरित कर दिया गया।

बेगमपेट में तत्कालीन सीएम कैंप कार्यालय प्रजा भवन के सामने लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले में पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के संबंध में तेलंगाना हाई कोर्ट ने उसके खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) को निलंबित कर दिया, जिसके तीन दिन बाद साहेल हैदराबाद लौट आया। लुकआउट सर्कुलर निलंबित किए जाने के बाद हाईकोर्ट ने साहेल को 19 अप्रैल तक जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। दरअसल, बीएमडब्ल्यू कार चलाते समय उसने इसे प्रजा भवन के सामने लगे बैरिकेड में घुसा दिया। हालांकि, इस घटना में कई बैरिकेड और कार का आगे का हिस्सा टूट गया था।

# 'आप' का चुनावी कैंपेन जेल में बंद अरविंद केजरीवाल बने प्रचार का केंद्र




**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को अपना चुनावी कैंपेन लॉन्च किया। पार्टी ने अपने मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनावी कैंपेन के केंद्र में रखा है। आम आदमी पार्टी के चुनावी कैंपेन का स्लोगन ह्यजेल का जवाब वोट से रखा गया है। गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कथित शराब घोटाले के आरोप में जेल में हैं। चुनावी कैंपेन लॉन्च करते हुए आम आदमी पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने से दिल्ली की जनता नाराज है।

### खजुराहो में मतदान से पहले कांग्रेस में निराशा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में चुनाव होने से पहले ही इंडिया गठबंधन के हाथ निराशा लगी है। समझौते के तहत समाजवादी पार्टी को दी गई खजुराहो सीट से उम्मीदवार का नामांकन खारिज हो जाने के बाद सबसे ज्यादा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में निराशा है। इस क्षेत्र में कांग्रेस का अपना जन आधार रहा है। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं, इनमें से कांग्रेस को 28 पर चुनाव लड़ना है और उसके उम्मीदवार भी घोषित किए जा चुके हैं। समझौते के तहत कांग्रेस ने खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी को दी थी।

# पीएम मोदी के कांग्रेस के घोषणा पत्र को 'मुस्लिम लीग की छाप' वाला बताने पर खड़गे का जवाब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप बताने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जवाब दिया है। खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह व उनके नॉमिनेटेड अध्यक्ष आज कांग्रेस घोषणा पत्र के बारे में उल्टी-सीधी भ्रांतियां फैला रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी के भाषणों में केवल आरएसएस




की बू आती है। दरअसल, पीएम मोदी ने अपनी चुनावी रैलियों में कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के हर पन्ने पर भारत के टुकड़े करने की बू आ रही है।

कांग्रेस के घोषणा पत्र में वही सोच झलकती है, जो सोच आजादी के समय मुस्लिम लीग में थी। मुस्लिम लीग के उस समय के विचारों को कांग्रेस आज भारत पर थोपना चाहती है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मोदी-शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीयों के खिलाफ अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया। आज भी वो आम भारतीयों के योगदान से बनाए गए 'कांग्रेस न्याय पत्र' के खिलाफ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं। मोदी-शाह के पुरखों ने 1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान, महात्मा गांधी के आह्वान व मौलाना आजाद की अध्यक्षता वाले आंदोलन का विरोध किया।"

# यूपी में अपने सितारे चमकाने के लिए फिल्मी सितारों को आजमा रहे सभी दल

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में फिल्मी सितारों की धमक से लोकतंत्र को नई ऊंचाई मिलने लगी है। चाहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हो या समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस, हर पार्टी में सिने अभिनेता और अभिनेत्री अपने अपने भाग्य आजमाते रहे हैं और कुछ तो अभी आजमा भी रहे हैं। राजनीति में इनके पदार्पण ने लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की है।



अभिनेता से नेता बने कलाकारों में हिंदी और भोजपुरी दोनों क्षेत्र के कलाकार हैं। भोजपुरी के दिग्गज कलाकार रवि किशन शुक्ला हों या आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल निरहुआ, या फिर हिंदी फिल्मों की अभिनेत्रियां हेमा मालनी और काजल निषाद तथा अभिनेता से नेता बने कांग्रेस के दिग्गज (अब नेता) राजबब्बर, सबने खूब भीड़ जुटाई है। इस लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने यूपी से दो दिग्गज भोजपुरी स्टार रवि किशन को गोरखपुर से और आजमगढ़ से दिनेश लाल निरहुआ को उम्मीदवार बनाया है।

### कंगना रनौत ने कहा मैं गोमांस नहीं खाती मुझे हिंदू होने पर गर्व है

मंडी, 8 अप्रैल (आईएएनएस)। हिमाचल प्रदेश के मंडी से बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि वो बीफ नहीं खाती हैं। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ३मैं बीफ या किसी भी प्रकार के रेड मीट का सेवन नहीं करती हूं। मेरे बारे में पूरी तरह से बेबुनियादी अफवाह फैलाई जा रही हैं, जिनमें तनिक भी सच्चाई नहीं है। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैं पिछले कई वर्षों से योगिक और आयुर्वेदिक जीवन

# सुप्रीम कोर्ट ने पीएम मोदी की शैक्षणिक डिग्री से जुड़े मानहानि मामले में संजय सिंह की याचिका खारिज की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री से संबंधित आपराधिक मानहानि मामले में गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने मेट्रोपोलिटन अदालत द्वारा जारी समन में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था।



न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत सिंह द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं है। इस साल की शुरूआत में फरवरी में, गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति हसमुख डी. सुथार ने 61 पन्नों के विस्तृत आदेश में समन को रद्द करने का कोई आधार नहीं पाया।

मानहानि का मामला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और सिंह द्वारा कथित तौर पर प्रधानमंत्री मोदी की शैक्षणिक डिग्री के संबंध में दिए गए अपमानजनक बयानों से जुड़ा है। अहमदाबाद की एक मेट्रोपोलिटन अदालत ने गुजरात विश्वविद्यालय की आपराधिक मानहानि की शिकायत के बाद दोनों राजनेताओं को तलब किया था।

# इस वजह से अनिल विज ने एक्स अकाउंट से 'मोदी का परिवार' हटाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री और भाजपा नेता अनिल विज ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स में बदलाव किया। उन्होंने अपनी प्रोफाइल से 'मोदी का परिवार' लाइन को हटा दिया। एक्स हैंडल से 'मोदी का परिवार' लाइन हटाने के बाद राज्य की सियासत गरमा गई। कई तरह की चचाओं का दौर शुरू हो गया। लेकिन, अब अनिल विज ने इस पूरे मामले पर बयान दिया है।



उन्होंने बताया कि आखिर किस वजह से एक्स अकाउंट प्रोफाइल से 'मोदी का परिवार' लिखा हुआ हटाया। दरअसल, भाजपा नेताओं ने अपनी प्रोफाइल में अपने-अपने नाम के साथ 'मोदी का परिवार' लिखा है। अनिल विज ने एक्स पर पोस्ट किया, "सबको पता है कि मैं अब एक्स हो गया हूं और सभी जगह पर मुझे एक्स लिखना चाहिए।

# एकनाथ खडसे के आने से भाजपा को ओबीसी वोट हासिल करने में मिलेगी मदद

**एजेंसी। मुंबई**

लोकसभा चुनाव से पहले पूर्व मंत्री और राकांपा विधायक एकनाथ खडसे के लिए रेड कार्पेट बिछाने का भाजपा का कदम ओबीसी कार्ड खेलने और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मराठा समुदाय की नाराजगी से बचने के लिए एक सोचा-समझा कदम है। गौरतलब है कि मनोज जारांगे-पाटिल मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। खडसे की घर वापसी को केंद्रीय नेतृत्व की हरी झंडी का उद्देश्य खडसे को सम्मान देना है, जो ओबीसी के बड़े नेता हैं। इससे एनडीए गठबंधन का



लोकसभा में मिशन 45 प्लस व महाराष्ट्र विधानसभा में 200 प्लस के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय नेतृत्व ने खडसे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और राज्य मंत्री गिरीश महाजन के बीच के मतभेदों के बजाय पार्टी की जीत को प्रमुखता और प्राथमिकता दी है। खडसे के जल्द ही पूरे महाराष्ट्र में पार्टी के प्रचार अभियान में शामिल होने की उम्मीद है। प्रमुख ओबीसी नेताओं में से एक खडसे ने गोपीनाथ मुंडे के साथ महाराष्ट्र में भाजपा के उत्थान के लिए चार दशकों से अधिक समय तक संघर्ष किया था। वह 2020 में पार्टी के राज्य नेतृत्व की आलोचना करते हुए राकांपा में शामिल हो गए थे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि खडसे के भाजपा में आने से मराठा वोटों के संभावित नुकसान की भरपाई करने में मदद मिलेगी।

### एल्विश यादव की बढ़ी मुश्किलें चार्जशीट का संज्ञान लेगा कोर्ट हर तारीख पर होना होगा पेश

**नोएडा।** यूट्यूबर एल्विश यादव समेत अन्य 8 सहयोगियों के खिलाफ नोएडा पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस चार्जशीट में तमाम आरोपों को सिद्ध करने के लिए पुलिस ने साक्ष्य होने की बात की है। इन साक्ष्यों में चाहे तो इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस हों, एफएसएल रिपोर्ट हो या फिर 24 गवाहों के दर्ज बयान हों, सबका जिक्र 1,200 पन्ने की चार्जशीट में है। कोर्ट सोमवार को एल्विश यादव सहित 8 अन्य सहयोगियों के खिलाफ चार्जशीट का संज्ञान लेगा। चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद कोर्ट सभी आरोपियों पर चार्ज फ्रेम करेगा और उसके बाद मामले की सुनवाई शुरू होगी।

# लोस चुनाव की तैयारी को लेकर नीतीश कुमार पहुंचे पार्टी कार्यालय तेजस्वी यादव पर भड़के

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जदयू कार्यालय पहुंचे और राजद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नौकरी देने के दावे पर भड़कते हुए कहा कि वे लोग झूठ बोलते रहते हैं। काम तो हम लोग ही करवाए हैं।

उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सबकुछ की तैयारी है। हमलोग सभी जगह जीतेंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी अच्छी है और विपक्ष के लोग कुछ भी कहते रहें, उसका कोई असर नहीं होगा। उन्होंने कहा



कि वह लगातार काम कर रहे हैं और 2005 में जब वह बिहार की सत्ता में आए थे, उससे पहले की स्थिति सबको पता है। नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव के नौकरी दिए जाने पर कहा कि कुछ दिन के लिए आए तो अब बोल रहा है। सभी काम पहले से तय किया हुआ था।

## आज का राशिफल

**मेष** — मित्तव्यता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा।

**वृषभ** — निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**मिथुन** — कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेहमानों का आगमन होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कर्क** — ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। यात्रा का योग बन रहा है।

**सिंह** — विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या** — स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी।

**तुला** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है।

**वृश्चिक** — कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करें सो खरी, अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ।

**धनु** — मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**मकर** — स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुम्भ** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। किसी से निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**मीन** — अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

# चुनाव में अब मुद्दे की बात होनी चाहिए : तेजस्वी

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधान सभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा कि चुनाव में अब मुद्दे की बात होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह से काम कर रहे हैं, उससे तो लगता है कि 400 तो दूर की बात, भाजपा 100 भी पार नहीं कर पाएगी।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा, मोदी जी लगातार 400 पार की बात करते हैं, लेकिन वे न नौकरी की बात



करते हैं, न रोजगार की बात करते हैं। ना छात्र-नौजवान, किसान और मजदूर की बात करते हैं। ना गांव और गरीब की बात करते हैं। मोदी जी ना शिक्षा और स्वास्थ्य और ना स्कूल और अस्पताल की बात करते हैं। फिर जनता किस बात पर 400 पार कराएगी।

# राजद के लिए लोकसभा चुनाव पैसा अर्जित करने का जरिया : भाजपा

**एजेंसी। पटना**

भाजपा ने राजद को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय आलोक ने सोमवार को कहा कि लोकसभा चुनाव भी राजद के लिए पैसा अर्जित करने का जरिया रह गया है। पटना के मीडिया सेंटर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अजय आलोक ने राजद को 'राष्ट्रीय जंगल राज' बताते हुए कहा कि उनके सर्वेसर्वा बुजुर्ग हो गए हैं, इस कारण पार्टी में



परेशानियां उत्पन्न हो गई है।

उन्होंने एक चीनी मिल के एमडी के राजद में शामिल होने और टिकट दिए जाने पर कहा कि इस चुनाव में 'चीनी का चक्कर' ज्यादा हो रहा है। उन्होंने तेजस्वी यादव को नसीहत देते हुए कहा कि ज्यादा चीनी खाने से मधुमेह हो जायेगा। तेजस्वी कहते हैं कि जब उनका मूंछ नहीं आया था तब उन्हें मुकदमा में फंसाया गया। वे तो क्रिकेट खेलते थे, लेकिन, हकीकत है कि वह क्रिकेट खेलते नहीं थे, खिलाड़ियों के लिए पानी ढोते थे। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि तेजस्वी को बताना चाहिए कि 29 साल की उम्र में वे 52 संपत्ति के मालिक कैसे बन गए।

### पीएम मोदी ने गरीबों को दी स्थायी गारंटी योजनाएं : बसवराज बोम्मई

**गडग (कर्नाटक)।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और गडग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बसवराज बोम्मई ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीणों के लिए आवास, पेयजल, शौचालय, उज्वला और चावल जैसी स्थायी गारंटी दी है। शिरहट्टी विधानसभा क्षेत्र में एक रोड शो में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक सक्षम प्रशासक हैं और उन्होंने सभी को स्थायी गारंटी दी है। बोम्मई ने कहा,पीएम आवास योजना के तहत 8 लाख घर दिए गए हैं और 12 लाख शौचालय बनाए गए हैं।

# चुनाव में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए ईसीआई सोशल मीडिया पर सक्रिय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आगामी लोकसभा चुनावों में भाग लेने के लिए युवाओं को प्रेरित करने के मकसद से भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टर्निंग 18 और यू आर द वन जैसे अनूठे अभियानों की शुरूआत की है। टर्निंग 18 विशेष रूप से पिछले चुनावों में शहरी और युवा मतदाताओं में उदासीनता को देखते पहली बार के मतदाताओं के लिए शुरू किया गया है। 18 वर्ष के होने पर मतदान के महत्व को समझने पर जोर दिया गया है।




इस अभियान का मकसद युवा मतदाताओं के बीच नागरिक जिम्मेदारी की भावना लाना है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) और राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारकों, डीडी न्यूज और आकाशवाणी द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में प्रसारित अभियान के संदेश ने मतदान के प्रति रुझान पैदा करने की कोशिश की है।

### कविता को अंतरिम जमानत देने से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारत राष्ट्र समिति की एमएलसी के. कविता को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया। उन्होंने अपने बेटे की परीक्षा के आधार पर अंतरिम जमानत के लिए आवेदन दिया था। कविता पर 100 करोड़ रुपये की रिश्वत में सक्रिय रूप से शामिल होने का आरोप है। वो 9 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सोमवार को उनकी याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि उन्हें अंतरिम जमानत देने का यह सही समय नहीं है।

# कांग्रेस का दावा खिसक रही है बीजेपी की जमीन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने एक बार फिर कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा सियासी मोर्चे पर कमजोर साबित हो रही है और 180 सीटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। कांग्रेस ने यह दावा ऐसे वक्त में किया है, जब बीते दिनों कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कांग्रेस के मैनिफेस्टो में मुस्लिम लीग की छाप के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरोप के बाद उनकी आलोचना की थी। श्रीनेत ने इस बात पर जोर दिया कि बीजेपी को बहुमत नहीं मिलेगा, इसलिए प्रधानमंत्री अपने सियासी हित के लिए विभाजनकारी बयान दे रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी के हालिया बयान पार्टी की चुनावी संभावनाओं के बारे में घबराहट और आशंका की



भावना को दर्शाते हैं। कांग्रेस के नैरेटिव का सबसे प्रमुख केंद्रबिंदु अगर कुछ है तो वो इसका घोषणापत्र है, जिसे पार्टी ने लोगों द्वारा झेली जा रही तमाम चुनौतियों के समाधान के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, 10 साल सत्ता में रहने के बाद अब जब देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने काम के आधार पर जनता से वोट मांगना चाहिए।



# हॉकी इंडिया ने की 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम कोर ग्रुप की घोषणा



**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो 16 मई तक साई बेंगलुरु में प्रशिक्षण जारी रखेगी। 1 अप्रैल को शिविर के लिए रिपोर्ट करने वाले 60 सदस्यीय मूल्यांकन दल में से इन 33 खिलाड़ियों का चयन 6 और 7 अप्रैल को आयोजित चयन परीक्षणों के बाद किया गया है। 33 खिलाड़ियों का यह दल उस टीम के गठन की दौड़ में होगी जो भविष्य के कोचिंग शिविरों और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन दौरों में हिस्सा लेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम इस साल के अंत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन का सामना करने के लिए एंटवर्प और लंदन की यात्रा करेगी। शॉर्टलिस्ट की गई टीम में गोलकीपर सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी और माधुरी किंडो शामिल हैं। कोर ग्रुप के लिए चुने गए डिफेंडरों में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री और प्रीति हैं।

हाल ही में समाप्त हुई 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हॉकी मिजोरम का प्रतिनिधित्व करने वाली 22 वर्षीय मरीना लालरामनघाकी और मणिपुर हॉकी का प्रतिनिधित्व करने वाली 25 वर्षीय मनीषा चौहान को भी टीम में शामिल किया गया है। विशेष रूप से, प्रीति दुबे, जिन्होंने 2017 में हॉकी वर्ल्ड लीग सेमी फाइनल में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अपनी आखिरी उपस्थिति दर्ज की थी, ने मूल्यांकन शिविर में चयनकर्ताओं और कोचों को प्रभावित करने के बाद राष्ट्रीय सेटअप में वापसी की है।

इस बीच, गोलकीपर माधुरी किंडो, डिफेंडर रोपनी कुमारी और प्रीति, मिडफील्डर एडुला ज्योति, और फॉरवर्ड दीपिका सोरेंग और रुतुजा दादासो पिसल ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 में भाग लेने वाली जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम से कदम बढ़ाया है। हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस निदेशक हरमन क्रूज ने नए कोर ग्रुप से अपनी उम्मीदें व्यक्त करते हुए कहा, 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का उपयोग देश भर से सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों को चुनने के लिए किया गया था और पिछले सप्ताह कोच और चयनकर्ताओं ने आगे काम किया है और इन 33 खिलाड़ियों को चुना है, जिनके बारे में उनका मानना है कि उनमें भारतीय महिला हॉकी टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता है। अब हमारे पास एक आशाजनक टीम है जो आगामी अंतरराष्ट्रीय दौरों और एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में भाग लेगी।

### 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम

- **गोलकीपर :** सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी, माधुरी किंडो।
- **डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति।
- **मिडफील्डर :** सलीमा टेटे, मरीना लालरामनघाकी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, अजमीना कुजूर, निशा।
- **फॉरवर्ड :** मुमताज खान, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, रुतुजा दादासो पिसल।

# हैदराबाद के खिलाफ 100 प्रतिशत घरेलू रिकॉर्ड बनाए रखना चाहेगी पंजाब किंग्स




**एजेंसी। नई दिल्ली**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स पर मिली जीत के बाद, पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन में अपने घरेलू मैदान पर खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पंजाब किंग्स मंगलवार को नए पीसीए स्टेडियम, मुल्लांपुर में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। भव्य चमकदार रोशनी के तहत स्टेडियम में यह पहला रात्रि मैच होगा। कप्तान शिखर धवन और क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने चकाचौंध घरेलू स्टेडियम में वापसी पर उत्साह व्यक्त किया।

इस सीजन में किंग्स की यात्रा 23 मार्च, 2024 को नव-विकसित स्टेडियम में 30,000 की मजबूत भीड़ के सामने दिल्ली कैपिटल्स पर जबरदस्त जीत के साथ शुरू हुई। मैदान पर प्रशंसकों और मंत्रमुग्ध कर देने वाले संगीत ने रोमांचक क्रिकेट एक्शन को और भी बेहतर बना दिया गया, जिससे प्रशंसकों को आईपीएल के तमाशे को करीब से और व्यक्तिगत रूप से देखने का मौका मिला।

इस अनुभव को सभी के लिए अविस्मरणीय बनाने के लिए, मैच के दौरान मंगलवार को स्टेडियम में एक लेजर शो का भी आयोजन किया गया है।

पंजाब किंग्स की टीम के लिए, प्रशंसकों का जोरदार उत्साह प्रेरणा के प्रमुख कारकों में से एक है, और कप्तान शिखर धवन ने घरेलू दर्शकों से मंगलवार को एक बार फिर से स्टैंड भरने की अपील की है। धवन ने फ्रैंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा,हम, खिलाड़ी के रूप में, हमेशा चाहते हैं कि हमारे प्रशंसक सबसे जोरदार हों। और पंजाब के प्रशंसकों के खून में पहले से ही हर समय मुखर और अभिव्यंजक होना है। इसलिए, हम अपने घरेलू दर्शकों के बीच लौटने से खुश हैं और उनसे मिलने का और इंतजार नहीं कर सकते हर कोई जो स्टेडियम में हमारे लिए चीयर करने आता है।''

क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने आगे कहा कि टीम यह सुनिश्चित करने के लिए और भी अधिक मेहनत करेगी कि घरेलू दर्शकों की उम्मीदें पूरी हों।

## मेरे अच्छे प्रदर्शन के पीछे कप्तान केएल राहुल का हाथ : यश ठाकुर



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस ने बिना विकेट गंवाए 54 रन बना लिए थे और टीम तेजी से लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी, लेकिन जब पारी के छठे ओवर में यश ठाकुर गेंदबाजी करने आए तो कहानी बदल गई। पिछले मैच में नाबाद 89 रन की मैच जिताऊ पारी खेलने वाले गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने चौके के साथ यश ठाकुर का स्वागत किया, वह ठाकुर के एक जबरदस्त यॉर्कर का शिकार हुए। यह तो बस शुरूआत थी। इसके बाद ठाकुर ने पुरानी गेंद संभालते हुए अपनी हार्ड और बैक ऑफ लेंथ गेंदों से गुजरात के निचले मध्य क्रम के बल्लेबाजों को परेशान किया।

## सहायक को हटाने से निराश है पी.टी. ऊषा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय ओलिम्पिक संघ (आई.ओ.ए.) की अध्यक्ष पी.टी. उषा ने सोमवार को एसोसिएशन के कर्मचारियों से आई.ओ.ए. मुख्यालय की दीवारों और दरवाजों पर चिपकाए गए कार्यकारी परिषद (ई.सी.) के नोटिस की प्रतियां हटाने का आग्रह किया। उषा का आदेश ई.सी. के 15 में से 9 सदस्यों द्वारा एक नोटिस प्रसारित करने के बाद आया, जिसमें अनधिकृत व्यक्तियों को उसके मुख्यालय में प्रवेश न करने के लिए कहा गया था। ई.सी. के अधिकांश सदस्य आई.ओ.ए. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ.) के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति के खिलाफ हैं। वास्तव में उन्होंने जनवरी में आई.ओ.ए. सी.ई.ओ. के रूप में उषा द्वारा अय्यर की नियुक्ति को अमान्य घोषित करते हुए एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर किए। ई.सी. सदस्यों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने आई.ओ.ए. में उषा के सहायक अजय नारंग की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। उषा ने विद्रोही ई.सी. सदस्यों को भेजे अपने जवाब में कहा कि यह देखकर निराशा होती है कि हम अभी भी एक टीम के रूप में काम नहीं कर पा रहे हैं और आपकी हर हरकत मुझे किनारे करने की कोशिश है। मेरे पास आप सभी को यह याद दिलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है कि कर्मचारियों की भर्ती और बर्खास्तगी सहित दिन-प्रतिदिन के प्रशासनिक कार्य कार्यकारी परिषद का काम नहीं है।

## बल्लेबाजों पर गर्व है : कोच आमरे

**मुंबई।** वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल 2024 के अपने पांचवें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 29 रन से हार का सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस ने 20 ओवरों में 234/5 का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में दिल्ली की शुरूआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर सस्ते में पवेलियन लौट गए। इसके बाद पृथ्वी शॉ और अभिषेक ने दिल्ली की पारी संभाली लेकिन टारगेट बड़ा होने के कारण उनकी मेहनत भी फीकी रही। मगर ट्रिस्टन स्टब्स ने मैच में दिल्ली की उम्मीद जगाईं। बेशक दिल्ली की टीम को जीत नहीं मिली लेकिन 25 गेंदों में 71 रनों की नाबाद तूफानी पारी के बाद स्टब्स फैंस के लिए हीरो रहे।

## अंडर 17 एथलेटिक्स में झारखंड का एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक पर कब्जा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पटना के पाटलिपुत्र परिसर में चल रहे एसजीएफआई 67वीं अंडर 17 राष्ट्रीय स्कूली खेल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों से राज्य की झोली भर दी है। 400 मीटर दौड़ में झारखंड के एथलीट साकेत मिंज ने 48.66 समय में दौड़ पूरी करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त प्राप्त किया है। 400 मीटर दौड़ में झारखंड के ही एक और खिलाड़ी प्रतीक उरांव ने 49.30 समय के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया है। 100 मीटर फरार्टा दौड़ में झारखंड के प्रज्वल कुमार ने 10.85 समय के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया है। झारखंड की शानदार जीत पर राज्य सरकार के शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, टीम के कोच ज्ञान प्रकाश ठाकुर, मैनेजर पवन कुमार राय, कोच सविता माल्टो एवं मैनेजर सुशांति ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

**400 मीटर दौड़ में झारखंड के एथलीट साकेत मिंज ने 48.66 समय में दौड़ पूरी करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त प्राप्त किया है।**

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# देश में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या फरवरी में बढ़कर हुई 119.7 करोड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या में फरवरी महीने में बढ़कर 119.7 करोड़ हो गई है। पिछले महीने जनवरी की तुलना में इसमें 0.38 फीसदी का इजाफा हुआ है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक फरवरी महीने में दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर 119.7 करोड़ हो गई है, जो पिछले महीने जनवरी की तुलना में 0.38 फीसदी ज्यादा है। दूरसंचार नियामक ट्राई की रिपोर्ट के मुताबिक फरवरी में शहरी टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 0.40 फीसदी बढ़कर 66.37 करोड़ हो गई, जबकि ग्रामीण उपभोक्ता 0.34 फीसदी की क्रमिक वृद्धि दर के साथ 53.13 करोड़ पर पहुंच गई है।



**0.38 फीसदी का इजाफा**

ट्राई की मासिक रिपोर्ट के मुताबिक ब्रॉडबैंड के कुल ग्राहकों की संख्या भी बढ़कर फरवरी के अंत में 91.67 करोड़ हो गई, जो जनवरी के अंत में 91.10 करोड़ थी। रिपोर्ट के मुताबिक ब्रॉडबैंड बाजार में शीर्ष पांच दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की हिस्सेदारी 98.35 फीसदी है। इनमें रिलायंस जियो 52.2 फीसदी, भारती एयरटेल 29.41 फीसदी, वोडाफोन आइडिया 13.80 फीसदी, बीएसएनएल 2.69 फीसदी, और एट्रिया कन्वर्जेंस 0.24 फीसदी शामिल हैं।

दूरसंचार नियामक की रिपोर्ट के अनुसार फरवरी में लैंडलाइन और मोबाइल सेवा दोनों क्षेत्रों में सभी सर्किलों में ग्राहक आधार में वृद्धि दर्ज हुई है। फरवरी के अंत में लैंडलाइन ग्राहकों की संख्या 1.73 फीसदी की मासिक वृद्धि के साथ 3.31 करोड़ हो गई। ट्राई के अनुसार लैंडलाइन बाजार में सार्वजनिक कंपनियों बीएसएनएल, एमटीएनएल और एपीएसएफएल की कुल 28.18 फीसदी हिस्सेदारी थी। वहीं, फरवरी में वायरलेस ग्राहकों की कुल संख्या 0.34 फीसदी की मासिक वृद्धि के साथ बढ़कर 116.46 करोड़ हो गई।

## सैमसंग गैलेक्सी एम55 स्मार्टफोन 26,999 की शुरूआती कीमत पर लॉन्च



**एजेंसी। नई दिल्ली**

साउथ कोरियन टेक कंपनी सैमसंग ने बजट सेगमेंट में अपना दो स्मार्टफोन्स 'सैमसंग गैलेक्सी M15' और 'गैलेक्सी M55' लॉन्च कर दिया है। गैलेक्सी M55 स्मार्टफोन में 6.67 इंच का फुल HD+ एमोलेड डिस्प्ले, स्नैपड्रैगन 7 जेन 1 प्रोसेसर और 50MP का सेल्फी कैमरा दिया गया है। कंपनी इस स्मार्टफोन को 26,999 की शुरूआती कीमत पर लॉन्च किया है।

वहीं, सैमसंग गैलेक्सी F15 में 6.5 इंच FHD+ डिस्प्ले और 6000 एमएच बैटरी दी गई है। फोटोग्राफी के लिए स्मार्टफोन के बैक पैनल पर ट्रिपल कैमरा सेटअप में 50MP का मेन कैमरा दिया गया है। सैमसंग ने इस स्मार्टफोन को 13,299 के स्टार्टिंग प्राइस पर लॉन्च किया है।

**सैमसंग गैलेक्सी F55 :** स्पेसिफिकेशन

डिस्प्ले : सैमसंग गैलेक्सी F55 स्मार्टफोन में 120Hz रिफ्रेश रेट के साथ 6.67 इंच का फुल HD+ एमोलेड डिस्प्ले मिलेगा। स्मार्टफोन डिस्प्ले का रेजोल्यूशन 1080X2400 और पीक ब्राइटनेस 1000 नीट्स है।

**मेन कैमरा :** फोटोग्राफी और वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए स्मार्टफोन के रियर पैनल पर ट्रिपल कैमरा सेटअप में 50MP+8MP+2MP कैमरा दिया गया है।

## मानव मस्तिष्क का आकार धीरे-धीरे बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** समय के साथ मानव मस्तिष्क का आकार धीरे-धीरे बढ़ रहा है और इससे युवा पीढ़ी में डिमेंशिया का खतरा कम हो सकता है। जामा न्यूरोलॉजी में छपी एक रिसर्च रिपोर्ट में ये बात सामने आई है। स्टडी में 55 से 65 वर्ष की उम्र के बीच 3,000 से अधिक अमेरिकियों के मस्तिष्क की तस्वीरें लगी गई। इसमें पाया गया कि 1970 के दशक में पैदा हुए लोगों का ब्रेन वॉल्यूम 1930 के दशक में पैदा हुए लोगों की तुलना में 6.6% अधिक है।

## बजाज 10 को लाएगी अपनी सबसे पावरफुल बाइक

बजाज ऑटो अपनी पॉपुलर बाइक पल्सर लाइनअप को बढ़ाने की तैयारी कर रही है। कंपनी 10 अप्रैल को नई बाइक पल्सर एन 250 को लॉन्च करेगी। बाइक 'ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम' के साथ आएगी। इसके अलावा, यह बाइक इनवर्टेड फोर्क्स से लैस होगी। इसकी शुरूआती कीमत 2.40 लाख रुपए हो सकती है।

अपडेटेड बजाज पल्सर एन 250 में पल्सर एन 200 जैसा ही इंस्ट्रूमेंट कंसोल मिल सकता है। यह पूरी तरह से डिजिटल LCD कंसोल है। इसमें स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, कॉल/रटर अल्टर और टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन जैसी फैसिलिटीज मिलती हैं।

**तीन कलर ऑप्शन और एक वैरिएंट में लॉन्च होगी**



पल्सर एन 250 कंपनी नई पल्सर एन 250 को सिंगल वैरिएंट और तीन कलर ऑप्शन - रेसिंग रेड, कैरेबियन ब्लू और ब्रॉकलियन ब्लैक में लॉन्च कर सकती है। पल्सर एन 250 का मुकाबला सुजुकी जिक्सर 250,केटीएम ड्यूक 250 और टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 4वी से होगा।

पल्सर एन 150 : डिजाइन

नई पल्सर एन250 कंपनी के पोर्टफोलियो में पल्सर एन 160 और एन 150 का अपग्रेडेड होगा। पल्सर एन 250 का डिजाइन एलिमेंट भी एन 160 और एन 150 के समान नजर आ सकते हैं।

इसके फीचर्स में सिस्टम गियर इंडिकेटर, क्लॉक, फ्यूल इकोनॉमी, रेंज इंडिकेटर & वरइ मोबाइल चार्जर, एलईडी टेल लैंप, एलईडी हेड लैंप बाय-फंक्शनल प्रोजेक्टर छएऊशामिल हैं।

**पल्सर एन 250 : इंजन स्पेसिफिकेशन**

नई पल्सर एन 250 को पावर देने के लिए 249.07 का 4 स्ट्रोक, 2 वाल्व ऑयल कूल्ड इंजन मिलेगा, जो 24.5 hp की मैक्सिमम पावर और 21.5 एन का पीक टॉर्क जनरेट करता है। ट्रांसमिशन की बात करें तो इंजन को 5-स्पीड गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है।

## रांची में खोली है जूडियो की पहली शाखा



**रांची।** हॉल ही में रांची के अंतु चौक में टाटा कंपनी अपने जूडियो की शाखा खोली हैं जिसमे अभी के फैशन को देखते हुए सारे कपड़े उपलब्ध हैं कपड़े के अलावा जूते, मेकअप और बहुत से समान लाए गई है। रांची वासियों में जूडियो की बहुत ज्यादा खुमार देखने को मिल रहा है लोग भारी संख्या मे पहुंच रहे है और खरीदारी भी कर रहें हैं। यहा कपड़े व बाकी समान बड़े किफायती दामों में उपलब्ध हैं यहा कपड़े 100 रुपये से उपलब्ध है और जूते भी 250 रुपये से चालू है इसके अलावा मेकअप व आदि समान भी काफी कम दामों मे उपलब्ध हैं। जिसके कारण पहले ही कुछ दिनों में पहला स्टॉक समाप्त भी हो गया है फिर भी रांची वाशी यहा पहुच रहे है और अपने रांची में खुले जूडियों को देखने पहुच रहे हैं।

# भारत में ईवी चार्जिंग स्टेशन के लिए अदाणी गैस ने किया एमजी मोटर इंडिया के साथ समझौता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत को एक मजबूत और कुशल ईवी चार्जिंग के बुनियादी ढांचे के निर्माण में मदद करने के लिए अदाणी टोटलएनर्जीज ई-मोबिलिटी लिमिटेड (एटीईएल) और एमजी मोटर इंडिया ने सोमवार को एक समझौता किया। इसका उद्देश्य ग्राहकों को ईवी का उपयोग आसान बनाना है। समझौते के तहत ईवी ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए देश भर में एमजी डीलरशिप पर ईवी चार्जिंग स्टेशन (60 किलोवाट डीसी) स्थापित किए जाएंगे। अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) के ईडी और सीईओ सुरेश पी. मंगलानी ने कहा, ₹चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए अदाणी टोटलएनर्जीज ई-मोबिलिटी लिमिटेड और एमजी मोटर इंडिया के बीच सहयोग एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह भारत के ऊर्जा परिवर्तन को तेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मंगलानी ने कहा कि इससे कार्बन उत्सर्जन को कम करने और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। चार्जिंग नेटवर्क को मजबूत करने और ग्राहक पहुंच बढ़ाने के लिए एटीईएल एमजी डीलरशिप पर सीसी2 60 किलोवाट डीसी चार्जर स्थापित करेगा। एमजी मोटर इंडिया के मुख्य विकास अधिकारी गौरव गुप्ता ने कहा, यह साझेदारी टिकाऊ गतिशीलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और एक मजबूत चार्जिंग बुनियादी ढांचे का निर्माण कर ईवी के क्षेत्र में क्रांति लाने की हमारी दृष्टि का प्रमाण है। दोनों कंपनियों के बीच सहयोग का उद्देश्य भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। यह समझौता चार्जिंग बुनियादी ढांचे की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग, संचालन और रखरखाव को शामिल करते हुए एक व्यापक समाधान भी प्रदान करेगा। इसके अलावा, एक मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से खोज, यूजर्स का प्रमाणीकरण, चार्जिंग और बिलिंग निपटान को कवर करते हुए एक सहज ग्राहक अनुभव की सुविधा के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया जाएगा। दोनों कंपनियां नेटवर्क दृश्यता और उन तक पहुंच को बढ़ाने के लिए उन्नत एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) का लाभ उठाकर सभी प्लेटफार्मों पर सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों को एकीकृत करने की क्षमता का पता लगाएंगी। यह सहयोग एटीईएल के सार्वजनिक चार्जिंग नेटवर्क के रणनीतिक स्थानों, खासकर हवाई अड्डों जैसे स्थानों पर एमजी यूजर्स के लिए सुलभ आरआईएफडी समाधानों के साथ ग्राहक अनुभव को भी बढ़ाएगा।



## एक नजर

### श्री राम महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा आज

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के दलपतपुर गांव में आयोजित श्री राम महायज्ञ की पूरी तैयारी कर ली गयी है। मंगलवार को कलश यात्रा के साथ यज्ञ प्रारंभ होगा। यज्ञायाधीश साकेत बिहारी फलाहारी बाबा समेत और साधु संत भी वहां पहुंच गए हैं। इस संबंध में दलपतपुर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष शिवनंदन यादव तथा उप सचिव अनिल यादव ने बताया कि 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक नव दिवसीय यज्ञ का आयोजन होगा। जिसमें रामलीला व रासलीला तथा प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक दिन होगी। इसके लिए यज्ञशाला बन चुका है, सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मौके पर उपाध्यक्ष युगेश्वर यादव, सचिव कैलाश यादव, कोषाध्यक्ष उमेश यादव, उप कोषाध्यक्ष सुनील यादव, संचालक शिवलाल यादव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### फांसी के फंदे में लटका मिला युवक का शव

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र कुंडी गांव में 24 वर्षीय श्याम उर्फ चरकू पिता छेदी साव का फंदे में झूलते हुवे शव को पुलिस ने बरामद किया है। ग्रामीणों की सूचना पर सराढू पुलिस पिकेट प्रभारी राजेश राम घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक शादीशुदा ह और दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। उक्त घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है। इस मामले में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने बताया कि परिजनों की ओर से अबतक लिखित आवेदन नहीं दी गई है और ना हीं घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद किया गया है। मामला हत्या या आत्महत्या है इसकी जांच की जा रही है।

### पलामू सेंट्रल जेल के कैदी अजय चौधरी की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू सेंट्रल जेल के कैदी अजय चौधरी की रांची रिम्स में सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। अजय चौधरी पर बीते 26 मार्च को अपने चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या करने अरोप था। घटना के बाद पुलिस ने आरोपित अजय चौधरी को 28 मार्च को मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। वह 28 मार्च से पलामू सेंट्रल जेल में बंद था।अचानक तबीयत खराब होने के बाद उसे रिम्स में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी।बताते चले की 26 मार्च को पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड में मनोज चौधरी की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। मनोज चौधरी अपने गोतिया परिवार के साथ होली के दिन बैठकर शराब पी रहा था। इसी क्रम में अपने चचेरे भाई अजय चौधरी के साथ उसकी बहस हो गयी थी। आरोप है कि बहस के दौरान अजय चौधरी ने मनोज चौधरी को गोली मार दी थी। आनन-फानन में मनोज चौधरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी।

### रामनवमी पर्व व झांकी प्रस्तुति को लेकर समिति का गठन, शंकर बने अध्यक्ष

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के पेक्सा गांव में रामनवमी पर्व व झांकी प्रस्तुति को लेकर ग्रामीणों की बैठक बीते देर रात देवी मंडप परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता शंकर दांगी ने किया। बैठक में नवमी के दिन झंडा जुलूस के साथ झांकी प्रस्तुति करने का निर्णय लिया गया। जबकि रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्द माहौल में मनाने की अपील की गई। झांकी प्रस्तुति को लेकर कमेटी का गठन करते हुए शंकर दांगी को अध्यक्ष, विजय दांगी को उपाध्यक्ष, सनोज कुमार दांगी को सचिव, चंदन कुमार राणा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि कार्यकारी सदस्य में बासुदेव दांगी, सहेंद्र दांगी, दीपक कुमार, बालकिशुन दांगी, जगदीश वर्मा, मनोज ठाकुर, गंगाधर राणा, मनोज कुमार दांगी, संटू कुमार, उमेश दांगी, कैलाश राणा, धनु राणा सहित अन्य को रखा गया है।

# सड़क जाम की समस्या से लोगों को नहीं मिल रही निजात

## शहर में लगाने वाले जाम में कोई रूची नहीं दिखा रहे हैं ट्रैफिक प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

बाजार क्षेत्र में सड़क जाम की समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। ट्रैफिक प्रभारी जाम लगने पर नही दिखा रहे रुचि। सोमवार को शहर के पंच मुहान चौक के पास करीब एक घंटे तक सड़क जाम रहा।

सड़क जाम को हटाने के लिए ट्रैफिक प्रभारी को फोन भी किया गया। परंतु उन्होंने फोन नही उठाया। जाम की वजह से बच्चे बूढ़े सभी को तपती धूप के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताते चले की पंच मुहान चौक के बीच रास्ते में दो व्यक्ति फल का ठेला लगाते है। जिनके वजह से प्रतिदिन यहां पर जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। कई बार जाम की समस्या को लेकर लोग आपस में झगड़ा भी कर चुके है। वही समस्या यह भी है की सड़क के किनारे बेतरतीब दो पहिया वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके वजह से राह चलने वाले राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**इन रास्तों पर बिगड़ रहे जाम के हालात**

शहर के छह मुहान से बाजार की और जाने वाली सड़क पर हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। वही थाना रोड में थाना से लेकर पंच मुहान तक इतनी जाम रहती है कि लोगो को पैदल चलने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह यदि हम सब्जी बाजार की बात करे तो यहाँ पर सब्जी बेचने वाले लोग इस तरह सड़क को अतिक्रमण कर रखे है कि यदि दिन में आगजनी की समस्या हो जाये तो यहाँ अग्नि समन वाहन को पहुंचने में घण्टो समय लग सकता है,और जाम के कारण काफी क्षति भी हो सकती है। इन हिस्सों में लाखों और करोड़ों रुपए की दुकानें और मॉल बने हुए हैं, लेकिन पार्किंग के इंतजाम किसी के पास नहीं है।

## बिना ढके वाहनों से ढोया जा रहा कूड़ा कचरा



**मेदिनीनगर।** शहर में सफाई के लिए नगर निगम की और से लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद कचरा लोगों के मुंह पर ही पड़ रहा है। भीड़ भाड़ वाले इलाकों में कचड़ा वाहन को बिना ढके ले जाते हैं। खुले में जा रहा कचरा उड़ता हुआ पीछे चलने वाले राहगीरों के मुंह पर आता है। वाहन कचरा उठाने के साथ रास्ते में गिराते हुए जाते हैं, जबकि बार-बार कचरे को ढक कर ले जाने के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन नगर निगम के जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं।शहर के बाजार क्षेत्र में रोजाना बड़ी मात्रा में कूड़ा जमा होता है। प्रशासन की ओर से सभी वार्डों से डोर टू डोर कूड़ा उठाया जाता है। सफाई कर्मचारी छोटे वाहन लेकर गली-गली जाते हैं। इसके बाद एक जगह कूड़े को एकत्र किया जाता है। यहां से बड़े वाहनों पर कूड़ा लादकर अन्यत्र उसे ले जाया जाता है। वाहनों में बिना तिरपाल से ढके ही कूड़ा ले जाया जा रहा है। नतीजा गाड़ी का ब्रेक लगने या गड्ढे में वाहन फंसने पर पीछे चल रहे लोगों पर गंदगी गिर जाती है। शहर में कूड़े के निस्तारण की व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पा रही। ऐसा नहीं है कि अधिकारी इससे अनजान हैं।

## सीओ ने बूथ लेवल अधिकारी को घर-घर जाकर नए मतदाताओं का निबंध करने का दिया निर्देश



### यह अभियान लोकसभा चुनाव को देखते हुए चलाया जा रहा है: सीओ

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)**

अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने सोमवार को गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न गांव का भ्रमण किया। इस क्रम में बीएलओ द्वारा किए जा रहे मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम निबंध की विस्तृत जानकारी सीओ ने ली। नए मतदाताओं के घर-घर जाकर इसका सत्यापन भी किया। बताया गया कि 6 से 11 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर नए मतदाताओं का नाम निबंधित किया जा रहा है। बताया गया कि संबंधित मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी को घर-घर जाकर नए मतदाताओं का निबंध करने का निर्देश प्राप्त है। इस क्रम में प्रपत्र छह भरते हुए प्रत्येक दिन इसकी रिपोर्ट निर्वाचन शाखा को करने का निर्देश दिया गया है। कार्य में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करने की चेतावनी भी संबंधितों को दिया गया है। सीओ ने बताया कि यह अभियान लोकसभा चुनाव को देखते हुए चलाया जा रहा है। अंचल अधिकारी ने प्रखंड के बारियातु, गिद्धौर, द्वारी, बारिसाखी सहित अन्य पंचायत के दर्जनों गांव का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान संबंधित पंचायत सचिव के साथ बीएलओ आदि शामिल थे।

## पिता ने पुत्र-बहू को जलाकर मारने का किया प्रयास



**पलामू ।** मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डुमरी के भुईया टोला में एक पिता ने अपने ही पुत्र और पुत्रवधू को जलाकर मारने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार रामजी राम रविवार को नशे में धुत होकर अपने बेटे के घर पहुंचा। बेटा और बहू नींद में सो रहे थे। इसी बीच रामजी राम घर में आग लगा दी। लेकिन आग की लपेट जब तेज हो गई तो बेटा और पुतोहू किसी प्रकार दरवाजा खोलकर जान बचाया. ग्रामीणों के अनुसार रामजी राम को अपने बेटे और बहू से हमेशा अनबन रहता था। बेटा अलग मकान में रहता था जबकि रामजी राम अपनी बेटी के साथ दूसरे मकान में रहता है।

## नियमित क्लास नहीं करने वाले विद्यार्थियों को होगी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद**



पलामू जिले के प्लस टू उवि हैदरनगर के बारहवीं में प्रमोट हुए 2024- 2025 सत्र के सभी छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण किया जा रहा है। राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय हैदरनगर की प्राचार्या गंगा अग्रवाल ने बताया कि दसवीं एवं बारहवीं की क्लास नियमित तौर पर चल रही है। जिसमें खासकर इटरमीडिएट साइंस ( गणित , विज्ञान ) की कक्षाएं नवनियुक्त शिक्षकों द्वारा संचालित की जा रही हैं। प्राचार्या ने बताया कि जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति 60 प्रतिशत से कम होगी, उन्हें परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित किया जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रातः 07 बजे से दोपहर 01 बजे तक संचालित है। विद्यार्थियों के बीच पाठ्य पुस्तक का भी वितरण किया जा रहा हैं। जो विद्यार्थी नियमित क्लास नहीं करेंगे, उन विद्यार्थियों के अभिभावकों से विद्यालय के शिक्षक संपर्क कर उन्हें अपने बच्चो को नियमित विद्यालय भेजने का आग्रह करेंगे। प्राचार्या ने बताया कि विद्यालय के लैब को भी अपग्रेड कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नियमित क्लास करने वाले विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देकर कामयाब बनाने का काम शिक्षक कर रहे हैं। विद्यालय में कंप्यूटर और इंटरनेट की जानकारी देने का काम आशीष मिश्रा के द्वारा किया जा रहा है।

## जारी है कोयल नदी से बालू का अवैध खनन

**लातेहार ।** झारखंड राज्य में बालू की अवैध खनन और भंडारण पर पूर्णतः प्रतिबंध है. रोक के बावजूद गारू में धड़ल्ले से अवैध तरीके से कोयल नदी से बालू का खनन किया जा रहा है। देर रात होते ही नदियों से बालू का उठाव शुरू हो जाता है। ग्रामीणों नें बताया कि प्रत्येक दिन दर्जनों ट्रैक्टर रात के अंधेरे से भोर तक बालू की ढुलाई बेखौफ होकर करते हैं। नदियों की भौगोलिक स्थिति के साथ छेड़छाड़ कर पर्यावरण को तहस नहस किया जा रहा है। बता दें कि गारू रेफरल अस्पताल भवन निर्माण के लिए परिसर में अंचल कार्यालय तथा थाना के पास से गुजरते हुए बालू का अवैध भंडारण किया जा रहा है। सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सरकार द्वारा पंचायत स्तरीय बालू घाट समोधटोला पंचायत धांगरटोला को बनाया गया है। जहां से अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास, जनमन आवास के लाभुक एवं मनरेगा अंतर्गत संचालित कूप निर्माण समेत पंचायत व प्रखंड से संचालित विकास योजनाओं के लिए बालू निकाला जाता है, योजनाओं के नाम पर बड़े-बड़े ठेकेदारों को बालू बेची जा रही है।

## चुनाव में उपयोग होने वाले छोटे-बड़े वाहनों के लिए डीटल व पेट्रोल का हुआ निर्धारण


जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार यादव

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

राज्य सरकार के परिवहन मांग ने चुनाव में अतिरिक्त होने वाली छोटी और बड़ी गाड़ियों में डीजल के खर्च को लेकर अधिसूचना जारी करती है। छोटी गाड़ियां जो चुनाव में ली या लगाए जाएंगे उन्हें 10 किलोमीटर औसत पर 1 लीटर डीजल दिया जाना है। जबकि बड़ी गाड़ी बस या ट्रक को भी एक लीटर मिलेगा लेकिन उनका औसत 3 किलोमीटर होगा ।इस तरह से छोटी गाड़ियां जो चुनाव में अधिकृत होगी उन्हें डीजल प्रत्येक 10 किलोमीटर पर 1 लीटर के अनुपात और हिसाब से दिया जाएगा जबकि बड़ी गाड़ी पर 3 किलोमीटर पर 1 लीटर इस तरह से छोटी और बड़ी गाड़ियों के औसत है 7 किलोमीटर का अंतर पड़ता है । जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार यादव ने इसकी पुष्टि की है और कहा कि छोटी गाड़ी जिसका औसत 10 किलोमीटर होगा उसे एक लीटर डीजल के हिसाब से दिया जाएगा और बड़ी गाड़ी बस या ट्रक को 3 किलोमीटर के हिसाब से 1 लीटर दिया जाएगा। एक प्रश्न के उत्तर में के पलामू जिले में करीब 100 से अधिक पेट्रोल पंप है इनमें से कितने पेट्रोल पंप को अधिकृत किया गया है। तो उन्होंने बताया कि पलामू जिले में चुनाव के गाड़ियों में तेल डालने के लिए 16 पेट्रोल पंप को चुना गया है। इन 16 पेट्रोल पंप में 14 पेट्रोल पंप डाल्टनगंज और इसके आसपास यानी शाहपुर, चैनपुर और जीएलए कॉलेज से भी आगे के पेट्रोल पंप को शामिल किया गया है। जबकि एक-एक पेट्रोल पंप छतरपुर और हुसैनाबाद का भी लिया गया है। एक दूसरे प्रश्न के उत्तर में की यदि कोई चुनाव की गाड़ी चुनाव के कार्य के दौरान ब्रेकडाउन हो जाए तो ऐसी स्थिति में क्या वैकल्पिक व्यवस्था होगी। तो उसमें जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि हमारे पास पर्याप्त वैकल्पिक गाड़ी हर एक अनुमंडल स्तर पर और सेक्टर स्तर पर उपलब्ध रहेगी।

## रामनवमी पूजा कमेटी का हुआ गठित, पंकज बने अध्यक्ष



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर प्रखंड के सिगसीगी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में रामनवमी पूजा महोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया। इसके अलावा रामनवमी जुलूस निकालने और आकर्षक झांकी प्रस्तुत करने का फैसला लिया गया। रामनवमी पूजा महोत्सव के सफल संचालन हेतु एक कमिटी का गठन भी किया गया। नवगठित कमेटी का अध्यक्ष पंकज कुमार कुशवाहा को मनाया गया। वहीं राहुल कुमार गुप्ता,रविंद्र विश्वकर्मा,राजमुनि चौधरी व राम अयोध्या तिवारी को उपाध्यक्ष,अनुज कुमार चौधरी को सचिव,दिनेश कुमार गुप्ता को उपसचिव,सुधांशु कुमार को कोषाध्यक्ष तथा धीरज प्रसाद गुप्ता को उप कोषाध्याय मनोनित किया गया। इसके अलावा 51 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया। जिसमे संजय मेहता रमेश कुशवाहा,उदय कमलापुरी,रामराज मेहता,संतोष गुप्ता,योगेंद्र पासवान,शिव शंकर चौधरी,चंद्रदेव विश्वकर्मा,श्याम सोनी,राजकुमार चौधरी,धर्मेंद्र राम,सुरेंद्र मेहताविजय कुमार गुप्ता,पंकज गुप्ता,पप्पू चौधरी, छोटू शर्मा,अजीत चौधरी,रंजीत विश्वकर्मा,निखिल कुमार,हिमांशु मालाकार,अनुज कुमार,सुनील चंद्रवंशी आदि को शामिल किया गया है। बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पेड न्यूज व विज्ञापनों पर रखें खास नजर : डीडीसी

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सह एमसीएमसी कोषांग के वरीय पदाधिकारी सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला जनसंपर्क कार्यालय में मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) की बैठक हुई. इसमें प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के अलावा प्रिंटिंग प्रेस के लोगों ने भी भाग लिया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी गठित की गयी है। एमसीएमसी के माध्यम से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोशल मीडिया, केबल नेटवर्क एवं अन्य मामलों की गतिविधियों में निगरानी का कार्य किया जा रहा है। बैठक में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान जिला एमसीएमसी के दायित्वों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रण पर के प्रावधानों से अवगत कराया गया।

## न्यूज बॉक्स

### बाबा चौहरमल के बताए रास्ते पर चलने का लिया गया संकल्प



**मेदिनीनगर।** पांडू बाबा चौहरमल कल्याण समिति पोखरी पंचायत कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल का 711 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व गाजे-बाजे के साथ पूरे पंचायत में बाबा चौहरमल का शोभा यात्रा निकाल कर वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। वहां पर बाबा चौहरमल के चित्र स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। मुख्य अतिथि वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला कमेटी के अध्यक्ष संदीप पासवान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आयोजन कमेटी ने अतिथियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने नव चयनित वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के पंचायत कमेटी के पदाधिकारियों को भी माला पहनाकर सम्मानित किया। सभी अतिथियों ने बारी बारी से बाबा चौहरमल जी के जीवनी पर प्रकाश डालाते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

### सेवानिवृत शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रुपिन में समारोह आयोजित कर सेवानिवृत शिक्षक शिव कुमार दांगी को सोमवार को भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक श्री दांगी 31 मार्च को सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृत्ति होने के बाद विद्यालय में आयोजित समारोह में विद्यालय परिवार द्वारा माला पहनाकर व अंग वस्त्र सहित अन्य सामग्री देकर श्री दांगी को विदाई दी गई। बताया गया कि शिक्षक श्री दांगी उक्त विद्यालय में करीब 18 वर्षों से कार्यरत थे। विदाई समारोह में विद्यालय के वर्तमान सचिव, सहायक शिक्षक, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य के साथ छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए ढोल-बाजे के साथ हुआ प्रतिमाओं का स्वागत

**सिमरिया(चतरा)।** सोमवार को सिमरिया प्रखंड अंतर्गत सबानो गांव में नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रतिमाएं गांव पहुंची। गांव में प्रतिमाओं का ढोल बाजे के साथ स्वागत किया गया। वहीं प्रतिमाओं के दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने जमकर जयकारा लगाया और प्रतिमाओं को नमन किया। उक्त सभी प्रतिमाएं राजस्थान से मंगवाई गई हैं, जिन्हें मंदिर में वैदिक मंत्रोंचार के साथ प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव में रुद्र महायज्ञ का भी आयोजन 10 अप्रैल से लेकर 16 अप्रैल तक किया गया है। यज्ञ में संध्याकालीन भजन संकीर्तन, प्रवचन और भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। प्रतिमाओं के गांव पहुंचने पर सर्वत्र भक्ति और आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। लोग आचार-व्यवहार और खान-पान में सात्विकता बरत रहे हैं। सारा गांव भगवा ध्वज से पटा हुआ है। यज्ञ मंडप को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। प्रवचन और भंडारा स्थल को व्यवस्थित और सुसज्जित किया जा रहा। यज्ञ में यज्ञ समिति के साथ समस्त ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं।

### अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा, चार गिरफ्तार



**हुसैनाबाद ।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब के खिलाफ पलामू पुलिस अभियान चला रही है. वरीय पदाधिकारियों से मिले गुप्त सूचना के आधार पर हुसैनाबाद एसडीएम आईएएस पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो व उत्पाद अधीक्षक ने छापेमारी कर हुसैनाबाद के झड़गड़ा गांव के टोला बगमनवा में अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया। मौके से रॉयल ब्लू 8 पेटी, रॉयल क्लासिक लेमन 50 पेटी, देसी शराब टनाका 1 पेटी, शिलिंग मशीन 1 पीस, बिना नम्बर के एक दो पहिया वाहन, 7 गैलन स्प्रिट, एक हजार बोतल के ढकन, खाली बोतल 40 हजार, फ्लेवर 1 बोतल, लेवल स्टीकर जब्त किया गया। वहीं अवैध कारोबार में शामिल चार लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मुख्य आरोपी पुलिस को देख मौके से फरार हो गया। मुकेश कुमार, सुजीत रजवार, ललन रजवार और राज कुमार को पुलिस ने दबोच लिया। फरार दो संचालकों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए लोगो से शराब की पैकिंग का डेमो भी करवाया कि कैसे बोतल में शराब भर कर सील किया जाता है। उक्त जानकारी हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो ने प्रेस वार्ता में दी।

## पेज एक के शेष

### कल्पना सोरेन ने ममता ...

खुद तृणमूल नेता पड़ोसी राज्य झारखंड में लेफ्ट, कांग्रेस के साथ एक मंच पर नहीं दिखना चाहतीं। इससे बंगाल के चुनाव में एक अलग संदेश जाने का खतरा है। हालांकि, एक शीर्ष तृणमूल नेता ने कहा, "वोट के बाद "इंडी" गठबंधन फिर से अपना सिर उठाएगा। हमारे नेता ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि तृणमूल ने गठबंधन नहीं छोड़ा है। चुनाव के बाद, सभी भाजपा विरोधी दल फिर से एक साथ आएंगे। सूत्रों के अनुसार 21 तारीख को झामुमो की ओर से रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित रैली में हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में लोकतंत्र की रक्षा का आह्वान किया जायेगा। तृणमूल सूत्रों के मुताबिक, ममता पड़ोसी राज्य असम में दो चुनावी रैलियां करने वाली हैं।

### भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई ...

को 30 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है।

उन्होंने कहा, पिछले दस साल में देश कहां से कहां पहुंचा देश ने कितनी प्रगति की है। बस्तर के लोगों ने मोदी की गारंटी पर मोहर लगाई है। आज उसी विश्वास पर पूरा देश कह रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। मोदी आराम करने के लिए नहीं काम करने के लिए पैदा हुआ। यह 24 बाय 7 और 2047 के लिए है। मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला करते हुए कहा कि 4 लाख करोड़ के वैक्सीन भारत में मुफ्त लगे। कांग्रेस की अमीरों की सरकार के समय देश में बीमारी का टीका आने में दशकों लग जाते थे लेकिन मोदी ने गरीबों को मुफ्त वैक्सीन भी दी, मुफ्त राशन भी दिया। जबकि दूसरे देशों में हजारों रुपये में वैक्सीन लग रहे थे। तब भारत के लोगों को मुफ्त वैक्सीन लगवाई गई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपए निकलता था और सिर्फ 15 पैसा गांव तक पहुंचता था। यह मैं नहीं कह रहा हूं, कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कहा था। कौन-सा पंजा था जो 85 पैसा मार लेता था। मोदी ने कांग्रेस की लूट की व्यवस्था बंद कर दी है। लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने के बाद यह पीएम मोदी का पहला दौरा है। बस्तर में विजय संकल्प रैली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए।

### एकल पीठ के आदेश...

राज्य के जिलों में ओबीसी की आबादी का आकलन करेगी और इस संबंध में डाटा राज्य सरकार को उपलब्ध कराएगी। इसके आधार पर निकाय चुनाव में वार्डों में ओबीसी के लिए आरक्षण दिया जाएगा। इसलिए निकाय चुनाव पूरा करने के लिए समय दिया जाए। राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश पर तत्काल रोक लगाने एवं एकल पीठ के आदेश को रद्द करने का आग्रह हाई कोर्ट से किया है। अपील में राज्य सरकार ने झारखंड म्युनिसिपल एक्ट के प्रोविजन का हवाला देते हुए नगर निगम में प्रशासक की नियुक्ति को सही ठहराया है। राज्य में नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की याचिका को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंद सेन की कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

### सनसनी : सैलून में बाल कटवा ...

पिस्टल से सिर में सटाकर गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय सैलून में सिर्फ नाइ दीपक ठाकुर ही मौजूद था। मृतक सीमेंट और जमीन का व्यवसाय करते थे। घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से लोगों में काफी आक्रोश है। फिलहाल हत्या के कारणों का खुलासा नही हो पाया है। इधर सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। प्रशिक्षु पुलिस अधीक्षक सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि व्यवसायी की गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस पूरे मामले पर जांच कर रही है। पुलिस के प्रारंभिक जांच में घटना के कारणों का अब तक सुराग नहीं मिली है।

### 60 साल तक देश के साथ ...

कहा कि आज गांव में सड़क है, बिजली है, चिकित्सा की सुविधा है। एक समय कांग्रेस ने पूरे देश में संकट पैदा कर रखा था। कांग्रेस के शासनकाल में शहरों में भी गैस सिलेंडर नहीं मिलता था। आज हर गरीब के घर गैस चूल्हा है। भाजपा के शासनकाल में बैंकों को गरीबों की चौखट तक पहुंचाया। लोगों का खाता खुलवाया। ग्रामीणों को सारी सुविधाएं उनके खातों में पहुंचा रहे हैं। भारत आज आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारता है। कांग्रेस के राज में दंगा चरम पर था, पर आज चारों ओर शांति है। देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। देश आज आर्थिक रूप से आगे बढ़ता जा रहा है। भारत आज विश्व की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित बनाने का है और इस दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राहुल गांधी पर निशाना साधते कहा कि वे मोहब्बत की दुकान खोलते हैं, न्याय की बात करते हैं, लेकिन उनके पार्टी और वे खुद नफरत करते हैं, और अन्याय करते हैं। इंडी गठबंधन के नेता सनातन धर्म को खत्म करने का खुले मंच से कहते हैं, लेकिन राहुल गांधी और उनके पार्टी के कोई नेता कुछ नहीं बोलते हैं और चुप्पी साध लेते हैं, मरांडी ने सवालिया लहजे में कहा कि क्या यह अन्याय और नफरत नहीं है।

### अंबा प्रसाद व उनके भाई से...

पूछताछ की थी। ईडी ने अंबा और उनके पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ हजारीबाग के विभिन्न थानों में दर्ज प्राथमिकी को मिलाकर ईसीआईआर दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि अवैध वसूली, अवैध बालू खनन और जमीन पर कब्जा को लेकर ईडी ने 12 मार्च को विधायक अंबा प्रसाद सहित 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान 35 लाख रुपये, डिजिटल उपकरण, सर्किल कार्यालयों, बैंकों आदि के नकली टिकट और हाथ से लिखी रसीदें, डायरियां आदि के रूप में विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद और जब्त किए गए थे।

### 204 किलो अफीम के ...

क्षेत्र के महुदा गांव में छापेमारी कर पंकज कुमार दांगी और धीरेंद्र दांगी दो तस्करों को गिरफ्तार किया। दोनो के पास से पुलिस ने 204.4 किलो गिला अफीम, ब्राउन शुगर बनाने में प्रयुक्त मशीन, एक गैस सिलेंडर, एक गैस चूल्हा, इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन, 100 पीस प्लास्टिक, वेटिंग जैक मशीन, 25.400 किलो मटमैला कपड़ा सना मिट्टी व ब्राउन शुगर बनाने में प्रयुक्त कपड़ा बरामद किया गया। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में दस करोड़ रुपये कीमत आंकी जा रही है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ दंत रोपण
❖ पायरिया का ईलाज ❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# भारतमाला प्रोजेक्ट हाईवे पर उतरे तेजस, जगुआर व सुखोई-30 लड़ाकू विमान

**एजेंसी। जालोर**

राजस्थान में भारतमाला प्रोजेक्ट हाईवे 925 ए पर सोमवार को तेजस, जगुआर और सुखोई-30 लड़ाकू विमानों की लैंडिंग हुई। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर सांचौर-बाड़मेर जिले से सटे अगड़वा से गुजर रहे इस हाईवे पर सबसे पहले तेजस ने लैंडिंग की।

यहां सुबह करीब दस बजे तेजस ने लैंडिंग की। इसके बाद फाइटर जेट जगुआर और एएन-32, सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और लड़ाकू सुखोई-30 की भी लैंडिंग हुई। इसके साथ ही अब इस हवाई पट्टी का इस्तेमाल वायु सेना युद्ध और अन्य आपातकाल जैसी परिस्थितियों में इमरजेंसी लैंडिंग के लिए कर सकेगी। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के नजदीक बनी यह इमरजेंसी एयर स्ट्रिप करीब तीन किलोमीटर लंबी है। भारतमाला परियोजना के तहत हाईवे पर बनी एयर स्ट्रिप का नौ सितंबर, 2021 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने उद्घाटन किया था। इस दौरान पहले ट्रायल में दो हेलिकॉप्टर की लैंडिंग करवाई गई थी।



सैन्य सूत्रों के अनुसार आज विमानों की लैंडिंग का परीक्षण करने के लिए एयर स्ट्रिप पर 25 गुणा 65 वर्गमीटर का एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) केबिन भी बनाया गया। यहां सोमवार को दोपहर सवा बजे एंटोनोव एएन-32 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने लैंडिंग की। दोपहर करीब एक बजे सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की लैंडिंग के बाद जब गरुड़ कमांडो विमान से उतर रहे थे, तब एक बैल एयर स्ट्रिप पर आ गया। बैल को गरुड़ कमांडो ने एयर स्ट्रिप से दूर किया। इस हवाई पट्टी पर पिछले तीन दिनों से वायु सेना ने डेरा डाल रखा है लेकिन सर्विस रोड से आवागमन सुचारू था।

सोमवार को लड़ाकू विमानों की लैंडिंग की वजह से हवाई पट्टी के पास बनी सर्विस रोड पर भी आवाजाही को पूरी तरह से रोक दिया गया। इस परीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में वायु सेना के अधिकारी भी मौजूद थे।



## देश के पवित्र नदी तटों पर चल रहा है सोमवती अमावस्या स्नान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देशभर के प्रमुख नदी तटों पर आज सोमवती अमावस्या स्नान चल रहा है। लाखों लोग अब तक पुण्य स्नान कर पूजा-अर्चना कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, उत्तराखंड के हरिद्वार और उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के चित्रकूट तीर्थ क्षेत्र के पावन नदी तटों पर सोमवती अमावस्या स्नान के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा है।

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड में भी लोग जलतीर्थों में डुबकी लगाकर हर-हर गंगे के घोष के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रयागराज, हरिद्वार और बनारस में सोमवती अमावस्या पर अब तक लाखों श्रद्धालु गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। चित्रकूट में भी हजारों लोग सुबह से मंदाकनी नदी के रामघाट पर डुबकी लगाने के लिए कतारबद्ध हैं।

चित्रकूट के बारे में पौराणिक मान्यता है कि अगर अमावस्या सोमवार को पड़ती है तो भगवान महादेव एवं भगवान श्रीराम श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी करते हैं। वैसे तो चित्रकूट में हर माह अमावस्या को स्नान कर भगवान कामतानाथ की परिक्रमा की परंपरा है। अगर सोमवार को अमावस्या पड़ जाए तो समूचा बुंदेलखंड मंदाकनी नदी में डुबकी लगाने के लिए उमड़ पड़ता है।

## एक नजर

### राष्ट्रपति ने चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेटी चंड, नवरेह और साजिबु चेरोबा की बधाई दी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेटी चंड, नवरेह और साजिबु चेरोबा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा कि ये त्योहार वसंत ऋतु और भारतीय नव वर्ष के स्वागत में देश के अलग-अलग हिस्सों में मनाए जाते हैं। ये सभी त्योहार शांति, सौहार्द्र और सहिष्णुता का संदेश देते हैं। ये पर्व हमारे देश के सांस्कृतिक वैभव और समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। इन पर्वों के माध्यम से हम प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता भी प्रकट करते हैं।

### पीएम 16 को आयेंगे बिहार, गया में मांझी के समर्थन में करेंगे जनसभा को संबोधित

**पटना।** लोकसभा चुनाव में 400 के पार सीट हासिल करने के लिए एनडीए और भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। बिहार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ताबड़तोड़ जनसभाएं हो रही है। जमुई और नवादा में चुनावी जनसभा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब गया आने वाले हैं। पंद्रह दिनों के अंदर पीएम मोदी का यह तीसरा चुनावी दौरा होगा। पीएम मोदी आगामी 16 अप्रैल को गया पहुंचेंगे, जहां एनडीए के साझा उम्मीदवार जीतन राम मांझी के पक्ष में चुनावी सभा कर लोगों से एनडीए के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे। खुद जीतन राम मांझी ने इस बात का एलान किया है। गया से एनडीए के उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कुशवाहा समाज की हुई बैठक में खुले मंच से कहा कि आगामी 16 अप्रैल को प्रधानमंत्री गया आएंगे।

# कांग्रेस सत्ता में आते ही 30 लाख रिक्त पदों पर करेगी भर्ती : राहुल गांधी

**एजेंसी। सिवनी**

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंडला संसदीय क्षेत्र के सिवनी जिले के धनोरा में वादा किया कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही 30 लाख रिक्त पड़े पदों पर भर्ती की जाएगी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राहुल गांधी सोमवार को मंडला के कांग्रेस उम्मीदवार ओमकार सिंह मरकाम के समर्थन में जनसभा में हिस्सा लेने धनोरा पहुंचे। राहुल गांधी ने बेरोजगारी को लेकर केंद्र की सरकार पर हमले बोले और कहा कि वर्तमान में देश में 30 लाख सरकारी नौकरी के पद खाली पड़े हैं, जिन्हें भरा नहीं जा रहा। लोगों को मजदूर और संविदा पर रखा जा रहा है। जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी, 30 लाख पदों पर भर्ती की जाएगी।



राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र की नोटबंदी और गलत जीएसटी की नीति के कारण छोटे उद्योग बंद हो गए हैं और इसके चलते बेरोजगारी बढ़ी है। कांग्रेस मनरेगा की तरह नया कानून लाएगी। मनरेगा में जहां 100 दिन का काम दिया जाता है। नई योजना के तहत हर नए युवा को एक साल की अप्रेंटिसशिप, जिसमें साल का एक लाख रुपया दिया जाएगा। यह हर युवा का अधिकार होगा। उन्होंने बताया कि हमने महिला सशक्तीकरण के लिए एक बड़ी योजना बनाई है, जिसके तहत हर परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए दिए जाएंगे। वहीं, परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए पेपर लीक को लेकर एक कानून बनाया जाएगा।

पेपर बनाने और परीक्षा आयोजित करने का काम निजी एजेंसी को नहीं दिया जाएगा। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की नीतियों को किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि किसान अपनी उपज का सही दाम चाहता है। सरकार उसे देने को तैयार नहीं है। उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रूपया केंद्र ने माफ किया है, मगर किसान का कर्ज माफ नहीं करती। कांग्रेस सरकार में आई तो किसानों का कर्ज माफ होगा और कानूनी मिनिमम सपोर्ट प्राइस किसानों को मिलेगी।

### राहुल गांधी ने 'आदिवासी' को 'वनवासी' कहने पर पीएम मोदी को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के शहडोल में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में इस वक्त दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। एक तरफ कांग्रेस तो दूसरी तरफ भाजपा-आरएसएस है। हम आपको 'आदिवासी' कहते हैं और पीएम मोदी आपको 'वनवासी' कहते हैं। राहुल गांधी ने मंच से कहा कि आदिवासी मतलब देश के पहले मालिक, आपका जल, जंगल और जमीन पर पहला हक है। जबकि, वनवासी का मतलब जो लोग जंगल में रहते हैं, उनका न जमीन, न जंगल, न जल पर हक है। जिनके पास कोई अधिकार नहीं है। हमारे लिए आप आदिवासी हो। इस देश के पहले मालिक हो। आपका गौरव भरा इतिहास रहा है। वनवासी शब्द आपकी भाषाई अस्मिता, रहन-सहन, वेशभूषा को मिलाने की कोशिश है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के सीधी पेशाब कांड का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा नेता आदिवासियों को अपमानित करने का काम करते हैं।

### स्मृति ईरानी का बड़ा आरोप, कहा

## चुनाव जीतने के लिए राहुल ले रहे हैं आतंकी संगठनों की मदद



**एजेंसी। रायबरेली**

रायबरेली पहुंची केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आतंकी संगठन का सहयोगी बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी चुनाव जीतने के लिए आतंकी संगठनों का सहारा ले रहे हैं, जो हिंदुओं के कत्ल की सूची बना रहे हैं। स्मृति ईरानी ने आगे कहा, कांग्रेस के नेताओं ने आगे आकर खुद ही इस बात को जाहिर किया है कि पार्टी में अंदरुनी कलह है। कांग्रेस में एक खेमा ऐसा है जो चाहता है कि राहुल गांधी को नेतृत्व से मुक्त किया जाए और एक महिला को कांग्रेस की कमान सौंपी जाए। मैं उस खेमे को आश्वस्त करना चाहती हूं कि आप राहुल को एक बार फिर से अमेठी में हारते हुए देखेंगे। स्मृति ने आगे कहा, अमेठी राहुल के खिलाफ अपने सम्मान की लड़ाई लड़ेगा। अमेठी अपने संरक्षण की लड़ाई लड़ेगा राहुल के खिलाफ। उन्होंने आगे राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिसने अमेठी को त्याग दिया और त्यागने के बाद भी उसे अपमानित किया, जिस अमेठी में नरेंद्र मोदी ने विकास किया, अमेठी उस नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद देगा और जिसने अमेठी को त्याग दिया, वो अमेठी में कभी फल फूल नहीं पाएगा।

## पीएम पूरे देश को जेल में बदल दें, तब भी डरने वाली नहीं : ममता बनर्जी

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे संसद भवन को जेल में बदल दें तब भी वह डरने वाली नहीं हैं। लोकसभा चुनाव के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की प्रधानमंत्री की हालिया चेतावनी का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के बयान सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए दिए गए थे।

बनर्जी ने बांकुरा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, आप किसे धमकाने की कोशिश कर रहे हैं? हम डरे हुए नहीं हैं। प्रधानमंत्री 4 जून के बाद सभी को सलाखों के पीछे भेजने की धमकी दे रहे हैं। क्या ऐसे बयान प्रधानमंत्री को शोभा देते हैं? क्या वह संसद भवन को जेल में तब्दील करना चाहते हैं? पहले से ही केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करके पूरे देश को एक आभासी जेल में तब्दील किया जा रहा है। आप जो कर सकते हैं, कर लें। लेकिन हमें धमकी मत दीजिए।"



उल्लेखनीय है कि 2019 में बांकुरा जिले की दोनों लोकसभा सीटों पर तृणमूल उम्मीदवार भाजपा प्रत्याशियों से हार गये थे।

मुख्यमंत्री ने मौजूदा भाजपा सांसद सौमित्र खान के खिलाफ तीखा व्यक्तिगत हमला किया, जिन्हें बांकुरा जिले के दो लोकसभा क्षेत्रों में से एक, बिष्णुपुर से फिर से टिकट दिया गया है। तृणमूल ने खान की अलग हो चुकी पत्नी सुजाता मंडल खान को मैदान में उतारा है।

मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे नहीं पता कि तलाक अंततः हुआ है या नहीं। इस बार उनकी पत्नी यहां से उम्मीदवार हैं। अगर मैं उनकी कुछ तस्वीरें सार्वजनिक कर दूं, तो बिष्णुपुर के लोग समझ जाएंगे कि किस तरह के लोग भाजपा में आ रहे हैं। मेरे पास सभी तस्वीरें हैं।

## भूपतिनगर विस्फोट : एनआईए लंबे समय से कर रही तृणमूल के 8 नेताओं की निगरानी

**एजेंसी। कोलकाता**

दिसंबर 2022 में पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में हुए विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार दो लोगों सहित तृणमूल कांग्रेस के आठ नेता लंबे समय से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच के दायरे में हैं। विस्फोट में तीन लोग मारे गए थे। इन आठ में से, एनआईए ने तृणमूल कांग्रेस के क्षेत्र अध्यक्ष बलाई चरण मैती और बूथ अध्यक्ष मोनोब्रत जना को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा पूर्वी मिदनापुर जिले के सार्वजनिक निर्माण के कार्यकारी अधिकारी मनब कुमार परुआ और उनके दो सहयोगियों सुबीर मैती और नोबो कुमार पांडा को भी एनआईए ने नोटिस जारी किया है। उन्हें सोमवार को केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के तीन अन्य स्थानीय नेता उत्तम मैती, मिलन बर्मन और शिबोप्रसाद गायेन भी एजेंसी के निशाने पर हैं।

सूत्रों ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद



जून 2023 से मामले की जांच कर रही एजेंसी ने पूछताछ के लिए इन आठ नेताओं को समन जारी किया, लेकिन सभी ने समन को नजरअंदाज कर दिया।

शनिवार को एनआईए ने भूपतिनगर इलाके के नरूआबिला गांव में छापेमारी कर बलाई चरण मैती और मोनोब्रता जाना को गिरफ्तार किया।

उन्हें गिरफ्तार कर वापस लौटते समय ग्रामीणों के एक समूह ने एनआईए के अधिकारियों पर हमला कर दिया। हमले में एक अधिकारी को मामूली चोटें आईं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि एनआईए जानबूझकर क्षेत्र में हमारे मुख्य बूथ एजेंटों को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे बूथ एजेंटों को गिरफ्तार किया जाता है, तो हम उनके परिवार के सदस्यों को बूथ एजेंट बनाएंगे।

# भारत ने एलएसी पर तैनात की रूसी एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों की पहली खेप

### रूस से 100 मिसाइलों के साथ 24 इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम मिले

### कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइलें 6 किमी. तक हवाई लक्ष्य भेदने में सक्षम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने चीन की सीमा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिया है। पहली इकाई में 24 लॉन्चर और 100 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलें हैं, जो हाल ही में रूस से पहली खेप के रूम में भारत को मिली हैं। कंधे पर रखकर दागी जाने वाली यह मिसाइलें 6 किमी. तक हवाई लक्ष्य को भेदने में सक्षम हैं। यानी अब भारत बहुत नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम होगा।

सेना की मौजूदा जरूरतों को पूरा करने के लिए इग्ला-एस का ऑर्डर पिछले साल दिया गया था। 6 किमी. तक की बेहतर मारक क्षमता के साथ इग्ला-एस पुराने सिस्टम के मुकाबले ज्यादा प्रभावी है। कंधे पर रखकर सतह से हवा में मार करने वाली यह मिसाइल प्रणाली उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में दुश्मन के विमान, ड्रोन और मिसाइलों को कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए काफी है। इग्ला-एस एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का वजन 10.8 किलोग्राम, जबकि पूरे सिस्टम का वजन 18 किलोग्राम है। मिसाइल के आगे 1.17 किलोग्राम वजन का विस्फोटक लगाया जाता है और यह अधिकतम 11 हजार फीट तक जा सकती है।



सेना ने 2021 में आपातकालीन खरीद के हिस्से के रूप में इग्ला-एस के 24 लॉन्चर और 216 मिसाइलों का ऑर्डर रूस की कंपनी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट को दिया था। भारतीय सेना की बहुत कम दूरी की वायु रक्षा (वीएसएचओआरएडी) क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इस प्रणाली की खरीद की गई थी। भारतीय सेना को इसी सौदे की पहली खेप के रूप में 100 मिसाइलों के साथ 24 इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम मिले हैं, जिसमें बाकी को भारत में बनाया जाएगा। भारत को रूस से मिली इग्ला-एस वायु रक्षा प्रणाली की नई खेप को एलएसी पर तैनात किया गया है। हालांकि, भारत के पास पहले से ही स्वदेशी आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एसएएम) प्रणालियां, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) हैं। अब रूस से इग्ला-एस वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस (वीएसएचओआरएडी) मिलने से भारत बहुत ही नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम होगा। शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस एंटी-एयरक्राफ्ट हथियारों और रणनीति का एक समूह है, जो कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों, मुख्य रूप से हेलीकॉप्टर और कम-उड़ान वाले क्लोज एयर सपोर्ट एयरक्राफ्ट की रक्षा करता है।

### आयोग ने डीएमके के वेल्लोर लोस उम्मीदवार के रिश्तेदार के घर से पैसे जब्त किए

**चेन्नई।** निर्वाचन आयोग के फ्लाइंग स्क्वायड ने रविवार देर रात वेल्लोर लोक सभा सीट से डीएमके प्रत्याशी कथिर आनंद के रिश्तेदार के घर से 7.5 लाख रुपए जब्त किए। फ्लाइंग स्क्वायड ने नटराजन के निवास स्थान से ये पैसे जब्त किए हैं, जो कि डीएमके स्टेट सेक्रेटरी और तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री एस दुरईमुरुगन के रिश्तेदार हैं। सूत्रों के मुताबिक, निर्वाचन आयोग के फ्लाइंग स्क्वायड को नटराजन के घर से ही ये पैसे मिले हैं। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कथिर आनंद के रिश्तेदार के यहां से निर्वाचन आयोग ने 12 करोड़ रुपए जब्त किए थे। इसके बाद राष्ट्रपति ने इस चुनाव को निरस्त कर दिया था। इसके बाद चुनाव दोबारा अगस्त माह में कराया गया था और कथिर आनंद 8 हजार मतों से यह सीट जीतने में सफल रहे। एस दुरईमुरुगन दिवंगत द्रमुक नेता करुणानिधि के करीबी थे। अब उनके बेटे और वर्तमान मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के करीबी हैं।

### पाकिस्तान की सत्र अदालत का दुर्लभ फैसला

## एक व्यक्ति को 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई

**एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान के कराची में एक सेशन कोर्ट ने एक दुर्लभ सजा सुनाते हुए एक व्यक्ति को 80 कोड़े मारने का आदेश दिया है। अदालत ने उस व्यक्ति को अपनी पत्नी पर व्यभिचार का झूठा आरोप लगाकर अपनी बेटी को अपनाने से इनकार करने का दोषी पाया था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मालिर शेहनाज बोह्यो ने आरोपी फरीद कादिर को कम से कम 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई। आदेश में कहा गया है, जो कोई भी कजफ के लिए उत्तरदायी होगा, उसे 80 कोड़े मारने की सजा दी जाएगी। अदालत ने यह भी फैसला सुनाया कि दोषसिद्धि के बाद फरीद कादिर द्वारा प्रदान किए गए साक्ष्य किसी भी अदालत में स्वीकार्य नहीं होंगे। मामले के विवरण के अनुसार, फरीद कादिर (दोषी) की पूर्व पत्नी ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उसकी शादी फरवरी 2015 में हुई थी और वह कम से कम एक महीने तक फरीद के साथ रही थी। दिसंबर 2015 में फरीद की पत्नी ने एक बच्ची को



जन्म दिया। फरीद की पूर्व पत्नी ने कहा, मेरे पति (फरीद) भरण-पोषण देने या मुझे और हमारी नवजात बेटी को अपने घर वापस ले जाने में भी विफल रहे। मैंने पारिवारिक न्यायालय में मामला दायर किया और मेरे पक्ष में डिक्री प्राप्त हुई। अदालत ने फरीद को अपनी बेटी और मेरे (फरीद की पूर्व पत्नी) के भरण-पोषण की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।' लेकिन मेरे पति ने कार्यवाही के दौरान अदालत में दो आवेदन प्रस्तुत किए, जिसमें बच्ची के लिए डीएनए परीक्षण और अपनी बेटी को अस्वीकार करने की मांग की गई। ये आवेदन बाद में फरीद द्वारा वापस ले लिए गए। दूसरी ओर, आरोपी फरीद ने अपनी पूर्व पत्नी द्वारा लगाए गए आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उसकी पत्नी ने उसके साथ केवल छह घंटे बिताए थे।

### पाक : बम विस्फोट में दो लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आतंकवाद प्रभावित बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार शहर में रविवार देर शाम हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी। डॉन समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, यह विस्फोट खुजदार के व्यस्त शॉपिंग इलाके के उमर फारूक चौक पर हुआ। विस्फोट के समय महिला और बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग ईद की खरीदारी में व्यस्त थे। विस्फोट में दो लोग मारे गए हैं और पांच अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने एक मोटरसाइकिल में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) लगा कर उसे उमर फारूक चौक पर खड़ा कर दिया था। विस्फोट रिमोट कंट्रोल से किया गया।